सूर्योदय 5:17 सूर्यास्त 7:24

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 26 अधि |
| धर्मशाला | 26 न्यू | 32 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,188.99 |
| निफ्टी | 25,003.05 |
| सोना 97145 | चांदी 105285 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान


विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने 7वीं बार जीता नॉर्वे शतरंज का खिताब

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 8 जून 2025 | 26 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 160, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### कश्मीर के लिए दौड़ी पहली रेलगाड़ी



**एजेंसी, कटरा।** कश्मीर को देश के बाकी हिस्से से जोड़ने वाली पहली ट्रेन शनिवार सुबह 8:10 बजे कटरा स्टेशन से रवाना हुई। कटरा-श्रीनगर वंदे भारत सुबह 10:05 बजे बनिहाल स्टेशन पहुंची। तीन घंटे के सफर के बाद 11:02 बजे श्रीनगर स्टेशन पहुंच गई। पूरे सफर में पैसेंजर उत्साहित रहे। वाराणसी के एक परिवार ने बच्चे का छठा जन्मदिन ट्रेन में मनाया। परिवार ने बताया, 'खबरों में ट्रेन के बारे में सुन रहे थे। बच्चे का जन्मदिन यादगार बनाने के लिए टिकट बुक की और दुनिया के सबसे ऊंचे ब्रिज से ट्रेन के गुजरते समय केक काटा।' (अनंत ज्ञान)

### बीजापुर में दो और नक्सली किए ढेर

**एजेंसी, बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर के नेशनल पार्क में चल रहे ऑपरेशन के तीसरे दिन शनिवार को 2 और नक्सली ढेर किए गए हैं। ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए हैं। पिछले 2 दिनों में इसी ऑपरेशन के दौरान एक करोड़ का इनामी नक्सली सुधाकर और 25 लाख का इनामी भास्कर भी मारा जा चुका है। इस ऑपरेशन में अब तक 2 टॉप कमांडर समेत 4 नक्सली ढेर किए जा चुके हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। दोनों ओर से गोलीबारी हो रही है। शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने 45 लाख रुपए के इनामी नक्सली भास्कर (45 साल) को मार गिराया। दोनों तरफ से भारी गोलीबारी हुई। जवानों ने भास्कर के शव के साथ ही ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए हैं। मुठभेड़ इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में हुई। (अनंत ज्ञान)

### हेलिकॉप्टर की रोड पर इमरजेंसी लैंडिंग

**एजेंसी, रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में तकनीकी खराबी के कारण सड़क पर हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। इस दौरान हेलिकॉप्टर के पीछे का हिस्सा कार पर गिरकर टूट गया। इसमें कार भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि हेलिकॉप्टर के पंखे से हाईवे किनारे बनी दुकान की टीन शेड भी उड़ गई। इस दौरान दुकान में बैठे लोगों ने भागकर जान बचाई। हेलिकॉप्टर ने बडासू हेलिपैड से केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी, जिसमें पायलट समेत 6 यात्री सवार थे। हादसे में पायलट को हल्की चोटें आई हैं। इसके अलावा अन्य यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। इसके बाद पायलट को नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- लंबलू-कैहरवीं सड़क का जल्द होगा पूरा काम -पेज 2
- क्या कांग्रेस और पाक के बीच जुड़े हैं तार: अनुराग ठाकुर -पेज 3
- परिजनों से बिछड़े बच्चे के लिए फरिश्ता बने सीएम सुक्खू -पेज 6
- हिम ईरा शॉप से गांव की बेटियां, महिलाएं बन रहीं उद्यमी -पेज 9
- लोगों ने 13 को विशाल धरना-प्रदर्शन की दी चेतावनी -पेज 11


### नौणी में उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले–हिमाचल प्रदेश देवभूमि ही नहीं, बल्कि वीरभूमि भी

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने देश को दिया नया आयाम

**आर. मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन (नौणी) में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने देश को नया आयाम दिया है। देश की सेना ने दुश्मन के आतंकी ठिकानों को आकाश और ब्रह्मोस से तबाह कर दिया।

यह पहला मौका है, जब कोई सबूत नहीं मांग रहा। सबूत दिया तो दुश्मन को अपनी करारी हार व ताबूत के साथ आतंकी दिखे, वर्दी में सेना दिखी और नेता दिखे और जनाजा कब्रिस्तान गया। यह भारतीय सेना का गौरव है। हम दुनिया में शांति के दूत हैं। हजारों सालों से हमने किसी की जमीन पर आक्रमण नहीं किया, पर अपनी पहचान को सुरक्षित करना हमारा धर्म है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हिमाचल देवभूमि ही नहीं वीरभूमि भी है। जनसंख्या के आधार पर देवभूमि हिमाचल के वीर सपूतों को सर्वोच्च बलिदान के लिए अलंकृत किया है। प्रदेश के वीर जवानों ने सर्वोच्च बलिदान देकर कारगिल युद्ध में दुश्मन को लोहे के चने चबाने को मजबूर किया था। उन्होंने माता शूलिनी देवी का जिक्र करते हुए कहा कि हिमाचल प्रकृति की गोद में स्वर्ग के समान है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना पर उपराष्ट्रपति ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से अनुरोध किया कि वर्तमान में मिलने वाली 6,000 रुपए की राशि में मुद्रास्फीति के अनुपात में वृद्धि की जानी चाहिए।

**कहा, यह पहला मौका, जब कोई भी सबूत नहीं मांग रहा**


उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत करते नौणी विवि के वीसी प्रो. राजेश्वर चंदेल।

### अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का समय

**उपराष्ट्रपति** ने कहा कि आजकल जब हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की चर्चा करते हैं, तो युवा पीढ़ी भाग्यशाली हैं, क्योंकि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से आर्टिफिशियल एग्रीकल्चर की यात्रा कर सकते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आर्टिफिशियल एग्रीकल्चर का वह माध्यम है, जो ग्रामीण व्यवस्था के अंदर क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। उपराष्ट्रपति ने स्पष्ट रूप से कहा कि विकसित भारत का रास्ता एक ही तरीके से जाएगा किसान के खेत से और वह तभी होगा, जब किसान का आप हाथ पकड़ेंगे। उन्होंने किसानों को केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि भाग्य विधाता बताया। उन्होंने कहा कि यदि फर्टिलाइजर सब्सिडी सीधे किसानों को मिले, तो किसान तय करेगा कि मैं फर्टिलाइजर की खरीद करूं या पशुधन के गोबर की खाद का उपयोग करूं।

# डबल इंजन सरकार ने किया था हिमाचल का बेड़ा गर्क : सुक्खू

### हमने शपथ लेते ही लिया था भ्रष्ट व्यवस्था की कमर तोड़ने का संकल्प

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गगरेट दौरे के दौरान शनिवार को क्षेत्रवासियों को करोड़ों रुपए की सौगातें दीं और भाजपा की पूर्व डबल इंजन सरकार पर जमकर प्रहार किया। मुख्यमंत्री ने गगरेट के विधायक राकेश कालिया की सभी जायज मांगों को पूरा करने की घोषणा करते हुए उन्हें पूरा दुलार दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति का बेड़ा गर्क कर दिया। हमारी सरकार आर्थिक स्थिति को पटरी पर लाने के लिए दिन-रात काम कर रही है, लेकिन भाजपा ने फिर से सत्ता में आने के लिए चुनाव से छह महीने पहले जो 5000 करोड़ रुपए की रेवड़ियां बांटी, उनकी भरपाई करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा, 'मैंने सरकार बनने पर मुख्यमंत्री की शपथ लेते ही भ्रष्ट व्यवस्था की कमर तोड़ने का संकल्प लिया और बीते अढ़ाई साल में उसमें कामयाब भी रहे हैं।



भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद कर हमने अब तक तीन हजार करोड़ रुपए से अधिक का अतिरिक्त राजस्व कमाया है। इस राशि को हम जनहित की योजनाएं लागू कर जनता में बांट रहे हैं।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि उपचुनाव के दौरान मैंने गगरेट की जनता से अपील की थी कि राकेश कालिया को विधायक बनाइए, क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। मां चिंतपूर्णी के आशीर्वाद से कांग्रेस के टिकट पर राकेश कालिया फिर से विधायक चुने गए हैं।

### मां चिंतपूर्णी व जनआशीर्वाद से जीते कालिया

**मुख्यमंत्री** ने कालिया की तारीफ करते हुए कहा कि उनका पूरा ध्यान विधानसभा क्षेत्र के कामों को करवाने पर रहता है। उन्हें किसी पद की लालसा नहीं है। कालिया और मैं 4-4 बार के विधायक हैं। मैं मुख्यमंत्री बन गया और मुकेश अग्निहोत्री उपमुख्यमंत्री। हम तीनों पहली बार एक साथ ही विधायक बने थे। बीते विधानसभा चुनाव में राजनीतिक षड्यंत्र के तहत राकेश कालिया का टिकट कट गया था, लेकिन मां चिंतपूर्णी का उन पर पूरा आशीर्वाद था। गगरेट की जनता ने जिसे बीते चुनाव में चुनकर भेजा था, वह राजनीतिक मंडी में बिक गया, जिससे यहां उपचुनाव हुआ और राकेश कालिया मां चिंतपूर्णी व जनआशीर्वाद से विधायक बने।

### पांच गुटों में बंटी है प्रदेश भाजपा

**सीएम** ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने करोड़ों रुपए का टैक्स भरने वालों को भी मुफ्त बिजली-पानी की रेवड़ियां बांटी, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचा। हमने गरीबों के लिए 125 यूनिट बिजली फ्री रखी है। भाजपा इस समय प्रदेश में 5 गुटों में बंटी हुई है। उसके नेताओं में अपनी डफली, अपना राग वाली स्थिति है। मुख्यमंत्री ने शनिवार सुबह अंदौरा में विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन किए। इस बीच वह रविवार का अपना दौरा रद्द कर शिमला वापस लौट गए हैं।

# सोनिया गांधी का ब्लड प्रेशर बढ़ा अस्पताल से इलाज के बाद लौटीं

### 5 दिन पहले प्रियंका के फार्म हाउस पर आई हैं छुट्टियां बिताने

**अनंत ज्ञान, शिमला**



कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का शनिवार को अचानक ब्लड प्रेशर बढ़ गया। इलाज के लिए उन्हें शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) अस्पताल में लाया गया। यहां डॉक्टरों की टीम ने उनकी जांच की। सीनियर मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. राहुल राव ने कहा, 'सोनिया गांधी रूटीन जांच के लिए आई थीं। स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की टीम ने उनके जरूरी टेस्ट किए। जांच के बाद वह अस्पताल से लौट गईं।'

उधर, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रिंसिपल मीडिया एडवाइजर नरेश चौहान ने कहा, सोनिया गांधी को कुछ मामूली स्वास्थ्य समस्याओं के कारण रूटीन जांच के लिए अस्पताल में लाया गया। उनकी हालत स्थिर है। सोनिया गांधी पांच दिन पहले 2 जून को ही शिमला आई थीं। वह यहां छराबड़ा में फार्म हाउस पर ठहरी हुई हैं। वहीं, उनकी बेटी प्रियंका गांधी उनसे 2 हफ्ते पहले ही यहां आ गई थीं। इसी बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू अपना दो दिवसीय ऊना दौरा बीच में ही छोड़कर शिमला रवाना हो गए थे।

### एक्टर डिनो मोरिया को ईडी का समन



**एजेंसी, मुंबई।** मीठी नदी घोटाले में ईडी ने एक्टर डिनो मोरिया को समन भेजा है। ईडी ने डिनो मोरिया और उनके भाई समेत आठ लोगों को समन भेजकर अगले हफ्ते एजेंसी के सामने पेश होने के लिए बुलाया है। ये लोग अलग-अलग दिन अपने बयान दर्ज कराएंगे। डिनो मोरिया को अगले हफ्ते एजेंसी के सामने पेश होने के लिए बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। शुक्रवार को अभिनेता के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी। (अनंत ज्ञान)

# एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला 10 को अंतरिक्ष की यात्रा पर होंगे रवाना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। 41 साल बाद एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 10 जून को एक्सिओम स्पेस के एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा पर रवाना होंगे। यह मिशन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और प्राइवेट कंपनी स्पेसएक्स की साझेदारी में किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



### लॉन्चिंग का स्थान

**एक्सिओम-4** मिशन की लॉन्चिंग अमेरिका के फ्लोरिडा में मौजूद नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से 10 जून को होगी। अंतरिक्ष यान को स्पेसएक्स के फॉल्कन 9 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया जाएगा। 11 जून को रात 10 बजे अंतरिक्ष यान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ेगा। शुभांशु शुक्ला के साथ मिशन कमांडर और अंतरिक्ष में 600 से अधिक दिन बिता चुकी अनुभवी अंतरिक्ष यात्री अमेरिका की पेगी व्हिटसन, हंगरी के तिबोर कापू पोलैंड के स्लावोस वुजनांस्की-विस्नेव्स्की और यूरोपीय स्पेस एजेंसी के वैज्ञानिक शामिल होंगे।

# हिमाचल 'एप्पल बास्केट' फिर सुर्खियों में

### सेब उत्पादकों में तुर्किये व अन्य देशों से आयातित सेबों को लेकर चिंताएं और आक्रोश

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**



**अनंत ज्ञान विशेष**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश का 'एप्पल बास्केट' एक बार फिर सुर्खियों में है। आगामी सेब सीजन की दस्तक के साथ ही राज्य के सेब उत्पादक जहां बेहतर फसल की उम्मीद कर रहे हैं, वहीं तुर्किये और अन्य देशों से आयातित सेबों को लेकर उनकी चिंताएं और आक्रोश अपने चरम पर है। हालांकि, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित विपक्षी पार्टी भाजपा ने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य केंद्रीय मंत्रियों से तुर्किये से सेब के आयात पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा दिया है। हिमाचल के सेब उत्पादकों का आरोप है कि तुर्किये, अमेरिका और अन्य देशों से बड़ी मात्रा में आ रहे सेब स्थानीय बाजार में उनकी उपज का मूल्य घटा रहे हैं। बागवानों की दलील है कि तुर्किये का पाकिस्तान के प्रति नरम रुख और समर्थन, उसके उत्पादों के बहिष्कार का पर्याप्त कारण है।

मुख्यमंत्री ने इस संबंध में प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर तत्काल प्रभाव से तुर्किये से सेब के आयात पर रोक लगाने का आग्रह किया है। इसके साथ ही, सेब उत्पादक संघों ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से भी मुलाकात कर इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की अपील की है। बागवानी विभाग के अनुसार, इस बार 2.91 करोड़ पेटी से अधिक सेब उत्पादन की उम्मीद है, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 2.11 करोड़ पेटी से कुछ अधिक था। हालांकि, कुछ इलाकों में अनियमित मौसम और जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पादन में कमी भी देखी जा रही है।

### बागवानी मंत्री ने 12 जून को बुलाई बैठक

**बागवानी** मंत्री ने सेब सीजन की तैयारियों को लेकर 12 जून को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में पिछले साल लागू किए गए यूनिवर्सल कार्टन के अनुभवों पर गहन चर्चा होगी। बैठक में इसके सुधार और आगामी सीजन में इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार किया जाएगा।

### केंद्र के रुख पर नजर

**हिमाचल** के सेब उद्योग के सामने खड़ी चुनौतियों का समाधान राज्य और केंद्र सरकार दोनों के लिए प्राथमिकता होनी चाहिए। ऐसे में देखना होगा कि आने वाले दिनों में तुर्किये सेब पर प्रतिबंध और सेब उत्पादकों की अन्य मांगों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार का क्या रुख रहता है।

# जीवन और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाती हैं प्राकृतिक आपदाएं : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'आपदा रोधी अवसंरचना 2025' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'यह सम्मेलन पहली बार यूरोप में हो रहा है। मैं फ्रांस के राष्ट्रपति और फ्रांस की सरकार को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। साथ ही मैं आगामी संयुक्त राष्ट्र समुद्री सम्मेलन के लिए भी अपनी शुभकामनाएं देता हूं।' पीएम मोदी ने कहा कि तटीय इलाके और द्वीप प्राकृतिक आपदा के लिए बेहद संवेदनशील हैं। दुनियाभर में हाल के दिनों में टाइफून और चक्रवाती तूफान आए हैं। इनमें भारत और बांग्लादेश के चक्रवाती तूफान, कैरेबियाई देशों में तूफान, दक्षिण पूर्व एशिया में आया टाइफून यागी, अमेरिका में आया तूफान हेलेन और फिलीपिंस और पेराग्वे के चक्रवाती तूफान शामिल हैं। प्राकृतिक आपदाएं जीवन और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाती हैं। (अनंत ज्ञान)

**पीएम ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'आपदा रोधी अवसंरचना 2025' को किया संबोधित**

### छोटे समुद्री देशों पर ध्यान देने की जरूरत

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि अफ्रीकी संघ भी आपदा रोधी अवसंरचना सम्मेलन में शामिल हुआ है। हमें ऐसे कार्यक्रम डिजाइन करने चाहिए, जिन पर कार्रवाई हो सके और ये विकासशील देशों को वित्तीय मदद मिलना सुनिश्चित हो सकें। छोटे समुद्री देशों पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। चेतावनी सिस्टम को मजबूत करने और समन्वय स्थापित करना अहम है। इससे समय पर फैसले लेने में मदद मिलेगी। मुझे उम्मीद है कि सम्मेलन में इस मुद्दे पर भी चर्चा होगी।

# आतंक के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस पॉलिसी को समझें सहयोगी : जयशंकर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शनिवार को नई दिल्ली में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी से मुलाकात की। बैठक के दौरान डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति है और हम उम्मीद करते हैं कि हमारे सहयोगी इस बात को समझें। भारतीय विदेश मंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने और आतंकवाद के खिलाफ समर्थन के लिए भी ब्रिटिश सरकार को धन्यवाद दिया।

ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के दौरे में दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की जाएगी। एस. जयशंकर ने कहा कि हम आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हैं और उम्मीद करते हैं कि हमारे सहयोगी देश इसे समझेंगे। हम कभी भी बुराई करने वालों को उनके पीड़ितों के बराबर नहीं रखेंगे। जयशंकर ने हाल ही में अंतिम रूप दिए गए भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को असल मायनों में एक मील का पत्थर बताया। भारत ने बैठक के दौरान भी पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा उठाया। (अनंत ज्ञान)

### ब्रिटेन ने किया था संघर्ष विराम समझौते का समर्थन

**ब्रिटेन** उन देशों में शामिल था, जो पिछले महीने अपने सैन्य संघर्ष के दौरान अपने तनाव को कम करने के प्रयास में भारत और पाकिस्तान दोनों के संपर्क में थे। लैमी ने 16 मई से इस्लामाबाद की दो दिवसीय यात्रा की, जिसके दौरान उन्होंने सैन्य कार्रवाइयों को रोकने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्ष विराम समझौते का स्वागत किया। भारत दौरे से पहले डेविड लैमी ने पाकिस्तान का भी दो दिवसीय दौरा किया और उन्होंने भारत पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्षविराम को जारी रखने की अपील की थी।

**गुड न्यूज**

### 11 साल में 27 करोड़ भारतीय अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले : वर्ल्ड बैंक

# भारत में 27.1 से घटकर 5.3 % रह गई एक्स्ट्रीम पॉवर्टी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत में 11 साल में 269 मिलियन यानी करीब 27 करोड़ लोग एक्स्ट्रीम पॉवर्टी यानी अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले हैं। यह बात वर्ल्ड बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में कही है। विश्व बैंक के लेटेस्ट आंकड़ों के मुताबिक, एक्स्ट्रीम पॉवर्टी रेट 2011-12 में 27.1 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में केवल 5.3 प्रतिशत रह गई है।

वहीं, 11 साल में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 344.47 मिलियन (34.44 करोड़) से घटकर 75.24 मिलियन (7.52 करोड़) रह गई है। इस हिसाब से देखा जाए, तो 269 मिलियन यानी करीब 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया। भारत ने मल्टीडाइमेंशनल पॉवर्टी यानी बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी बड़ी कामयाबी हासिल की है। यह प्रोग्रेस पिछले दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लिडरशिप में पॉलिसी इनिशिएटिव और इकोनॉमिक रिफॉर्म्स के चलते देखने को मिली है। आंकड़ों के अनुसार, पांच राज्यों- उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में 2011-12 में देश के 65 प्रतिशत अत्यंत गरीब लोग थे। अब इन पांज राज्यों ने ही 2022-23 तक राष्ट्रीय गरीबी में कमी में दो-तिहाई का योगदान दिया है। (अनंत ज्ञान)

**केंद्र सरकार के आर्थिक सुधारों के सामने आए बेहतर परिणाम**



### शहरों में अब सिर्फ 1.1 फीसदी अत्यधिक गरीब

**विश्व** बैंक ने गरीबी का आकलन 3.00 डॉलर प्रति दिन (2021 की कीमतों) की इंटरनेशनल पॉवर्टी लाइन के अनुसार किया है। इस अवधि में शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 10.7 प्रतिशत से घटकर 1.1 प्रतिशत पर आ गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 18.4 प्रतिशत से घटकर 2.8 प्रतिशत हो गई। इस सीमा से नीचे रहने वाले भारतीयों की संख्या 2011 के 205.93 मिलियन (20.59 करोड़) से घटकर 2022 में 33.66 मिलियन (3.36 करोड़) हो गई है। वहीं, 2.15 डॉलर प्रति दिन (2017 की कीमतों) के पहले के बेंचमार्क के हिसाब से देखा जाए, तो गरीबी दर 2011-12 में 16.2 प्रतिशत से घटकर 2022 में सिर्फ 2.3 प्रतिशत रह गई है।

### गरीबी मुक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा कि यह उपलब्धि भारत को गरीबी मुक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह उपलब्धि सरकार की गरीबों के लिए चलाई गई पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जनधन योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का परिणाम है। सरकार की इन पहलों से हाउसिंग, क्लीन कुकिंग फ्यूल, बैंकिंग सर्विसेज और हेल्थकेयर तक लोगों की पहुंच में विस्तार हुआ है। मोदी ने कहा कि बीते 11 सालों में केंद्र सरकार ने कई योजनाएं शुरू कीं, जिनका सीधा लाभ गरीबों को मिला है। इसके अलावा डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, डिजिटल सर्विसेज और ग्रामीण विकास से जुड़े कामों ने भी गरीबों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया। प्रधानमंत्री ने बताया कि इन सभी प्रयासों से 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकल पाए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### त्रिशा कॉलेज का परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन का बीएड प्रथम सत्र तथा तृतीय सत्र का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत घोषित हुआ, जिसमें बीएड प्रथम सेमेस्टर की सोनल ठाकुर ने 82.5 प्रतिशत पर प्रथम स्थान, श्रुतिका शर्मा ने 82 प्रतिशत पर द्वितीय स्थान तथा रितिका शर्मा ने 80.8 प्रतिशत पर तृतीय स्थान हासिल किया। बीएड तृतीय सत्र में सिमरन ने 89.71 प्रतिशत पर प्रथम स्थान, अक्षिता ठाकुर और प्रिया कानूनगो ने 89.42 प्रतिशत पर द्वितीय स्थान तथा वैशाली कालिया ने 89.14 पर तीसरा स्थान हासिल किया। त्रिशा कॉलेज ऑफ एजूकेशन के अध्यक्ष एनके शर्मा ने प्रशिक्षु अध्यापकों को शुभकामनाएं दीं। कॉलेज कार्यकारी प्राचार्या पूनम भारद्वाज तथा अध्यापक वर्ग ने प्रशिक्षु वर्ग को शत-प्रतिशत परिणाम के लिए शुभकामनाएं दीं।

### पेंशनर्स की समस्याओं पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ नादौन खंड इकाई की मासिक बैठक कांगू में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा ने की। बैठक में महासचिव जगदीश चंद शर्मा, जिला प्रधान केसी गौतम, सलाहकार अवनीश कुमार, बलदेव सिंह पटियाल, अमरनाथ शर्मा, ब्रह्मदास, सुख देव शर्मा, धर्म चंद, दिले राम, धनी राम, सुखदेव शर्मा, सुरेश कुमार, अमरनाथ शर्मा, किशोर चन्द शर्मा, राज कुमार, मेहर चंद, धर्म चन्द, मथुरा प्रसाद, रांझा राम, सुन्दर राम सहित अन्य पेंशनर उपस्थित रहे। बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों एवं समस्याओं पर चर्चा के दौरान पेंशनरों ने पहली जनवरी, 2016 से जनवरी, 2022 के दौरान सेवानिवृत्त पेंशनरों की पेंशन संशोधन पर ग्रेच्युटी, लीव-एनकैशमेंट, कम्युटेशन आदि की लंबित वकाया राशि का भुगतान न करने व महंगाई भत्ता की किस्तें जारी करने, चिकित्सा बिलों की अदायगी न होने वारे पेंशनरों ने सरकार के प्रति कड़ी नाराजगी जताई गई। इस दौरान खंड प्रधान द्वारा वलदेव सिंह पटियाल को नादौन खंड इकाई का वरिष्ठ उपप्रधान मनोनीत किया गया। बैठक में संघ सदस्य प्रशोत्तम दास व ओंकार चंद के निधन पर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

### किसानों को कृषि परियोजनाओं की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान, नादौन।** किसानों तक खरीफ फसलों की उन्नत तकनीक तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि योजनाओं की जानकारी को पहुंचाने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान 12 जून चलाया जा रहा है, जिससे देश भर में 1.5 करोड़ किसानों से संवाद स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. विशाल और डॉ. नवनीत ने बताया कि हमीरपुर जिले में कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि विभाग तथा आत्मा परियोजना की सहभागिता से इस अभियान के अंतर्गत सभी 6 ब्लॉक में अब तक कार्यक्रम किया जा चुके हैं, जिसमें जिले के लगभग 2,700 किसानों ने भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र की टीम के द्वारा किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों तथा कृषि यूनिवर्सिटी द्वारा किसानों के लिए उपलब्ध प्रसार प्रकाशन के बारे में अवगत करवाया गया ताकि किसान विभिन्न फसलों में वैज्ञानिक विधि से खेती कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें। कृषि विभाग की टीम ने किसानों को केंद्र तथा राज्य सरकार की कृषि परियोजनाओं के बारे में बिताया गया तथा इन परियोजनाओं में लाभ लेने के लिए विधि भी किसानों को बताई गई। आतमा परियोजना के अधिकारियों द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के विषय पर नई जानकारी दी गई तथा प्राकृतिक खेती पर चल चलाए जा रहे नेशनल मिशन के बारे में भी बताया गया। उन्होंने बताया कि खरीफ मौसम में मक्के की फसल के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पंजीकरण 15 जुलाई तक किया जाएगा, जिसमें प्रति कनाल 48 रुपए प्रीमियम राशि देकर किसान फसल बीमा करवा सकते हैं। इसके लिए अपने वह नजदीकी लोक मित्र केंद्र के माध्यम से पंजीकरण किया जा सकता है।

# लंबलू-कैहरवीं सड़क का जल्द होगा पूरा काम

## सड़क पर खतरनाक मोड़ और ब्लैक स्पॉट वाली जगहों पर पहले दिया जा रहा ध्यान

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



लंबलू-कैहरवीं सड़क का सितंबर तक कार्य पूरा होने का लोक निर्माण विभाग ने दावा किया है।

**हमीरपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा सड़कों के विस्तार करने के टेंडर जारी कर दिए हैं। इस योजना के तहत ब्लैक स्पॉट और खतरनाक मोड़ को ठीक कर वहां पर डंगे लगाए जाने हैं। इसी प्रकार हमीरपुर से बस्सी तरकवाड़ी का भी विस्तारीकरण किया जा रहा है। गौरतलब है लोक निर्माण विभाग ने एक वर्ष पहले इस का टेंडर अवार्ड किया था। इसके तहत तंग जगह को चौड़ा करना, तंग मोड़ जहां पर अकसर दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है, उसे चौड़ा करना। इसके अलावा सड़क पर कई जगहों पर ऐसे स्पॉट भी थे, जहां पर जंप काफी बड़े थे, उन्हें भी ठीक करना था।

बता दें कि लोक निर्माण विभाग ने इस सड़क का काम सितंबर 2024 में शुरू किया था। एक साल पूरा होने को है, लेकिन अभी तक सड़क को ठीक नहीं किया गया है। सड़क को चौड़ा करने के जगह-जगह खुदाई करने के बाद मिट्टी के भी सड़क किनारे लगे हुए हैं। सड़क की जगह-जगह की गई खुदाई से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही धूल मिट्टी से लोगों के लिए किसी आफत से कम नहीं है। गौर रहे कि पहले बरोहा के पास, बोहनी, गसोता के पास और फिर लंबलू बाजार में सड़क की खुदाई कर पक्का कर दिया है। अब शनिदेव मंदिर से कुछ दूरी पर खुदाई की जा रही है। इससे पहले बलयूट और सरली के पास लगभग एक साल पहले खुदाई की गई थी, वहां पर अभी भी वाहन चालकों और लोगों को धूल मिट्टी की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मानें तो इस सड़क का कार्य सितंबर माह तक पूरा कर लिया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता साहिल ने बताया कि बरसात को ध्यान में रखते हुए सड़क के काम को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सितंबर माह तक इस सड़क के काम को पूरा करने के समय है । हमारा भी यही प्रयास है इस कार्य को तय समय में पूरा किया जा सके।

# राजेश ने हमीरपुर भाजपा कार्यशाला में जून माह के कार्यक्रमों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर द्वारा 11 वर्ष सुशासन पूर्ण होने के अवसर पर एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश भाजपा सचिव एवं पूर्व गगरेट विधायक राजेश ठाकुर ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर ठाकुर ने जून माह में प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी साझा की।

राकेश ठाकुर ने बताया कि 'विकसित भारत का अमृत काल – सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 11 वर्ष' थीम पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 5 जून से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान प्रारंभ हुआ है, जो 45 दिनों तक चलेगा और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित रहेगा। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंडल स्तर पर योग शिविर आयोजित किए जाएंगे। 23 जून से 6 जुलाई तक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में बूथ स्तर पर कार्यक्रम होंगे और जिला स्तर पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। 25 जून को 50वीं बरसी पर 'काला अध्याय' कार्यक्रम आयोजित कर लोकतंत्र की रक्षा के संकल्प को दोहराया जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व विधायक अनिल धीमान, पूर्व विधायिका कमलेश कुमारी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी, नवीन शर्मा, अजय, रिंटू, देवराज शर्मा, वीरेंद्र ठाकुर, पवन शर्मा, चमन ठाकुर, अनिल परमार, विपिन अग्निहोत्री, होशियार सिंह, विकास शर्मा, दीक्षित गौतम, नीना ठाकुर, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान, नीरू मिश्रा एवं मंडल अध्यक्ष, महामंत्री और बूथ स्तर पर नियुक्त संयोजक एवं सहसंयोजक सहित भाजपा के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। राजेश ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से जून माह के कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया और सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संदेश को सशक्त बनाने पर बल दिया।

# हिमाचल प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता और सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुख सरकार पर जोरदार हमला बोला है। राजेंद्र राणा ने कहा कि जब से देश आजाद हुआ है, तब से लेकर अब तक केंद्र और राज्यों की सरकारें संविधान के दायरे में रहकर काम करती आई हैं, हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने अब संविधान की मर्यादाओं को भी ताक पर रख दिया है।

उन्होंने कहा की ऐसा प्रतीत होता है कि यह सरकार खुद को संविधान से ऊपर मानने लगी है, जो लोकतंत्र के लिए अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। राणा ने आरोप लगाया कि जब से सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी है, हिमाचल प्रदेश की जनता की परेशानियां दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। अपराधियों और माफिया तंत्र के हौसले बुलंद हैं, लेकिन सुक्खू सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। राजेंद्र राणा ने कहा कि कांग्रेस की 10 गारंटियां अब केवल जुमले बनकर रह गई हैं।

कांग्रेस पार्टी सत्ता की लालसा में इस कदर डूबी रही कि अपने ही वादों को खुद ही झूठा साबित कर दिया। राजेंद्र राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आज न कानून बचा है और न ही सरकारी खजाने का कोई पारदर्शी हिसाब, जिसके गंभीर दुष्परिणाम पूरे प्रदेश के लोगों को भुगतने पड़ेंगे।

# उखली बाजार में दुकान में चोरी

**संजीव, अनंत ज्ञान, भोटा।** उखली बाजार में शुक्रवार देर रात एक किराने की दुकान से नकदी और सामान चोर चुरा कर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोर ने दुकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर ने दुकान से 5489 रुपए के सिक्के और ड्राई फ्रूट चुराया है। दुकान के मालिक सुनील कुमार ने शनिवार सुबह चोरी की सूचना पुलिस चौकी भोटा को दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने चोर की शिनाख्त की और उसे उसके घर पर जाकर धर दबोचा। चोर का नाम पवन कुमार पुत्र धनीराम उम्र 50 वर्ष निवासी गांव घनाल डाकघर बरोटी बताया गया है। पुलिस चौकी भोटा के प्रभारी एएसआई निर्मला ठाकुर ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में खाली पदों के लिए आवेदन 25 तक

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

बाल विकास परियोजना टौणी देवी के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों को भरने के लिए 25 जून शाम 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय टौणी देवी में सादे कागज पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

सीडीपीओ कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र चमनेड़-1, आंगनबाड़ी केंद्र कैहडरू-1 और आंगनबाड़ी केंद्र टिक्कर अपर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक-एक पद भरा जाएगा, जबकि आंगनबाड़ी केंद्रचमनेड-1, रोहलवीं पट्टा, घुराड़, पंधेड़, लपोदू, बधानी, दलालड़, करसोह-2, ठाणा टिक्कर, महेशक्काल, दरब्यार, जंडल, बगवाड़ा-1 और जोल दर्जियां में आंगनबाड़ी सहायिका का एक-एक पद भरा जाएगा। सीडीपीओ ने बताया कि आवेदक की आयु 25 जून 2025 तक 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा उसका नाम संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के परिवार सर्वेक्षण रजिस्टर में दर्ज होना चाहिए। आवेदक कम से कम बारहवीं पास हो और सभी संसाधनों से उसके परिवार की वार्षिक आय 50 हजार से अधिक न हो।

आय के संबंध में तहसीलदार या नायब तहसीलदार अथवा कार्यकारी दंडाधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। सीडीपीओ ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया कुल 25 अंकों के आधार पर होगी। इसमें शैक्षणिक योग्यता के लिए अधिकतम 10 अंक, आंगनबाड़ी कर्मचारी, बाल सेविका, बालवाड़ी अध्यापिका, नर्सरी टीचर या उसी पंचायत में कार्यरत सिलाई अध्यापिका और शिशु पालक के रूप में अनुभव के लिए अधिकतम 3 अंक, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता के लिए 2 अंक, एससी, एसटी या ओबीसी के 2 अंक, एकल नारी के लिए 3 अंक, केवल दो बेटियों तक सीमित परिवार से संबंध रखने वाली अविवाहित प्रत्याशी या केवल दो बेटियों की माता होने के लिए 2 अंक तथा साक्षात्कार के लिए 3 अंक निर्धारित किए गए हैं। दस्तावेज सत्यापन, साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के लिए प्रार्थी को 28 जून को सुबह 10 बजे सीडीपीओ कार्यालय टौणी देवी में मूल प्रमाण पत्रों सहित व्यक्तिगत रूप से स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष उपस्थित होना होगा।

इस संबंध में अलग से कोई बुलावा पत्र नहीं भेजा जाएगा। चयन प्रक्रिया संबंधी जानकारी संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र, महिला मंडल, ग्राम पंचायत, ग्राम पंचायत सदस्य तथा खंड विकास समिति के सदस्य के पास भी उपलब्ध रहेगी।

# टूटी सड़क का विधायक रणजीत ने शुरू करवाया काम

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



थाती गांव के लिए सड़क का कार्य शुरू हुआ।

जोल प्लाही पंचायत के गांव थाती की सड़क आपदा के समय से टूटी पड़ी थी। दो बरसातें बीत गईं, लेकिन किसी ने सुध नहीं ली। गांव वालों को आने-जाने में भारी दिक्कत हो रही थी। सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने अब इस सड़क निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर शुरू करवा दिया है, जल्द ही गांव तक सड़क सुविधा पहुंचेगी।

ग्रामीण उदय कुमार ने बताया कि विधायक कैप्टन रणजीत सिंह सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास करवा रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। विधायक निधि से क्षेत्र के स्कूलों के लिए करीब 35 लाख रुपए की राशि दी गई है। इससे स्कूलों में कमरे, शौचालय, कार्यक्रम स्टेज और बच्चों के लिए भोजन शेड बनाए जा रहे हैं। सड़क निर्माण के कई कार्य चल रहे हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी बड़े बदलाव हुए हैं। वर्षों से बंद पड़ी एक्स-रे मशीन को दोबारा चालू किया गया है। तीन विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात किए गए हैं। 26 करोड़ की लागत से बनने वाला क्रिटिकल केयर सेंटर भी मंजूर हो चुका है।

उदय ने कहा कि सुजानपुर की जनता ने विधायक कैप्टन रणजीत सिंह को चुनकर बदलाव किया। अब विधायक ने क्षेत्र में विकास की नई नदियां बहा दी हैं। कई कार्य युद्धस्तर पर चल रहे हैं।

विपक्ष भी इन कार्यों को देखकर घबराया हुआ है। जनता अपने वोट के फैसले पर गर्व कर रही है और विधायक को 'विकास पुरुष' कहकर सम्मानित कर रही है।

# दयोग में पेयजल समस्या को दूर करने के लिए बनेगा ओवर हेड टैंक : सुरेश

**अनंत ज्ञान, जाहू**

**हनोह पंचायत के दयोग गांव में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम में सुनी समस्याएं**

उपमंडल भोरंज की हनोह पंचायत के दयोग गांव में शनिवार को विधायक आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भोरंज विधायक सुरेश कुमार बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने विधायक सुरेश स्रह्नमार का गांव में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया तथा ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही निपटारा किया गया।

विधायक सुरेश कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अढ़ाई वर्षों में भोरंज विधानसभा क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव से कार्य करके विकास को नई दिशा दी है, जिससे चारों ओर विकास कार्य धरातल पर दिखाई देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के बनते ही सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल के गृह क्षेत्र के हाई स्कूल समीरपुर को स्तरोन्न करके वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनाया गया है। इसके अलावा कंज्याण कॉलेज में बेटियों की सुविधा के लिए एमए की कक्षाएं तथा कंज्याण में भी जलशक्ति विभाग के उपमंडल खोला गया है, जिसका अब लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने दयोग गांव को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्ता से न होने पर नराजगी जताई तथा जांच के आदेश दिए। उन्होंने ग्रामीणों की मांग व पानी की समस्या को दूर करने के लिए दयोग गांव में 50 हजार लीटर पानी की क्षमता का ओवर हेड टैंक बनाने की घोषणा की। इसके अलावा सड़क के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए 10 लाख रुपए, दो महिला मंडलों के लिए 2-2 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसी तरह गांव में बिजली की समस्या को दूर करने के लिए थ्री फेज लाइन से जोड़ने और श्मशानघाट का निर्माण प्राथमिकता से करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में भोरंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल ,पूर्व राजीव लाल मैहर, कांगड़ा सहकारी कृषि एवं भूमि विकास बैंक के निदेशक रोशन लाल शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा, हनोह पंचायत प्रधान बोहरा राम, उपप्रधान सुदेश कुमार, डाडू पंचायत प्रधान मीरा देवी, उपप्रधान अमृत लाल, दयोग महिला मंडल अध्यक्ष सरोज कुमारी, पंजारड़ा दयोग महिला मंडल प्रधान हरदेई, रणजीत सिंह, सूबेदार सुरेश कुमार, सुरेंद्र नेगी व अन्य उपस्थित रहे।

## भोरंज में डीएसपी कार्यालय का किया उद्घाटन

विधायक सुरेश कुमार ने भोरंज में डीएसपी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर व अन्य ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके अलावा भोरंज तहसील के पूरी तरह ऑनलाइन होने का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से चली आर रही मांग आज पूरी हो गई है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक रेणू शर्मा, राजेश, डीएसपी बडसर लालमन शर्मा, भोरंज एसडीएम शशिपाल शर्मा, तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा, भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर व अन्य उपस्थित रहे।

# बकरीद की एक-दूसरे को गले मिल दी बधाई

**अनंत ज्ञान, नादौन**



नादौन की साईं फाजलशाह की दरगाह में नमाज अदा करते मुस्लमान समुदाय के लोग।

**नादौन।** मुस्लमान सामुदाय ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बकरीद का पर्व उपमंडल में हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस पर्व पर शनिवार को नादौन के साथ लगती प्रसिद्ध साईं फाजलशाह की दरगाह तकिया भरमोटी सहित जगह-जगह मस्जिदों व मजारों में मुस्लमान सामुदाय के लोगों ने इकत्रित होकर नमाज अदा की तथा एक-दूसरे के गले मिलकर इस पर्व की बधाई दी।

नादौन के भरमोटी में स्थित प्रसिद्ध पीर बाबा साईं फाजलशाह की दरगाह तकिया भरमोटी में रामपुर के ईमाम मुफती जिशान ने नमाज अदा करवाई। इस अवसर पर मुस्लमान सामुदाय के मुस्ताक मोहम्मद, सरदार मोहम्मद, बसीन मोहम्मद, रसमदीन,लाल दीन, असलम मोहम्मद, रसम दीन, डॉ. सदीक मोहम्मद, अमीन चौहान, डॉ. खान, नसरूदीन, अमींन चौहान, गुलाम मोहम्मद, शेर मोहम्मद व बाली सहित काफी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की तथा सुख-शांति की कामना की।

वहीं, बन्ह मस्जिद में फांदी खान, पीर मोहम्मद, लियाकत अलि, सौकत अलि, उमरदीन,जद्दू दीन, कमाल दीन, मस्जिद बेहा में हाजी लियाकत अली, हाजी बाबू खां, बली मोहम्मद, खुशी मोहम्मद, दिली मोहम्मद, बसीर मोहम्मद, नजीर मोहम्मद आदि नतथा नादौन के वार्ड न. सात में स्थित मस्जिद में दलेर मोहम्मद, सलामदीन, सदीक मोहम्मद, रजाक मोहम्मद, ताज मोहम्मद, पन्याला मस्जिद में रफीक मोहम्मद सहित अनेक लोगों ने नमाज अदा की तथा समस्त समाज की सुख-शांति की कामना की।

# गौरव जैन चुने प्रेस क्लब सुजानपुर के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** उपमंडल सुजानपुर के पत्रकारों की बैठक सुजानपुर में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब हमीरपुर के अध्यक्ष दिनेश कंवर ने की, जबकि महासचिव सुरेंद्र कटोच एवं कार्यकारिणी सदस्य अश्वनी वालिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने प्रेस क्लब सुजानपुर के गठन की चर्चा की और सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रेस क्लब सुजानपुर का पंजीकरण शीघ्र किया जाए। इस मौके पर पत्रकारों द्वारा पत्रकार गौरव जैन को अध्यक्ष और पत्रकार सुरजीत सिंह को महासचिव चुना गया। प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गौरव जैन ने कहा कि सदस्यों की सहमति के साथ ही कार्यकारिणी का गठन शीघ्र कर लिया जाएगा और पंजीकरण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू कर दी जाएगी। बैठक में प्रेस क्लब हमीरपुर द्वारा रजत जयंती समारोह के लिए दिए गए निमंत्रण को भी स्वीकृति दी गई। गौरव जैन ने कहा कि प्रेस क्लब सुजानपुर इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अपना पूर्ण सहयोग देगा। बैठक में पत्रकार संजय गुप्ता, राजीव जसवाल, राजन मेहता, विपुल गुप्ता, राकेश कटोच इत्यादि मौजूद रहे।

# बुधवी चौक पर लगाई ठंडे पानी की छबील





**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गलोड़ के बुधवीं चौक पर पूरा दिन भर खाटू श्याम स्पोर्ट्स क्लब के सदस्यों ने मिलकर ठंडे पानी की छबील लगाई। गर्मी भरे मौसम में इस छबील पर स्थानीय प्रधान संजीव शर्मा ने भी शिरकत की और युवाओं का हौसला बढ़ाया। संजीव शर्मा ने कहा कि युवाओं में इस तरह की सोच काबीले तारीफ है। प्रचंड गर्मी में लोगों की मीठा पेय जल पिलाकर सेवा करना हमारी हिंदू संस्कृति का हिस्सा है और बजुर्गों से चली आ रही इस प्रथा को हमें सहेज कर रखना होगा इस मौके पर प्रधान खास गलोड़ संजीव शर्मा के साथ क्लब के सदस्य सुनील कुमार, पहाड़ी गायक रजनीश कौशल, रोहित कौशल, अमित कुमार, परदीप कौशल दिनेश और अन्य युवाओं ने हिस्सा लिया।

**सुनवाई** सांसद अनुराग ठाकुर ने नादौन विश्रामगृह में सुनी लोगों की समस्याएं, मौके पर संबंधित अधिकारियों को निपटारे के दिए निर्देश

# फोरलेन निर्माण से जजोली में बंद हुई सड़क को जल्द बहाल करे एनएच अथॉरिटी

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**



नादौन विश्रामगृह में लोगों की समस्याएं सुनते अनुराग ठाकुर

**नादौन।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर शनिवार को नादौन विश्रामगृह में पहुंचे, जहां भाजपाइयों ने पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया।

स्वागत करने वालों में भाजपा मंडलाध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया, महासचिव सुरेन्द्र छिंदा, सुरेश कुमार, सुनील शर्मा, पवन शर्मा, अजमेल वर्मा, भरमोटी के पूर्व प्रधान प्रियतोष सिंह जाट, भदरोल की प्रधान अनीता ठाकुर, आशु मंडयाल, मंजीत ठाकुर, प्रकाश चंद चौहान, अश्वनी शर्मा कलैहण, विनीत कुमार, विपन शर्मा, विजय शर्मा, राजेंद्र ठाकुर, अमीं चंद, विजय स्याल, जोगिंद्र सिंह, संजीव शर्मा आदि ने स्वागत किया। उसके बाद अनुराग ठाकुर ने विश्रामगृह में लोगों की समस्याएं सुनीं तथा संबधित अधिकारियों को निपटारा करने के निर्देश भी दिए। मटौर-शिमला फोरलेन जो नादौन में टू लेन हैं, उसके निर्माण से गांव जजोली को जाने वाली संपर्क सड़क बंद हो गई है, जिस वजह से गांव वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में भाजपा महासचिव सुरेंद्र छिंदा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल अनुराग ठाकुर से मिला तथा इस समस्या का शीघ्र समाधान किए जाने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व प्रधान दिलवाग सिंह ठाकुर, सुरजीत सिंह, राजेंद्र ठाकुर, विवेक परमार, विजय शर्मा आदि शामिल थे।

गांववासियों की समस्या को अनुराग ठाकुर ने सहानुभूतिपूर्वक सुना तथा मौका पर ही नेशनल हाईवे के पीडी से फोन पर बात करके शीघ्र समस्या का समाधान किए जाने को कहा। भूंपल के उपप्रधान अनुप शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल अनुराग ठाकुर से मिला तथा उन्हें बताया कि भूंपल का एक हैंडपंप फोरलेन की जद में आ गया है, जिससे लोगों को पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने इस हैंडपंप को इसी स्थल के आसपास लगाए जाने का आग्रह किया ताकि लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सके।

अनुराग ठाकुर ने गांव वासियों को समस्या का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया है। गांव भराड़ता के विपन कुमार, मदन लाल, किशोरी लाल भाजपा नेता अजमेल वर्मा के नेतृत्व में सांसद अनुराग ठाकुर से मिले तथा गांव वासियों की पानी की समस्या से अवगत करवाया तथा स्थायी समाधान करवाए जाने का आग्रह किया।

राजेंद्र ठाकुर, अजय शर्मा आदि ने गांव झरमाणी के जंजघर की रिपेयर के लिए राशि उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। डरोल गांव का एक प्रतिनिधिमंडल अनुराग ठाकुर से मिला तथा उनसे युवक मंडल के भवन की रिपेयर के लिए राशि उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। इसके अलावा काफी लोग अनुराग ठाकुर सोलर लाइट्स, रास्ते, सामुदायिक भवन की रिपेयर आदि को लेकर मिले। अनुराग ठाकुर ने लोगों को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल में 11 जून तक मौसम रहेगा साफ, पर्यटकों को मिलेगी राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 11 जून तक मौसम साफ रहने का अनुमान है, जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को कुछ राहत मिलेगी। हालांकि, 12 और 13 जून को मध्य और उच्च पहाड़ी क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना है, जो इस गर्मी में मौसम में बदलाव ला सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, अगले 4-5 दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की धीरे-धीरे वृद्धि होने की संभावना है। जो, यह दर्शाता है कि गर्मी का प्रकोप अभी जारी रहेगा। यह मौसम पूर्वानुमान साफ इशारा कर रहा है कि हिमाचल में फिलहाल गर्मी का दौर जारी रहेगा, लेकिन जून के मध्य तक पहाड़ी इलाकों में हल्की बारिश से कुछ राहत मिल सकती है।

### 99 केंद्रों पर टीजीटी नॉन-मेडिकल और टीजीटी हिंदी की परीक्षा आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड रविवार को 99 केंद्रों पर टीजीटी नॉन मेडिकल और टीजीटी हिंदी विषय के लिए अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) का आयोजन करेगा। दो सत्रों में होने वाली इस परीक्षा में 9176 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किए गए हैं। स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि रविवार को सुबह के सत्र में टीजीटी नॉन मेडिकल विषय के लिए टेट होगा। इसके लिए भर में 55 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 6744 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसके अलावा दूसरे सत्र में टीजीटी हिंदी विषय के लिए पात्रता परीक्षा होगी, जिसमें 44 केंद्रों पर 2432 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी।

### हिमाचल पथ परिवहन निगम के 422 रूट निजी हाथों में : भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा प्रदेशभर में 422 स्टेज कैरिज रूटों को निजी क्षेत्र को सौंपने के फैसले पर भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोला है। भाजपा ने आरोप लगाया कि यह कदम युवाओं को रोजगार के नाम पर धोखा है और 'जन सेवा' के एचआरटीसी के संकल्प के खिलाफ है। कहा कि घाटे वाले इन रूटों को निजी हाथों में देने से बेरोजगारों पर कर्ज का बोझ पड़ेगा।

### अनुराग ठाकुर शोक व्यक्त करने पहुंचे अनुपम लखनपाल के घर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सांसद अनुराग ठाकुर अपने निजी सचिव रहे अनुपम लखनपाल के दिवंगत पिता स्वर्गीय पुरुषोत्तम लखनपाल के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके घर पहुंचे। उन्होंने परिवार को सांत्वना दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

### छह लाख गबन मामला: चाहत महाजन को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** रोजगार कार्यालय भैहरे में कार्यरत एक महिला कर्मचारी जिसके ऊपर 6 लाख का गबन का आरोप लगे थे। 2024 में पुलिस में एफआईआर दर्ज हुई थी लंबी जांच-पड़ताल के बाद उक्त कर्मचारी को शुक्रवार को बड़सर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार को उक्त महिला को माननीय न्यायालय बड़सर में पेश किया गया, जहां पर उसे न्यायालय द्वारा 5 दिन का पुलिस प्रमाण पर भेज दिया गया है या मामला लगभग एक वर्ष पुराना है। डीएसपी बड़सर लाल मन शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

# प्राथमिक शिक्षकों की हड़ताल खत्म

## डेढ़ माह से चल रहा था क्रमिक अनशन, शिक्षा मंत्री से बैठक के बाद लिया फैसला

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बीते डेढ़ महीने से प्राथमिक शिक्षकों का चल रहा क्रमिक अनशन शनिवार को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ हुई निर्णायक बैठक के बाद समाप्त हो गया है। इस फैसले से राज्य के हजारों छात्रों और अभिभावकों ने राहत की सांस ली है।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपनी मांगों पर विचार करने के लिए सरकार द्वारा एक उच्च-स्तरीय कमेटी के गठन के बाद यह कदम उठाया है। स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली की अध्यक्षता में गठित इस कमेटी में शिक्षक संघ के पदाधिकारी भी शामिल होंगे, जो आने वाले दिनों में विभिन्न मांगों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।




हड़ताल खत्म करने के बाद प्राथमिक शिक्षा संघ के सदस्य शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ।

### शिक्षा मंत्री ने जूस पिलाकर तुड़वाई हड़ताल

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने शनिवार को शिक्षा निदेशालय, लालपानी में चल रहे हिमाचल प्रदेश राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के क्रमिक अनशन को समाप्त करवा दिया। एक सद्भावपूर्ण पहल करते हुए, मंत्री ने स्वयं अनशन पर बैठे संघ के पदाधिकारियों को जूस पिलाकर उनकी हड़ताल तुड़वाई, जो सरकार और शिक्षक समुदाय के बीच बढ़ते सौहार्द और समाधान के प्रति प्रतिबद्धता का स्पष्ट संकेत है। संघ के पदाधिकारियों ने भी शिक्षा मंत्री के इस हस्तक्षेप और सरकार के सकारात्मक रुख पर संतोष व्यक्त किया है।

### शिक्षा निदेशालय एक ही रहेगा : रोहित ठाकुर

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने बैठक के बाद स्पष्ट किया कि स्कूल स्तर पर शिक्षा निदेशालय एक ही रहेगा और सरकार इस फैसले को वापस नहीं लेगी। हालांकि, उन्होंने बताया कि पहली से पांचवीं कक्षा और छठी से 12वीं कक्षा तक के कार्यों को देखने के लिए दो अलग-अलग अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किए जाएंगे, जिससे प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी।

### कमेटी की सिफारिश पर रहेंगी सभी की निगाहें

**बता** दें कि यह समझौता प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक कदम है, क्योंकि यह न केवल शिक्षण प्रक्रिया को सामान्य करेगा, बल्कि शिक्षकों की मांगों पर भी सार्थक संवाद का मार्ग प्रशस्त करेगा। अब सभी की निगाहें कमेटी की सिफारिशों और सरकार के अगले कदमों पर टिकी हैं।

भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग ने दी चेतावनी, कहा-

# 30 किमी तक की यात्रा के लिए यात्रा भत्ता अस्वीकार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारत सरकार के भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग ने एक महत्वपूर्ण आंतरिक टिप्पणी जारी की है। यह टिप्पणी अगस्त 2024 की केंद्रीय लेखा परीक्षा से संबंधित है और यात्रा भत्ते के दावों में पाई गई अनियमितताओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करती है।

जानकारी के अनुसार इस टिप्पणी में विशेष रूप से केंद्रीय विद्यालय बिलासपुर के प्राचार्य के एक मामले का उल्लेख किया गया है। प्रस्तुत वाउचर संख्या 3998, 12 अगस्त 2024 और 100037, 24 मई 2024 के तहत 1012 रुपए के दो दावों में से एक को अस्वीकार्य घोषित किया गया है।

टिप्पणी में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि यात्रा 30 किलोमीटर तक की है, तो उस पर यात्रा भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा, जैसा कि वित्त विभाग के 24 मई, 2023 के पत्र में स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट है। इस मामले में1012 रुपए का पूरा दावा अस्वीकार्य बताया गया है, जबकि एक अन्य समान दावा स्वीकार कर लिया गया

### उत्तरदायित्व और लेखा परीक्षा में सुधार

**प्राचार्या** को निर्देश दिया गया है कि वह इस टिप्पणी की सूचना संबंधित अधिकारियों को दें और भविष्य में ऐसे मामलों में पूरी सावधानी बरतें। साथ ही, अनुपालन अधिकारी (डीडीओ) पर यह सुनिश्चित करने का दायित्व है कि यात्रा भत्तों के दावों का सही ढंग से सत्यापन किया जाए।

### अनियमितताओं पर जोर और भविष्य के लिए निर्देश

**यह** टिप्पणी यात्रा भत्तों के दावों में उन अनियमितताओं को उजागर करती है, जहां यात्रा 30 किलोमीटर से कम थी, फिर भी भत्ता मांगा गया था। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में ऐसी त्रुटियों से बचने के लिए, यात्रा दावों के लिए उपयुक्त नोटिफिकेशन एवं अन्य दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही भुगतान किया जाए। यह सुनिश्चित करेगा कि सभी दावे नियमों के अनुसार हों और वित्त विभाग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए।

# दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : रोहित ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राज्य सचिवालय में बधिर संघ हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बधिर जागरूकता कार्यशाला में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांगजनों को समाज का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि उन्हें संपूर्ण रूप से पहुंच प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**बोले- दिव्यांग समाज का अभिन्न अंग**

शिक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में इस बात पर विशेष जोर दिया कि समावेशी समाज का निर्माण करने के लिए दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण करना और उन्हें मुख्यधारा में लाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी व्यक्ति, उसकी शारीरिक स्थिति के कारण, विकास और अवसरों से वंचित न रहे।

कार्यशाला के दौरान, बधिर संघ हिमाचल प्रदेश के पदाधिकारियों ने भी अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। उन्होंने शिक्षा मंत्री को संघ की विभिन्न मांगों से अवगत करवाया, जिस पर मंत्री ने गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। यह कार्यशाला दिव्यांगजनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# क्या कांग्रेस और पाक के बीच जुड़े हैं तार : अनुराग

**टीम, धर्मशाला/हमीरपुर/देहरा**

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके बयान पाकिस्तान की मीडिया में कोट किए जा रहे हैं। आखिर क्यों पाकिस्तान के नेता राहुल गांधी को भारत का प्रधानमंत्री देखना चाहते हैं? क्या कांग्रेस और पाकिस्तान के बीच कोई तार जुड़े हैं?



भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर।

उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी का बयान पाकिस्तान के एजेंडे को ताकत दे रहे हैं और विपक्ष के कुछ नेता अनजाने में नहीं, बल्कि जान-बूझकर पाकिस्तान की लाइन पर चल रहे हैं। हमारी जिम्मेदारी देश की रक्षा और सच्चाई को सामने रखा जाए। अनुराग शनिवार को अपने विदेश दौरे से लौटते हुए कांगड़ा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

अनुराग ने सुक्खू सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार केवल फीता काटने में व्यस्त है। साथ ही वह जनप्रतिनिधियों का अपमान कर रही है। उन्होंने इस कार्यप्रणाली को नियमों की स्पष्ट अवहेलना बताया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल प्रदेश को पूरा सम्मान दिया है। हाल ही में भारत के सांसदों का प्रतिनिधिमंडल कई देशों में गया और वहां पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का मुद्दा उठाया।

### कांग्रेस ने की हिमाचल की दुर्गति

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** सांसद अनुराग ठाकुर शनिवार को देहरा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में रू-ब-रू हुए। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से मजबूत होते भारत को लेकर केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा आज भारत देश महाशक्ति के रूप में उभर कर दुनिया के सामने खड़ा हैं। कांग्रेस ने हिमाचल की दुर्गति कर दी है और प्रदेश विकास की पटरी से उतर चुका है। इस समय कांग्रेस के कार्यकर्ता अपनी सरकार से दुखी हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार लगातार केंद्र सरकार की योजनाओं के उद्घाटन कर रही है, लेकिन इनमें न तो सांसद का नाम शामिल किया जा रहा है और न ही उन्हें कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जा रहा है। अनुराग ने इसे स्पष्ट रूप से नियमों की अवहेलना बताया। सांसद ने देहरा में जनता की समस्याओं को भी सुना। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रविंद्र रवि, जिलाध्यक्ष अजय खट्टा, मंडल अध्यक्ष अविनाश धीमान, वीरेंद्र भूरिया, सुकृत सागर व देवेंद्र पिंटू सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हिमाचल दौरे के बाद दिल्ली लौटे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हिमाचल प्रदेश का अपना दो दिवसीय दौरा सफलतापूर्वक संपन्न किया। अन्नाडेल हेलीपैड पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर राज्य के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे, जिन्होंने उपराष्ट्रपति को शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विशेष रूप से उपराष्ट्रपति को विदाई देने के लिए हेलीपैड पर उपस्थित रहे। उनके साथ उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी मौजूद थे।

इस मौके पर महापौर सुरेंद्र चौहान, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस और सेना के अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उपराष्ट्रपति का यह दौरा हिमाचल प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण रहा, जहां उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया, वहीं राज्य के विकास को लेकर भी उन्होंने सार्थक चर्चा की।



अन्नाडेल हेलीपैड पर उपराष्ट्रपति को विदाई देते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री।

### दोस्त से मिलने पच्छाद क्षेत्र के दाड़ो देवरिया पहुंचे उपराष्ट्रपति

**संजय राजन, अनंत ज्ञान, सराहां।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पच्छाद क्षेत्र के दाड़ो देवरिया पहुंचे। इस मौके पर वह पूर्व चीफ जस्टिस टीएस ठाकुर के घर पर उनसे मिले। इस दौरान उनके साथ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। उपराष्ट्रपति करीब डेढ़ घंटे तक रुके रहे। इस दौरान उपराष्ट्रपति व उनके साथ आए लोगों को भोजन करवाया गया। टीएस ठाकुर के छोटे ससुर सेवानिवृत्त अध्यापक सत्येंद्र ठाकुर ने बताया कि उपराष्ट्रपति और टीएस ठाकुर ने साथ में वकालत की थी।



उपराष्ट्रपति धनखड़ का स्वागत करते पूर्व चीफ जस्टिस टीएस ठाकुर।

पिछले दिनों उपराष्ट्रपति द्वारा टीएस ठाकुर को डिनर पर बुलाया गया था जिस दौरान उन्होंने कहा था कि वह हिमाचल में एक गांव रहते हैं, इसलिए वहां आना संभव नहीं है, जिस पर उपराष्ट्रपति ने कहा था कि वह उनसे मिलेंगे।

# व्हीलचेयर पर आए दिव्यांग राजन ने 15वीं बार किया रक्तदान




रक्तदान करते दिव्यांग राजन कुमार व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर ब्लड डोनर टीम द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में समाज के लिए एक बार फिर प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है। इस शिविर में जिला के भगेटू गांव के 100 फीसदी दिव्यांग राजन कुमार खुद व्हील चेयर पर सवार होकर 15वीं बार रक्तदान किया।

राजन हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के संयोजक और जिले को-ऑर्डिनेटर भी हैं, का यह योगदान साबित करता है कि दिव्यांगता किसी के जज्बे और इंसानियत की भावना को नहीं रोक सकती। राजन ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि मैं हर किसी को रक्तदान के लिए प्रेरित करना चाहता हूं। यह एक छोटा-सा प्रयास है, जो किसी की जान बचा सकता है। मानवता की सेवा करना ही परम धर्म है और सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। उनका यह मानना है कि रक्तदान के माध्यम से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है, जो मानवता के प्रति एक महान योगदान है।

इस शिविर में अन्य रक्तवीरों ने भी रक्तदान किया। लोगों ने राजन की इस पहल की भरपूर सराहना की है। वह आज युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन चुके हैं। उनका यह संदेश छोटी-छोटी कोशिशें भी बड़ा बदलाव ला सकती हैं।

कांग्रेस की गारंटियों पर जयराम ठाकुर का तीखा हमला, बोले-

# सत्ता में आए 1500 की बदौलत जनता से वसूल रहे 10-10 रुपए



भाजपा जिला महासू की बैठक की अध्यक्षता करते पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ठियोग विधानसभा क्षेत्र में भाजपा जिला महासू की बैठक में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार की गारंटियों को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि जो सरकार 1500 रुपए देने की गारंटी पर सत्ता में आई, वह अब 10-10 रुपए वसूल रही है। बैठक में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा सहित कई प्रमुख नेता और मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर आरोप लगाया कि उन्हें सुख की अनुभूति तब होती है, जब वह कोई चलती हुई जन कल्याणकारी योजना बंद करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आने वाले समय में काम रोकने के लिए जानी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि अगर आज हिमाचल प्रदेश में चुनाव होते हैं, तो भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल की जनता आज भी सरकार द्वारा किए गए वादों का इंतजार कर रही है। उन्होंने ओल्ड पेंशन स्कीम की जगह यूपीएस की बात होने और महिलाओं को 1500 रुपए देने के बजाय उनसे 10-20 रुपए वसूलने का आरोप लगाया।

जयराम ठाकुर ने विमल नेगी की मृत्यु के मामले में सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भले ही कह रहे थे कि परिवार को सीबीआई जांच नहीं चाहिए, लेकिन परिवार ने कोर्ट के माध्यम से ही सीबीआई जांच करवाई है।

वहीं, जयराम ठाकुर ने शिमला के चियोग में आयोजित मौढ़ देवस्थल कुश्ती मेला उत्सव में शिरकत की। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और खेलकूद गतिविधियों में भाग लेकर अपना भविष्य उज्ज्वल करें। उन्होंने कहा कि पहलवानों की कुश्ती देखकर उन्हें काफी प्रसन्नता हुई। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि कई युवा नशे से दूर रहकर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

# ऊना व सरकाघाट में 50 ग्राम चिट्टे समेत तीन दबोचे

**अनंत ज्ञान टीम, ऊना/सरकाघाट**

शनिवार को हिमाचल पुलिस ने ऊना और सरकाघाट में 50 ग्राम चिट्टे समेत तीन लोगों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

पहले मामले में चिंतपूर्णी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत किन्नू में गश्त के दौरान ऊना पुलिस की सीआईए टीम ने एक विशेष सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बलेनो कार से करीब 40 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। पुलिस ने कार सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान कबीर ठाकुर निवासी ठाकुरद्वारा, पालमपुर हाल निवासी बल्लभगढ़, हरियाणा और आशीष कुमार निवासी बिंद्रावन, पालमपुर जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दूसरे मामले में एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने नेरचौक जाहु सड़क पर अपर भांवला के पास नाका लगाया था और थोड़ी देर बाद दो युवक स्कूटर पर आ रहे थे। उन्हें देखकर पुलिस की टीम ने उन्हें रोकने का इशारा किया, लेकिन उन्होंने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें धर-दबोच लिया। जब उनकी तलाशी ली गई तो 30 वर्षीय ललित कुमार पुत्र चमनलाल गांव दौड़वां,तहसील सुंदरनगर की जेब से सिल्वर फाइल की एक पुड़िया निकली जिस की जांच करने पर वह चिट्टा 10.07 ग्राम निकला। पुलिस ने आरोपी ललित कुमार को हिरासत में ले लिया है और उसके विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**संवेदनशीलता** कांगड़ा और मंडी जिले में दिखा वन्य प्राणियों के प्रति प्रेम

# फतेहपुर में मिले दुर्लभ उल्लू की बचाई जान

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

फतेहपुर की पंचायत बरुणा के गांव बेरड़ा में एक सराहनीय घटना सामने आई, जहां खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बलबान सिंह की तत्परता और वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता ने एक दुर्लभ प्रजाति के उल्लू को नया जीवन दिया। यह उल्लू घायल अवस्था में उनके खेत में मिला था, जिसके बाद बलबान सिंह ने बिना देर किए वन विभाग से संपर्क साधा और उसे सुरक्षित हाथों में सौंप दिया।

शनिवार सुबह करीब 11 बजे, एक वीडियो बयान जारी करते हुए, बलबान सिंह ने बताया कि उन्हें शुक्रवार शाम उनके खेती में एक घायल और दुर्लभ प्रजाति का उल्लू मिला। उल्लू की हालत देख उन्होंने तुरंत वन विभाग के परिक्षेत्र अधिकारी से संपर्क किया। देर रात वन विभाग की टीम बेरड़ा पहुंची और उल्लू को अपने संरक्षण में ले लिया। वन विभाग अब इस उल्लू का उपचार करेगा और स्वस्थ होने पर उसे उसके प्राकृतिक आवास में वापस छोड़ दिया जाएगा।



वन्य कर्मचारी पक्षी को रेस्क्यू करते हुए।

### ...और इधर टांडू के विप्लव ने रेस्क्यू किया खरगोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** टांडू के विप्लव सकलानी को घर जाते समय एक खरगोश का बच्चा मुसीबत में दिखा, तो बाइक रोककर उन्होंने सोचा कि उसे अन्य जंगली जानवर खा जाएंगे। विप्लव उसे रेस्क्यू कर अपने घर ले आए। रातभर नन्हे खरगोश को फल आदि खिलाने की कोशिश की लेकिन उसने कुछ नहीं खाया। सुबह खरगोश की हालत नाजुक होने लगी तो विप्लव ने रेंज ऑफिसर से बात की। तत्पश्चात उन्होंने खरगोश के बच्चे को अपनी पत्नी संजना सकलानी के साथ भ्यूली वन कार्यालय फॉरेस्ट गार्ड हेमराज के पास छोड़ दिया।



नर्सिंग दाखिला
CHRISTIAN NURSING COLLEGE
Near Head P.O. Dhalpur Kullu (H.P.)-175101
Recognized by: HPNRC (Govt. of H.P.)
Indian Nursing Council (I.N.C.) (Govt. of India) &
Affiliated by Atal Medical & Research University
B.Sc. Nursing
4 Years
Degree Course
(10+2 Medical)
50% Course
Fee Discount
for SC/ST/OBC/BPL
Candidates (T&C Apply)
G.N.M.
Staff Nurse
Course
(10+2 in any Stream)


Hostel Facility Available
100% Job Placement & Assistance
Note: Scholarships Available For Eligible Candidates.
Mob. 82196-86726, 94180-08888, 70181-89461

## न्यूज ब्रीफ

### गुंगरा गांव में अवैध माइनिंग, आठ काबू



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पंजाब में माइनिंग करने वाले आरोपियों के खिलाफ लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। पुलिस एवं माइनिंग विभाग के अधिकारियों ने गुप्त सूचना मिलने पर गुंगरा गांव के नजदीक छापेमारी की। दो पोकलेन मशीन, 11 टिप्पर एवं एक ट्रेलर के जरिए अवैध माइनिंग को अंजाम दिया जा रहा। पठानकोट पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आरोपियों के खिलाफ थाना नरोट जैमल सिंह में मामला दर्ज किया है। वहीं, ऑपरेशन के दौरान 7 आरोपी मौके पर वाहन छोड़कर भाग गए हैं, जिनकी तलाश जारी है। अवैध माइनिंग करवाने वाले एवं अन्य आरोपियों को जल्द ट्रेस/नामजद करके अदालत में पेश किया जाएगा।

### लंबागांव में आज से शुरू होगी राम कथा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले माता आशापुरी मंदिर कोसरी रोड अपर लंबागांव मंदिर कमेटी के सौजन्य से इस साल राम कथा एवं श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन कलशयात्रा के साथ 8 जून यानी रविवार से शुरु किया जा रहा है। कमेटी के सदस्य अनूप शर्मा ने बताया कि यह राम कथा व रुद्र महायज्ञ 9 दिन तक चलेगा। माता आशापुरी मंदिर कोसरी रोड अप्पर लंबागांव कमेटी के सभी सदस्यों ने आसपास के लोगों से आग्रह किया है कि सभी लोग माता आशापुरी मंदिर अपर लंबागांव में आकर राम कथा एवं रुद्र महायज्ञ में जरूर पधारें और 17 जून को विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें।

### पेंशनर्स वेलफेयर संघ ने जताया रोष

**अनंत ज्ञान, गगल।** प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर संघ ब्लॉक कांगड़ा की वर्चुअल मीटिंग ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश चौधरी की अध्यक्षता में हुई। इसमें रोष जताया कि 2016 से लेकर 2022 दिसंबर तक का बकाया भुगतान और डीए भत्ता नहीं दिया गया। कर्मचारी ने अपनी सारी जिंदगी सरकार की सेवा में लगा दी होती है, ताकि पेंशन के सहारे जिंदगी बसर सके। उन्होंने कहा के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह कहा करते थे मुलाजम व पेंशनर्स रीढ़ की हड्डी होते हैं, इन्होंने दुर्गम क्षेत्र में काम किया होता है उनके हक नहीं रखना चाहिए। इस मौके पर ब्लॉक महासचिव रोशन लाल, उप सचिव सरूप सिंह आदि मौजूद रहे।

### भूतपूर्व अर्द्धसैनिक संगठन ने की मांगों पर चर्चा



**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** भूतपूर्व अर्द्धसैनिक बल कल्याण संगठन जिला कांगड़ा की त्रैमासिक बैठक शनिवार को सामुदायिक भवन 39 मील शाहपुर में जिला कांगड़ा उपाध्यक्ष बलदेव राणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वप्रथम सदस्यों ने सैनिक ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी और मौन रखा। बैठक में सदस्यों ने केंद्र सरकार के पास लंबित विभिन मुद्दों सहित सीएलएमएस (मदिरा) सीजीएचएस पर चर्चा की व सभी मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की। वहीं, शिमला में सरकार की ओर से सैनिकों शहीदों के परिवारों के सम्मान के लिए रखे गए जय हिंद कार्यक्रम में अर्द्धसैनिक बल के सदस्यों, शहीदों के परिवारों को आमंत्रित न करने पर रोष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जितने भी युद्ध हुए हैं या देश की आंतरिक सुरक्षा में पैरामिलिट्री बल शौर्य, वीरता की अहम भूमिका निभाते रहे हैं। इस अवसर पर कर्मचंद, उत्तम ठाकुर, सुजाता देवी, चंपा देवी, ओम प्रकाश आदि सदस्य मौजूद थे।

# अनुसंधान और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करें शोधार्थी : प्रो. बंसल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला ने आईआईटी गुवाहाटी के सहयोग से एक सप्ताह का संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) आयोजित किया है। शनिवार को धर्मशाला के धौलाधार कैंपस के सेमिनार हॉल में समापन समारोह आयोजित किया गया। इसमें केंद्रीय विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने समारोह की अध्यक्षता की। यूजीसी के संयुक्त सचिव डॉ. गंभीर सिंह और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निदेशक सुभाष सरू विशेष अतिथि रहे। बंसल ने भाग लेने वाले संकाय और पीएचडी विद्वानों को संबोधित किया और वर्तमान दुनिया में एआई और एमएल के महत्व पर प्रकाश डाला।



समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने की।

उन्होंने संकाय और पीएचडी विद्वानों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 की दृष्टि केवल विकास के लिए उन्नत अनुसंधान के साथ ही साकार हो सकती है। भारत युवाओं का देश है और युवाओं को कुशल और ऊर्जावान शक्ति में बदलने का समय आ गया है। भारत की युवा आबादी की क्षमता को आर्थिक विकास में योगदान देने की अपनी जिम्मेदारी को समझना चाहिए और भारत को दुनिया का ज्ञान केंद्र और आर्थिक पावर हाउस बनने के लिए आगे बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर सीयूएचपी, धर्मशाला के डीन अकादमिक ने प्रतिभागियों और आयोजन समिति के सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

### एआई की मदद से समस्याओं का समाधान खोजने का आ गया समय

**नीति** आयोग ने एआई के संदर्भ में एक नीति तैयार की है, जो इस बात पर केंद्रित है कि हम भारत के सामाजिक और समावेशी विकास के लिए परिवर्तनकारी तकनीकों का उपयोग कैसे कर सकते हैं। अब एआई को राष्ट्रीय रणनीतिक नीति निर्माण और कार्यान्वयन के एक सहायक तकनीक के रूप में लिया जा सकता है। एआई और एमएल के उपयोग के संदर्भ में पहुंच, क्षमता, विशेष विशेषज्ञता की कमी और असमानता कुछ चुनौतियां हैं, जिनका सामना करना पड़ेगा। भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एआई को प्रभावी ढंग से लागू करने और उन्नत अनुसंधान, नवाचार, सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का समाधान खोजने का समय आ गया है।

# प्रवक्ता संघ ने किया शिक्षा सुधारों का समर्थन



कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक संजय से मुलाकात करता जिला कांगड़ा प्रवक्ता संघ।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** नवनियुक्त जिला कांगड़ा प्रवक्ता संघ ने अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास के नेतृत्व में कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक संजय सिंह चौहान से मुलाकात की।

प्रवक्ता संघ ने बताया कि वर्तमान में जो भी शिक्षा में सुधार किए जा रहे हैं, उसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बधाई के पात्र हैं। इन सुधारों से शिक्षा की गुणवत्ता में दिन-रात सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे सुधारों से छात्रों के मानसिक व बौद्धिक स्तर में वृद्धि हो रही है। छात्रों के लिए एक्सपोजर विजिट का करवाना एक बहुत ही उत्कृष्ट कार्य है, जो कि उनके जीवन में एक मील पत्थर साबित हो रहा है। इस दौरान उन्होंने आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले कई सुधारों के बारे में भी अवगत कराया। संजय ने कहा कि अगर कोई ऐसा सुझाव प्रवक्ता संघ की ओर से आता है, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में और प्रवक्ताओं की नौकरी में किसी तरह का गुणात्मक सुधार लाने की ओर अग्रसर होता है, तो निश्चित तौर पर वे उन सुझावों को माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे। संजय सिंह चौहान ने प्रवक्ता संघ की समस्त मांगों को सुना तथा बहुत शीघ्र ही मुख्यमंत्री के समक्ष उठाने का भरोसा दिलाया।

## पालमपुर की मानसी असिस्टेंट प्रोफेसर रेडियोलॉजी चयनित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर की मानसी वर्मा का चयन बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर मेडिकल कॉलेज पीजीआई में चयन हुआ है। वर्तमान में वह आईजीएमसी शिमला में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्य कर रही थी। जमा दो तक की शिक्षा माउंट कार्मल स्कूल ठाकुरद्वारा से ग्रहण करने के बाद उन्होंने एमबीबीएस तथा एमडी की पढ़ाई आईजीएमसी शिमला से पूरी की। मानसी वर्मा प्रदेश की पहली महिला चिकित्सक है, जिन्होंने कार्डियोवैस्कुलर रेडियोलॉजी में डीएम की डिग्री एम्स दिल्ली से हासिल की है। मानसी के पिता डॉक्टर आरके वर्मा टांडा मेडिकल कॉलेज से प्रोफेसर के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे, उनकी माता मंजू कौशल पालमपुर के केएलबी कॉलेज में प्रिंसिपल के रूप में कार्य कर रही हैं। उनके पति डॉ. हरिमोहन शर्मा आईजीएमसी शिमला में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मानसी वर्मा ने अपनी इस सफलता का श्रेय गुरु विशुद्धानंद, माता-पिता को दिया है। मानसी वर्मा का कहना है कि लक्ष्य निर्धारित रणनीति के तहत अपनी पढ़ाई में ध्यान दें।



## फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में एडवांस्ड गैस्ट्रो एंटेरोलॉजी सेंटर शुरू

### नवीनतम पीढ़ी के एंडोस्कोपिक उपकरणों से उपचार किया जाएगा : डॉ. बन्याल

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में शनिवार को एडवांस्ड गैस्ट्रो एंटेरोलॉजी सेंटर शुरू हो गया। ये राज्य का पहला ऐसा केंद्र है, जहां जठरांत्र (गैस्ट रोइंटसटीनल), यकृत (लीवर) और अग्नाशय (पेनक्रियास) संबंधी जटिल रोगों को उपचार उपलब्ध है। इस केंद्र की विशेष पहचान इसकी इआरसीपी (एंडोस्कोपिक रेट्रोग्रेड कोजेंलियो-पैंक्रियाटो ग्राफी) सेवाएं हैं, जो अब तक प्रदेश में मुहैया नहीं थी। इस सेंटर का नेतृत्व एमडी डॉ. विकास बन्याल कर रहे हैं।

डॉ. बन्याल गैस्ट्रो एंटेरोलॉजी एवं हेपेटोलॉजी के क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं। धर्मशाला में पत्रकारों को संबोधित करते डॉ. विकास बन्याल ने कहा कि इस केंद्र में इआरसीपी तकनीक से बिना आपरेशन के पित्त नली में फंसी पथरी को हटाना, जोकि पीलिया, बुखार, पेट दर्द व यकृतक्षति का कारण बनती है। सर्जरी के बाद उत्पन्न होने वाले बाइलली का उपचार थेरेप्यूटिक स्टेंटिंग से करना है। पित्तनली में पेलिएटिवस्टेंटिंग, जिससे पीलिया व दर्द से राहत मिलती है और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। संपूर्ण पाचन तंत्र और यकृत रोग प्रबंधन में एंडोस्कोपीव को लोनो स्कोपी से जठरांत्र रोगों की जांच व उपचार करना। हेपेटाइटिस, फैटीलिवर, सिरोसिस, अल्सर और पाचन मंत्र में रक्तस्त्राव जैसे रोगों का विशेषज्ञ उपचार। इसके अलावा पेट, आंत, यकृत और अग्न्याशय से संबंधित बीमारियों की देखभाल के अलावा नवीनतम पीढ़ी के एंडोस्कोपिक उपकरणों से उपचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पित्त नली से संबंधित बीमारियां आम होते हुए भी अत्यंत गंभीर हो सकती हैं। अब तक ऐसे मामलों में मरीजों को राज्य से बाहर जाकर इलाज कराना पड़ता था। डॉ. विकास बन्याल ने कहा फोर्टिस कांगड़ा का यह नया केंद्र इन रोगियों को उनके घर के पास ही जीवनरक्षक, उन्नत और विशेषज्ञ उपचार प्रदान करेगा। उन्होंने कहा यह सेवाएं इससे पहले हिमाचल में उपलब्ध नही थी।




धर्मशाला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते डॉ. विकास बन्याल।

## 560 ग्राम अफीम के साथ युवक गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** कैंट रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान जीआरपी ने 560 ग्राम अफीम के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ईश्वर वैरागी (30 वर्ष) निवासी जोताखेड़ी गांव, जिला झालावाड़, राजस्थान के रूप में हुई है। कैंट स्टेशन प्रभारी एएसआई पलविंद्र सिंह ने बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान युवक की गतिविधियों पर संदेह हुआ। जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से 560 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ट्रेन से आया था और इसी दौरान जीआरपी के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्जकर कोर्ट में पेश किया गया और उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है




# घरेलू नुस्खे से सौंदर्य उपचार

*हर महिला सुंदर दिखना चाहती है और वह बड़ी सौंदर्य कंपनियों के महंगे उत्पादों और महंगे सलूनों पर ज्यादा भरोसा करती हैं। चाहे परिणाम उनकी इच्छा के अनुरूप न भी हों, लेकिन सामाजिक प्रतिष्ठा और अपनी हैसियत दिखाने के लिए ही कई बार हम मेहनत की कमाई को फिजूल भी खर्च कर देते हैं। ऐसा नहीं है की महंगे सैलून या बड़ी कंपनियों के उत्पाद आपको सही सेवाएं नहीं देते, लेकिन अगर आपका उद्देश्य सुंदरता पाना है, तो वह आपकी रसोई में विद्यमान सामान्य उत्पादों से भी आसानी से मिल सकती है। बेशर्ते की आप धैर्य रखें और इन नुस्खों का नियमित रूप से सही उपयोग करें। वास्तविकता यह है कि महंगे सौंदर्य प्रसाध्नों की बजाए घर की रसोई में उपयोग किए जा रहे घरेलू पदार्थों के उपयोग से बेहतर सौंदर्य प्राप्त किया जा सकता है। महिलाएं अपनी रसोई में रखें पदार्थों को प्रतिदिन त्वचा, आंखों, हाथ, पैरों, फेसमास्क, बॉडी स्क्रब तथा हेयर कंडीशनिंग के उपयोग में ला सकती है।*



### पुदीने का लेप चेहरे पर लगाएं

**हरे** पुदीने की पतियों को पीसकर इसमें दो-तीन बूंदें नींबू रस मिलाकर बने लेप को अपने चेहरे पर लगाकर 15 मिनट बाद ठंडे ताजे पानी से धो डालिए। इससे आप का चेहरा खिल उठेगा और कील मुहांसों से भी निजात मिलेगी। चेहरे पर मुहांसे हटाने के लिए नीम और पुदीने की सूखी पतियों में थोड़ी सी हल्दी, गुलाब जल और कैले माइन पाउडर मिलाकर बने पेस्ट को फ्रिज में रख लें और रोजाना नहाने से पहले चेहरे पर लगाने के बाद ठंडे ताजे पानी से धो डालिए।



### टमाटर का गूदा लगाने से खत्म होते मुहांसे

**चेहरे** पर रोजाना टमाटर का गूदा लगाने के 30 मिनट बाद साफ ताजे पानी से धोने से से भी कील मुहांसे खतम हो जाते हैं। तैलीय तथा कील मुंहासों से प्रभावित त्वचा के लिए एक चम्मच शहद में एक चम्मच नींबू रस तथा थोड़ी सी हल्दी मिलाकर उसका मिश्रण बना लीजिए तथा इस मिश्रण को चेहरे और गर्दन के खुले भाग में लगाकर आधा घंटा बाद साफ ताजे पानी से धो डालने से चेहरे की रंगत में निखार आएगा और कील मुहांसों से छुटकारा मिलेगा। आजकल के मौसम में हरा पुदीना पीस कर बने लेप को बीस मिनट तक चेहरे पर लगाने के बाद सामान्य पानी से धोने से त्वचा की गर्मी निकल जाती हैं। एक चम्मच बेसन, चुटकी भर हल्दी, एक चम्मच कच्चा दूध और एक चम्मच गुलाब जल मिलकर पेस्ट बना कर फ्रीज में रख लें। प्रति दिन नियमित रूप से इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने से चेहरे की त्वचा की रंगत में निखार आएगा।

### ब्लैक हैड्स की समस्या होगी खत्म

*एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी, एक चम्मच जौ के आटे में कच्चा दूध, कुछ पुदीने की पत्तियां और थोड़ी सी खस-खस मिलाकर स्क्रब बना लें तथा इसे चेहरे पर लगाने के बाद गोलाकार दिशा में स्क्रब करें और बाद में ताजे पानी से धो डालें। इससे ब्लैक हैड्स की समस्या खत्म हो जाएगी। फेस मास्क तैयार करने के लिए तीन चम्मच जैई को अंडे के सफेद भाग व एक चम्मच बादाम, दही तथा शहद में मिलाकर मिश्रण तैयार कर लीजिए। शुष्क त्वचा के लिए अंडे के पीले भाग का उपयोग कीजिए। इस फेस पैक में आप पक्के पपीते या संतरे के जूस का भी उपयोग कर सकते हैं। इस पैक को आंखों तथा होठों के भाग को छोड़कर बाकी चेहरे पर लगा लीजिए तथा इस मिश्रण को 30 मिनट बाद ताजे स्वच्छ पानी से धे डालिए। इससे त्वचा की रंगत निखरे। बादाम पाउडर, गुलाब जल, ग्लिसरीन और नींबू रस को बराबर मात्रा में मिलाकर पेस्ट बना लें तथा इस पेस्ट को रात्रि भर चेहरे पर लगा रहने के बाद सुबह ताजे साफ पानी से धो डालें। इसे हफ्ते में दो बार करने से आपका चेहरा मुलायम और रंगत में निखार आ जाएगी।*



**शहनाज हुसैन**
लेखिका अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ और हर्बल क्वीन के रूप में विख्यात।



### दूध व हल्दी के पेस्ट से झुर्रियां रोकने में मिलती मदद

**निम्बू** के रस में गुलाबजल और दूध मिलाकर बने मिश्रण को त्वचा पर लगाने के बीस मिनट बाद ठंडे पानी से धो डालिए। इससे त्वचा में आकर्षण और कोमलता आ जाएगी। दूध में हल्दी डालकर बने पेस्ट को त्वचा पर लगाने से त्वचा पर झुर्रियां रोकने में मदद मिलती है। इस मिश्रण को चेहरे, गर्दन पर लगाए और सूखने के बाद साफ ताजे पानी से धो डालें। इससे त्वचा में कोमलता और सौम्यता आएगी। आधे खीरे के रस में अंडे की सफेदी, एक चम्मच नींबू रस और एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर बने पेस्ट को सप्ताह में एक बार लगाने से चेहरे और खुले भाग से झुर्रियां कम हो जाती हैं तथा यह फ्री रैडिकल्स को रोकने में मददगार साबित होता है।

### बालों की जड़ों को मजबूत करने का नुस्खा

बालों की जड़ों को मजबूत करने और बालों को टूटने से बचाने के लिए 150 मिली सरसों के तेल में 50 मेहंदी के पत्ते डालकर उबाल लें तथा ठंडा होने के बाद इस मिश्रण को छानकर एक बोतल में भरकर ठंडे शुष्क स्थान पर रख लें। इस तेल के नियमित सेवन से आपके बाल मजबूत तथा मुलायम हो जाएंगे। चेहरे की रुखी और बेजान त्वचा में चमक लाने के लिए एक चम्मच बेकिंग सोडा, एक चम्मच जैतून तेल और आधा चम्मच शहद को मिलाकर बने मिश्रण को चेहरे पर लगाकर आधा घंटा बाद ताजे ठंडे पानी से धो डालिए। चेहरे पर चमक लाने के लिए एक ग्रीन टी बैग को उबाल कर ठंडा होने दें। इस उबली हुई ग्रीन टी के ठंडे पानी में दो चम्मच भूरी चीनी और एक चम्मच मिल्क क्रीम मिलाकर चेहरे पर स्क्रब की तरह लगाने के 20 मिनट बाद चेहरे को ताजे सामान्य पानी से धो डालें। इस मिश्रण को हफ्ते में दो बार लगाने से चेहरे की त्वचा खिल उठती हो और रंगत में निखार आता है।

### संतरे के जूस में शहद मिलाकर लगाएं चेहरे पर, त्वचा होगी कोमल

*__त्वचा__ की रोजाना खुराक के लिए एक चम्मच संतरे के जूस में शहद मिलाकर इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर 20 मिनट बाद चेहरे को ताजे स्वच्छ जल से धे डालिए व इससे त्वचा मुलायम तथा कोमल बन जाएगी। शहद सभी प्रकार की त्वचा के लिए उपयोगी साबित होता है। आंखों के सौंदर्य की प्रतिदिन देखभाल के लिए बादाम तेल को आंखों से सटी त्वचा पर हल्का-हल्का गोलाकार रूप में लगाइए। प्रत्येक आंखों की त्वचा पर अनामिका अंगुली की ओर से एक मिनट तक हल्की-हल्की मालिश कीजिए तथा उसे 15 मिनट बाद गीले काटन वूल से साफ कर दीजिए। हाथों तथा पांवों के सौंदर्य की प्रतिदिन देखभाल के लिए तीन चम्मच गुलाब जल, दो चम्मच नीबूं जूस तथा एक चम्मच शहद का मिश्रण तैयार कर लीजिए। इस मिश्रण को हाथों तथा पांवों पर लगाकर आध घंटा बाद ताजे पानी से धो डालिए।*



### महिलाएं ब्यूटी पॉर्लर क्षेत्र में कर सकती आर्थिकी मजबूत

*__ब्यूटी__ पार्लर क्षेत्र में रोजगार के अवसर विभिन्न स्तरों पर उपलब्ध हैं। आप अपना खुद का ब्यूटी पॉर्लर खोल सकते हैं, एक ब्यूटी पॉर्लर में काम कर सकते हैं या फिर ब्यूटीशियन और हेयरड्रेसर के रूप में भी काम कर सकते हैं। इससे महिलाएं अपनी आर्थिकी को मजबूत तो कर ही सकती हैं, वहीं परिवार के पालन-पोषण में भी अपना हाथ बंटा सकती हैं। ब्यूटी पार्लर क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए एक अच्छी शिक्षा और प्रशिक्षण आवश्यक है। आप ब्यूटी पार्लर में काम करने के लिए एक ब्यूटीशियन या हेयरड्रेसर के रूप में काम करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्राप्त करने के लिए एक ब्यूटीशियन या हेयरड्रेसिंग स्कूल में जा सकते हैं।*

**ब्यूटी पार्लर में काम:** आप विभिन्न प्रकार के ब्यूटी पॉर्लर जैसे कि हेयर सैलून, हेयर स्टाइलिस्ट, मेकअप आर्टिस्ट, नेल तकनीशियन, त्वचा विशेषज्ञ या अन्य संबंधित भूमिकाओं में काम कर सकते हैं।



*मीना कुमारी, हमीरपुर*

**अपना ब्यूटी पार्लर खोलना :** आप अपना खुद का ब्यूटी पार्लर खोलकर अपने व्यवसाय को शुरू कर सकते हैं। आप विभिन्न प्रकार के ब्यूटी पॉर्लर की स्थापना कर सकते हैं, जैसे कि हेयर सैलून, स्पा, डे स्पा और मेडिकल स्पा।

**ब्यूटीशियन और हेयरड्रेसर के रूप में काम:** आप ब्यूटीशियन और हेयरड्रेसर के रूप में भी काम कर सकते हैं, चाहे आप किसी ब्यूटी पॉर्लर में काम करें या स्वतंत्र रूप से काम करें।

**ब्यूटी पार्लर क्षेत्र में रोजगार**

***हेयर स्टाइलिस्ट विभिन्न प्रकार के हेयर कट, कलरिंग, हाइलाइटिंग और हेयर स्टाइलिंग सेवाएं प्रदान करते हैं।***

- मेकअप आर्टिस्ट मेकअप सेवाएं जैसे कि विशेष अवसरों के लिए मेकअप, दुल्हन मेकअप और फैशन मेकअप।
- नेल तकनीशियन नेल देखभाल सेवाएं प्रदान करते हैं, जैसे कि मैनीक्योर, पेडीक्योर, नेल आर्ट और नेल एक्सटेंशन।
- त्वचा विशेषज्ञ त्वचा देखभाल सेवाएं प्रदान करते हैं, जैसे कि त्वचा की सफाई, वैक्सिंग इत्यादि।

### गर्मियों में महिलाएं नहीं भूलती अपने बैग में फेशियल वाइप्स रखना

**चेहरे** को साफ करने के लिए फेशियल वाइप्स का प्रयोग बड़ा आसान, सुविधाजनक और अच्छा माना जाता है। फेशियल वाइप्स द्वारा बिना पानी के चेहरे की त्वचा साफ भी हो जाती है और चेहरे की नर्व्स में ब्लड सर्कुलेशन भी बढ़ता है। फेशियल वाइप्स का उपयोग चेहरे पर थकान दूर करने के इलाबा आंखों के आसपास फैले लाइनर और काजल को ठीक करने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। फेशियल वाइप्स त्वचा को धूल, मिट्टी और प्रदूषण से बचाने के अत्यंत जरूरी माना जाता है। वहीं, दूसरी ओर फेशियल वाइप्स स्किन को साफ करते रहने के लिए भी काफी उपयोगी माना जाता है। गीले फेस वाइप्स को आप अपनी सुविधा के अनुसार उपयोग कर सकती हैं। इस गीले फेस वाइप्स का उपयोग आप यात्रा के दौरान, जिम के बाद या जब आपके पास पानी और फेस वॉश उपलब्ध नहीं हो, इन सभी परिस्थितियों में कर सकती हैं। एक वाइप निकाल कर चेहरे को साफ करने से आपकी त्वचा तुरंत साफ और ताजा महसूस महसूस करती है। इसमें एक कैच यह भी है कि बाजार में उपलब्ध ज्यादातर फेशियल वाइप्स एलकोहॉलिक होती हैं, जिनके नियमित उपयोग से आपकी त्वचा शुष्क और बेजान हो सकती है और कील मुहांसों की समस्या भी उभर सकती है। बाजार में उपलब्ध वाइप्स का उपयोग करने के बाद आप अपनी स्किन को मॉइश्चराइज करना न भूलें। यह स्किन की हाइड्रेशन को बनाए रखने में मदद करता है और त्वचा को कोमल और स्वस्थ रखता है।



## देहरा में जनसंवाद कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व मंत्री की मुलाकात चर्चा में

# अनुराग से मिलने आए धवाला को मंच पर नहीं मिली बैठने की जगह

शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान

**देहरा।** देहरा में शनिवार को भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का जन संवाद कार्यक्रम खासा चर्चा में रहा। कार्यक्रम में भीड़ भी जुटी और सांसद का जोरदार स्वागत भी हुआ, लेकिन इसी बीच एक ऐसा दृश्य सामने आया, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री रमेश धवाला तो कार्यक्रम में पहुंचे, लेकिन संगठन के किसी नेता ने उन्हें कुर्सी तक नहीं दी। यह कार्यक्रम देहरा के जल शक्ति विभाग के रेस्ट हाउस में हुआ। खास बात यह रही कि कार्यक्रम बीजेपी के जिला कार्यालय में नहीं, बल्कि उससे करीब 200 मीटर दूर रेस्ट हाउस में रखा गया। कार्यक्रम में जब रमेश धवाला पहुंचे, तो मंच पर पहले से मौजूद विधायक होशियार सिंह के समर्थित हरिपुर और ढलियारा के मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंत्री रविंद्र सिंह रवि, बीजेपी जिला अध्यक्ष अजय खट्टा और अन्य नेता अनुराग ठाकुर के साथ बैठे थे। इस दौरान किसी ने भी धवाला को बैठने की जगह नहीं दी। इस पर उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि कोई बात नहीं, मैं जनता के बीच ही बैठ जाता हूं, आप लोग अपनी कुर्सी संभालकर रखना। बाद में जब मीडिया ने इस बारे में सवाल किया तो रमेश धवाला ने कहा कि वह अनुराग ठाकुर को सम्मान देने आए थे। उन्होंने कहा कि अनुराग ने विदेश में भारत की मजबूत आवाज रखी है और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए मैं उन्हें बधाई देने आया था। इसमें कोई राजनीति नहीं है। बस यही कहूंगा कि तिल का ताड़ न बनाएं। धवाला ने बताया कि बीजेपी से मिले नोटिस का जवाब दे चुके हैं, लेकिन वह जवाब अभी सार्वजनिक नहीं करेंगे। जल्द ही वह सबकुछ जनता के सामने रखेंगे।


सांसद अनुराग से मिलते रमेश धवाला।

- होशियार समर्थकों से कहा जनता के बीच बैठ जाता हूं, आप अपनी कुर्सी संभालकर रखना
- बोले- अनुराग ने विदेश में रखी भारत की मजबूत आवाज

# राहुल ने पैरामोटर ग्लाइडिंग क्षेत्र में दिलाई पहचान : संजय रत्न

## ज्वालामुखी में विशेष समारोह में नादौन क्षेत्र के युवा को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी

**हमीपुर** नादौन क्षेत्र के युवा राहुल गढ़वाल ने पैरामोटर ग्लाइडिंग के क्षेत्र में प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राहुल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विधायक संजय रत्न ने ज्वालामुखी में एक विशेष समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि यह प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि हमारे बीच से एक ऐसा युवा निकलकर सामने आया है, जिसने पैरामोटर ग्लाइडिंग के क्षेत्र में प्रदेश को देश-विदेश में पहचान दिलाई।

राहुल की सफलता न केवल व्यक्तिगत है, बल्कि यह प्रदेश के अन्य युवाओं को भी साहसिक खेलों की ओर प्रेरित करेगी। राहुल ने पिछले कुछ महीनों में ज्वालामुखी क्षेत्र में कई सफल पैरामोटर ग्लाइडिंग ट्रायल्स किए हैं, जिनसे स्थानीय लोग आश्चर्यचकित और उत्साहित हैं। उनके साहस और कौशल की वजह से उपमंडल के हर कोने में उनके पैरामोटर उड़ानों की चर्चा हो रही है। स्थानीय युवाओं में भी अब इस खेल को अपनाने की लहर तेज हो रही है। विधायक ने बताया कि प्रदेश सरकार साहसिक खेलों, खासकर पैराग्लाइडिंग और पैरामोटरिंग को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि ज्वालामुखी सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर नई पैराग्लाइडिंग साइट्स का चयन किया जा चुका है, जिससे यहां पर्यटन को एक नई दिशा मिलेगी।


ज्वालामुखी में विशेष समारोह में राहुल को सम्मानित करते विधायक संजय रत्न।

## सालगिरह मुबारक


नगरोटा बगवां के वार्ड-5 के हरबंस शर्मा और इंदिरा शर्मा ने शादी की 50वीं सालगिरह मनाई। गोल्डन जुबली के इस मौके पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## आईटीआई बैजनाथ में रोजगार मेला कल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** आईटीआई बैजनाथ में सोमवार को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष आईएमसी आईटीआई बैजनाथ राजकुमार बताया कि रोजगार मेले में आठवीं, दसवीं, प्लस टू और आईटीआई होल्डर के विभिन्न ट्रेडों के युवक भाग ले सकते है। नियुक्ति होने वाले उम्मीदवारों को 10000 से 25000 तक वेतन और अन्य सुविधाएं दी जाएगी। बरोटीवाला, परमाणु सोलन, बद्दी, गुड़गांव रोपड़, मोहाली की कंपनियां इंटरव्यू लेंगी।

## बैजनाथ पुलिस ने लिए नियमों की अवहेलना पर 6 वाहन कब्जे में



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** थाना प्रभारी बैजनाथ मुनीश के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। पंडोल रोड़, बंडिया खोपा, पपरोला, बैजनाथ, महाकाल तथा अन्य क्षेत्रों में तेज गति से दोपहिया वाहन चलाने वाले पर कार्रवाई की। वहीं, स्थानीय लोगों को नाकेबंदी के दौरान ट्रैफिक नियमों से अवगत करवाया गया। नियमों का उल्लघंन करने वाले व बिना लाइसेंस तथा बिना नंबर प्लेट तथा तेज गति से दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों के कुल 6 वाहनों को कब्जे में लिया है। युवा चालकों के माता-पिता को पुलिस थाना पर बुलाकर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। वहीं, जिन दोपहिया वाहनों में अत्यंत ध्वनि वाले साइलेंसर लगे थे उनके चालान काटे जाएंगे। डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

- बिना लाइसेंस व तेज गति से वाहन चलाने पर कार्रवाई

## पालमपुर के मरीजों को इलाज के लिए नहीं जाना पड़ेगा बाहर

# राणा हॉस्पिटल में हृदय संबंधी रोगों की अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं शुरू

अजय पाल, अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** अब पालमपुर में हृदय संबंधी रोगों की अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं शुरू कर दी गई है। पालमपुर के चिकित्सा संस्थान राणा हॉस्पिटल ( राणा हॉस्पिटल हार्ट केयर सेंटर) में यह सुविधा उपलब्ध होंगी।



लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर यहां पर हार्ट केयर सेंटर शुरू कर दिया है। अब हृदय रोग से संबंधित मरीजों का समय पर इलाज हो पाएगा। इस तरह का अत्याधुनिक अस्पताल खोल कर राणा ने पालमपुर क्षेत्र के लोगों के लिए एक सौगात दी है। लोगों को अब हृदय संबंधी रोगों के इलाज के लिए बाहरी राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। राणा हॉस्पिटल में एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी व पेसमेकर इंस्टालेशन, इको व इसीजी की सुविधा भी शुरू कर दी है। इस हॉस्पिटल में हृदय रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु एवं बाल रोग, जनरल सर्जरी, मेडिसिन, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड व खून की सभी प्रकार की जांच चौबीस घंटे उपलब्ध है। अस्पताल में एंबुलेंस की सुविधा पहले से ही है। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गुरुप्रीत सिंह एमडी मेडिसिन डीएम कार्डियोलॉजी, आधुनिक कार्डियोलॉजी तकनीकों में काफी माहिर हैं। डॉ. गुरुप्रीत ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य पालमपुर व आसपास के क्षेत्रों के लोगों को किफायती व बेहतरीन चकित्सा सुविधा घर द्वार में ही उपलब्ध करवाना है।

### बेहतरीन चिकित्सा सुविधा देना उद्देश्य : डॉ. जयदेव

**राणा** अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. जयदेश राणा ने कहा कि हमारे अस्पताल में अत्याधुनिक तकनीक से इलाज किया जाता है। उन्होंने कहा कि कम खर्च में बेहतरीन चिकित्सा सुविधा देना हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सरकारी कर्मचारियों के लिए रिवर्समेंट की सुविधा व शिपिंग से मान्यता प्राप्त मेडिकल सर्टिफिकेशन की सुविधा भी उपलब्ध है, जो समुद्री सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए उपयोगी साबित होगी।

# सुक्खू सरकार के राज में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई : चक्षु

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**प्रदेश** भाजपा के सह मीडिया प्रभारी एवं पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया को-ऑर्डिनेटर विश्व चक्षु ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले अढ़ाई वर्षों से प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हुई हैं।



- जयराम से सीख कर काम करे सुक्खू सरकार व हेल्थ सेक्टर

अब व्यवस्था परिवर्तन की दौहाई देने वाले मुख्यमंत्री सुक्खू ने अस्पतालों में पर्ची का मूल्य 10 रुपए रखने से स्वास्थ्य सेवाओं की कमर को तोड़कर रख दिया है। उन्होंने कहा पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने घर-द्वार पर स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दी थी। इतना ही नहीं कोरानाकाल में भी उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को ओर मजबूत किया तथा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए, ताकि लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में 10 रुपए वसूलना गरीब और जरूरतमंद मरीजों के साथ अन्याय है। सुक्खू सरकार ने हिम केयर और आयुष्मान योजना के बजट को रोके रखा है, जिसके चलते हार्ट सर्जरी जैसी जरूरी ऑपरेशनों पर भी रोक लगी हुई है। आज गंभीर बीमारियों से लड़ रहे रोगी तड़फने को मजबूर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार व उसके हेल्थ सेक्टर को जयराम ठाकुर से सीख लेकर चलाने की जरूरत है, ताकि अस्पतालों की दशा में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि जसराम ठाकुर के कार्यकाल के दौरान प्रदेशवासियों को महंगे से महंगे इंजेक्शनों और इलाज की मुफ्त सुविधाएं दी गई थीं, लेकिन वर्तमान सरकार की उदासीनता के कारण अब लोगों का इलाज संकट में है। आज हालात यह हैं कि सरकारी अस्पतालों को छोड़ गरीब लोगों को निजी अस्पतालों में महंगे दामों पर इलाज करवाने के लिए बाध्य होना पड़ गया है।

## फतेहपुर के डॉक्टर कुलविंदर विहाल नहीं रहे

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** फतेहपुर में बिंदु क्लीनिक के डॉक्टर कुलविंदर विहाल का 50 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने टांडा मेडिकल कॉलेज में सुबह अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका डीएमसी लुधियाना के बाद पीजीआई चंडीगढ़ में उपचार चल रहा था। बीती रात तबीयत बिगड़ने पर टांडा ले जाया गया, जहां आज सुबह अंतिम सांस ली। पैतृक गांव जगनोली में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान फतेहपुर बाजार बंद रहा। वे पिछले पच्चीस साल से बिंदु क्लीनिक में सेवाएं दे रहे थे।



## स्वामी विवेकानंद की याद में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ


भाजपा के जिला महामंत्री राकेश चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

कोहली, अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** स्वामी विवेकानंद की याद में शाहपुर यूनिवर्सिटी ग्राउंड में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

भाजपा के जिला महामंत्री राकेश चौहान ने मुख्य अतिथि शिरकत कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। यह टूर्नामेंट स्वामी विवेकानंद की देशभक्ति राष्ट्र के प्रति प्रेम व समाजसेवा से प्रभावित होकर कॉलेज के विद्यार्थियों की ओर से आयोजन करवाया गया। उद्घाटन मैच यूनिवर्सिटी और शाहपुर कॉलेज के विद्यार्थियों की टीमों के बीच में खेला गया। इस दौरान में विशेष तिथि के रूप में शाहपुर भाजपा मंडल के अध्यक्ष रविंद्र शर्मा भी मौजूद थे। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों के प्रति और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशा देश के साथ-साथ पूरे परिवारों को भी खत्म कर देता है। सरकारों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी बढ़ावा देना चाहिए। हर गांव के स्कूल में खेल मैदान होना।

## अमृतसर-जम्मू हाईवे पर सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** अमृतसर-जम्मू हाईवे पर शुक्रवार देर रात हुए को एक कार और टूरिस्ट बस की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। कार गुरदासपुर की तरफ से आ रही थी और टूरिस्ट बस जोकि यूपी नंबर की बताई जाती है, जम्मू की तरफ से आ रही थी। लोगों का कहना है कि कार काफी तेज गति में आ रही थी। अचानक कार का संतुलन बिगड़ा और वह डिवाइडर पार करके सामने से आ रही बस से जा टकराई और कार के परखच्चे उड़ गए। इसमें दो लोग सवार थे।



सिविल अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात मेडिकल ऑफिसर के अनुसार दो युवाओं को मृतक हालत में लाया गया। शव मोर्चरी में रखवा दिए हैं। पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों के हवाले कर दिए जाएंगे। थाना प्रभारी सदर ने बताया कि प्रीतम कुमार निवासी गांव घुला ब्रह्मना थाना दीनानगर जिला गुरदासपुर ने बयान दर्ज करवा है कि उसका पौत्र केशव आनंद और उसका साथी हर्ष और वे तीनों पठानकोट जा रहे थे। दोनों युवक कार में थे और वह खुद मोटर साइकल पर सवार होकर जा रहा था। जब वह पठानकोट के मलिकपुर चौक निकट पहुंचे तो केशव आनंद के पीछे आ रहे टूरिस्ट बस चालक ने लापरवाही बरतते हुए उसके केशव की गाड़ी को टकर मार दी, जिसके चलते केशव और हर्ष की इस हादसे में मौत हो गई है। बस का ड्राइवर मौके पर से फरार हो गया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बद्दी यूनिवर्सिटी में दाखिले की प्रक्रिया शुरू, प्लेसमेंट का मौका

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**बद्दी** यूनिवर्सिटी में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बद्दी यूनिवर्सिटी के डीन डॉ. अरुण कांत ने धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि संस्थान बहुत पुराना है। प्लसमेंट कि लिए भी बद्दी यूनिवर्सिटी अव्वल है। साथ ही एक्सपोजर विजिट के लिए बद्दी हब है। कंप्यूटर साइंस के हर प्रकार करवाए जाते हैं। बद्दी यूनिवर्सिटी में दाखिले की प्रक्रिया शुरू है। वहीं प्लेसमेंट का मौका दिया जाता है।

एआई, साइबर सिक्योरिटी सहित इंडस्ट्री के बेस्ड सिस्टम है। थ्योरी व प्रैक्टिकल साथ ही चलते हैं। उन्होंने कहा कि कंपनियों के साथ उनका एमओयू हुआ है, जिसमें इंटर्नशिप करने पर ही 12 हजार प्रदान किए जाते हैं। डायरेक्टर ने कहा कि मैनजमेंट कोर्सेज में भी एमबीए, बीबीए सहित सभी प्रकार के कोर्स शामिल हैं। कंपनी के साथ टाइअप किया है, जिसमें शुरुआती ट्रेंनिग पर ही 21 हजार मिलने शुरू होते हैं। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी की ओर से हर कोर्स के साथ इंडस्ट्रियल विजिट भी रहती है, जबकि प्लसमेंट के लिए भी साथ-साथ ही का किया जाता है। यूनिवर्सिटी में फार्मासूटिकल साइंसेज के कोर्स के लिए भी एशिया के हब बद्दी में रोजगार व स्वरोजगार के सभी ऑप्शन उपलब्ध रहते हैं। अरुण कांत ने कहा कि यूनिवर्सिटी की ओर से छात्रों की ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए कार्य किया जा रहा है। इसमें सिंगल गर्ल चाइल्ड को 50 प्रतिशत, डिफेंस में 20 फीसदी, कोविड सहित एससी-एसटी को भी छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है।


धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते बद्दी यूनिवर्सिटी के डीन डॉ. अरुण कांत।

## कोटला में एक-दूसरे के गले लगकर मनाई बकरीद



शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान

**कोटला।** कोटला क्षेत्र के मुस्लिम तथा हिंदू भाईचारे ने मिलकर बड़े हर्षोल्लास से एक-दूसरे के गले मिलकर ईद-उल-जुहा (बकरीद) को मनाया। रजोल, चननी, त्रिलोकपुर, भाली, जोलना, कुठेड़ आदि ईदगाहों तथा मस्जिदों में मुस्लिम भाइयों ने ईद-उल-जुहा की नमाज अदा की। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के उत्तर क्षेत्रीय संयोजक केडी हिमाचली ने अपील की कि देश की एकता अखंडता कायम रखने राष्ट्रवादी विचारधारा के अंतर्गत देश को सर्वोपरि रखना, वतन से मोहब्बत करना और बच्चों को जिसमें विशेषकर लड़कियों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया जाना, समाज निर्माण करके हमने अपने हिंदुस्तान को विश्व गुरु बनाने में आगे बढ़ाना है। उन्होंने पहलगाम हमले की निंदा करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर खुशी जहर की।


**समारोह** कृषि मंत्री बोले- हल्दी की खेती करें किसान, सरकार दे रही 90 रुपए प्रति किलो एमएसपी

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रयास: चंद्र

अनंत ज्ञान, जवाली

**कृषि** एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने जवाली विधानसभा क्षेत्र के एक निजी पैलेस में आयोजित महिला सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस अवसर पर महिला मंडलों की ओर से कृषि मंत्री को शॉल, टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि उन्होंने क्षेत्र के सभी 36 महिला मंडलों को उनके कार्यों के लिए 20-20 हजार रुपये की सहायता देने का वादा किया था, जिसमें से 10-10 हजार रुपए की पहली किस्त जारी कर दी गई है और दूसरी किस्त भी जल्द ही दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि हमारे पहाड़ी क्षेत्रों में महिलाएं खेती की रीढ़ हैं और उनके योगदान के बिना कृषि की कल्पना भी नहीं की जा सकती। प्रदेश सरकार खेती को लाभकारी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हल्दी की खेती को लाभदायक बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक रूप से उगाई गई कच्ची हल्दी पर 90 रुपए प्रति किलोग्राम की एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) निर्धारित की है। उन्होंने बताया कि हल्दी के औषधीय गुण अनेक बीमारियों से बचाव में सहायक हैं।



- कृषि मंत्री ने ज्वाली में 36 महिला मंडलों को दी आर्थिक सहायता

हल्दी का उपयोग दवा, खाद्य और कॉस्मेटिक उद्योगों में किया जाता है, इसीलिए इसकी मांग देश-विदेश में लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हल्दी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे जंगली या आवारा जानवर नुकसान नहीं पहुंचाते, जिससे किसानों को फसल की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त चिंता नहीं करनी पड़ती। कार्यक्रम में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक नार्थ जोन राहुल कटोच,उपनिदेशक कुलदीप धीमान, प्रोजेक्ट निदेशक आरके भारद्वाज,ब्लॉक प्रॉजेक्ट मैनेजर नंदिनी कपूर, बीडीओ मनोज शर्मा,उपमंडलीय भू-संरक्षण अधिकारी चंचल राणा,पूर्व ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्षा इंदु बाला, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चैन सिंग गुलेरिया, कांग्रेस प्रवक्ता संसार सिंह संसारी, कांग्रेस नेता अश्विनी चौधरी सहित विभिन्न महिला मंडलों के सदस्य उपस्थित रहे।

### हल्दी की जैविक खेती को अपनाएं, करें आर्थिकी मजबूत

**चंद्र** कुमार ने महिला मंडलों से आग्रह किया कि वे समूह बनाकर हल्दी की जैविक खेती को अपनाएं और अपनी आर्थिकी को मजबूत करें। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक रूप से उगाई गई गेहूं और मक्की पर भी सरकार ने एमएसपी में वृद्धि की है, जिससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। यह कदम प्राकृतिक खेती को आर्थिक रूप से लाभकारी बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती पशुधन पर आधारित होती है, इसलिए सरकार ने भैंस के दूध पर 61 रुपए प्रति लीटर और गाय के दूध पर 51 रुपए प्रति लीटर की एमएसपी दी है ताकि पशुपालन को भी बढ़ावा मिले और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिले।

### महिलाओं को दी प्राकृतिक खेती के लाभों और वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी

कृषि विभाग और आत्मा परियोजना के अधिकारियों ने उपस्थित महिलाओं को प्राकृतिक खेती के लाभों और वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी भी दी और आह्वान किया कि वे आगे आकर इन योजनाओं का लाभ लें और कृषि को लाभदायक बनाएं। कार्यक्रम के अंत में महिला मंडलों की प्रतिनिधियों ने कृषि मंत्री का आभार व्यक्त किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

## एनसीसी कैडेट्स ने जॉन चर्च और दलाईलामा मंदिर का किया भ्रमण


एनसीसी कैडेट्स धर्मशाला भ्रमण के दौरान।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**हिमाचल** की वादियों में ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रेकिंग एक्सपेडिशन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत 306 उत्साही गर्ल्स एनसीसी कैडेट्स ने मैक्लोडगंज के ऐतिहासिक सेंट जॉन चर्च और दलाईलामा मंदिर का भ्रमण किया। प्रतिभागियों ने चर्च की गोथिक वास्तुकला और मंदिर के शांत वातावरण का भरपूर आनंद लिया।

उन्होंने मैक्लोडगंज के स्थानीय बाजारों और संस्कृति को भी नजदीक से देखने-समझने का अवसर प्राप्त किया। इसी कड़ी में उत्तराखंड और राजस्थान डायरेक्टोरेट के 204 उत्साही एनसीसी कैडेट्स का आगामी बैच हिमट्रेक के लिए पंजीकरण करवाया गया। यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश स्वतंत्र एनसीसी कंपनी धर्मशाला की ओर से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनीष मोदी के कुशल मार्गदर्शन में हो रहा है। कैंप में सेकंड-इन-कमांड मेजर तरुणा और कैंप दंडपाल एवं पीआरओ कैप्टन डॉ. मोनिका शर्मा है।

कैंप कमाडेंट कर्नल मनीष मोदी ने बताया कि यह अभियान एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स को न सिर्फ प्रकृति से जोड़ रहा है, बल्कि उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर केलवी दौरे पर कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 9 जून को जुब्बल विधानसभा क्षेत्र के अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान केलवी में आयोजित बहुप्रतीक्षित पालिका प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि मंत्री सुबह 9:00 बजे समारोह स्थल पर पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम को स्थानीय विकास और सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें मंत्री की उपस्थिति से क्षेत्र में नई ऊर्जा आने की उम्मीद है। यह दौरा जुब्बल विधानसभा क्षेत्र में सरकार की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करेगा।

### श्रीखंड महादेव यात्रा अगले माह होगी शुरू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में उत्तर भारत की सबसे कठिन मानी जाने वाली श्रीखंड महादेव यात्रा इस साल 10 जुलाई से 23 जुलाई 2025 तक आयोजित की जाएगी। यात्रियों को 250 रुपये का पंजीकरण शुल्क देना होगा और पंजीकरण ऑनलाइन किया जाएगा। जानकारी मिली है कि यात्रा को पांच सेक्टरों में बांटा गया है और यात्रियों की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए जाएंगे। आपदा वर्ष में क्षतिग्रस्त हुए यात्रा मार्ग के मरम्मत का कार्य जारी है। यात्रियों की स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल टीमें भी तैनात रहेंगी। यात्रा के दौरान पर्वतारोहण संस्थान का दल सहायता के लिए मौजूद रहेगा। सिंहगाड़, थाचड़ू, कुनाशा, भीम दवारी और पार्वती बाग में बेस कैंप स्थापित किए जाएंगे, जहां मेडिकल स्टाफ, राजस्व और बचाव दल मौजूद रहेंगे।

### रामपुर श्रमिक बोर्ड का घेराव 18 जून को

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश भवन सड़क एवं अन्य निर्माण मजदूर यूनियन (सीटू) ने घोषणा की है कि वे 18 जून को रामपुर में श्रमिक कल्याण बोर्ड कार्यालय का घेराव करेंगे। यह प्रदर्शन मजदूरों के लंबित लाभों, पंजीकरण और नवीनीकरण में हो रही देरी के खिलाफ है। यूनियन का आरोप है कि 2020 से कई मजदूरों के लाभ बकाया हैं, और नवीनीकरण का काम भी छह महीने से रुका हुआ है। 2022 में पंजीकृत मजदूरों को पासबुक अब जून 2025 में मिल रही है। आज के जिला सम्मेलन में सुनील मेहता को अध्यक्ष और दिनेश मेहता को महासचिव चुना गया। यूनियन ने केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों की भी आलोचना की और 9 जुलाई को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की हड़ताल में शामिल होने का ऐलान किया।

### किन्नर बनकर ठगी करने वाला गिरोह सक्रिय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला शहर में पिछले कुछ दिनों से नकली किन्नरों का एक गिरोह सक्रिय है, जो बाजारों, दुकानों और यहां तक कि आवासीय क्षेत्रों में जाकर लोगों से जबरन पैसे वसूल रहा है। ये लोग असली किन्नरों की वेशभूषा में आते हैं और धमकी देकर या भावनात्मक ब्लैकमेल करके लोगों से ठगी कर रहे हैं। शिकायतें मिलने के बाद शिमला पुलिस ने इस मामले का संज्ञान लिया है और लोगों को ऐसे धोखेबाजों से सतर्क रहने की सलाह दी है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे ऐसे संदिग्ध लोगों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### नमाज अदा कर अमन शांति की मांगी दुआ

**महेंद्र कुमार अनंत ज्ञान, सुन्नी।** उपमंडल सुन्नी में ईद-उल-जुहा का त्योहार शनिवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। ईद की नमाज अदा करने के लिए लोग सुबह आयशा मस्जिद सुन्नी पहुंचे। इस दौरान सुन्नी भलान, चुराग, चीला मदरेच, अणु, बसंतपुर से मुस्लिम समुदाय के स्थानीय एवं कामकाजी लोगों ने हिस्सा लिया।इस अवसर पर आयशा मस्जिद सुन्नी के ईमाम शादिदूल इस्लाम ने नमाज अता की।नमाज अता करने के बाद लोगो ने एक-दूसरे के गले मिल कर बधाई दी। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद पर नमाज अता करके सुख-समृद्धि एवं अमन शांति की दुआ मांगी। पूर्व अध्यक्ष आयशा मस्जिद सुन्नी मुश्ताक कुरैशी ने बताया कि इस वर्ष भी सुन्नी में ईद उल जुहा का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया।समुदाय के लोगों ने जहां एक दूसरे को बधाई दी,वहीं क्षेत्र के गेर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी मुस्लिम समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दी। बाबूराम, हेतराम हरनोट, रूपलाल कौंडल ने ईद की मुबारकबाद देकर समुदाय के लोगों से अमन शांति बनाए रखने में सहयोग मांगा।

# परिजनों से बिछड़े बच्चे के लिए फरिश्ता बने सीएम सुक्खू, माता-पिता से मिलवाया

## मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता, रोते-बिलखते बच्चे का हाथ पकड़कर करवाया शांत

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** शिमला में एक दिल छू लेने वाली घटना सामने आई है, जहां सीएम सुक्खू ने अपनी संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई से एक बिछड़े हुए बच्चे को उसके माता-पिता से मिलवाया। मालरोड पर चहलकदमी करते हुए अचानक सीएम सुक्खू ने एक हृदयविदारक दृश्य देखा, जहां एक चार साल का बच्चा अपने माता-पिता से बिछड़कर रो रहा था। महापौर सुरेंद्र चौहान और अन्य लोगों के साथ सीएम पैदल ओक ओवर की ओर जा रहे थे, तभी उनकी नजर इस रोते हुए बच्चे पर पड़ी।



### सीएम ने परिवार को असहनीय पीड़ा से बचाया

**यह** घटना सीएम सुक्खू की जन-केंद्रित कार्यशैली और उनकी व्यक्तिगत संवेदनशीलता को दर्शाती है। उनकी त्वरित और मानवीय पहल ने एक परिवार को असहनीय पीड़ा से बचाया और शिमला की इस सुखद घटना ने सभी को भावुक कर दिया।

### सुख आश्रय योजना भी मानव संवेदना का एक पहलू

**गौरतलब** है कि सीएम सुक्खू ने सत्ता संभालते ही गरीब, बेसहारा और पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना अस्तित्व में लाई, जो उनकी संवेदनशीलता को दर्शाती है, जो प्रदेश में सामाजिक न्याय और समावेशी विकास का एक नया अध्याय लिख रही है। यह न केवल वंचितों को तत्काल राहत प्रदान करती है, बल्कि उन्हें सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर भविष्य की ओर बढ़ने का मार्ग भी प्रशस्त करती है। यह योजना अन्य राज्यों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बन सकती है।

अपनी मानवीयता का परिचय देते हुए, सीएम सुक्खू ने बच्चे का हाथ पकड़ा और उसे अपने साथ ले गए। उन्होंने बच्चे को चॉकलेट दिलाई और कहानियां सुनाकर उसे शांत करने का प्रयास किया। बच्चा इतना भयभीत हो गया था कि उसकी तबीयत बिगड़ने लगी थी।

मुख्यमंत्री ने तुरंत पुलिस को बच्चे के माता-पिता का पता लगाने के निर्देश दिए। कुछ देर बाद, पुलिस को बच्चे के पिता नाज चौक के पास मिले, जो अपने बेटे को ढूंढते हुए काफी परेशान थे। पुलिस ने उन्हें सूचित किया कि उनका बच्चा सुरक्षित है। पिता ने बताया कि वे और उनकी पत्नी अपने बेटे के साथ मालरोड पर घूम रहे थे कि अचानक उनका बेटा आंखों से ओझल हो गया। वे करीब एक घंटे से अपने बेटे की तलाश में मालरोड पर भाग-दौड़ कर रहे थे। जब बच्चे के माता-पिता मुख्यमंत्री के पास पहुंचे और अपने बेटे को सुरक्षित देखा, तो उन्होंने राहत की सांस ली। राजस्थान से आए सैलानियों ने सीएम सुक्खू का हार्दिक धन्यवाद किया।

# जुन्गा अस्पताल में आपदा से निपटने के लिए करवाई मॉक ड्रिल



जुन्गा अस्पताल में आपदा से निपटने के लिए मॉक ड्रिल करते हुए।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**सिविल** अस्पताल जुन्गा में चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोज वर्मा की अगुवाई में मॉक ड्रिल का अभ्यास करवाया गया। जिसमें भूकंप अथवा आगजनी जैसी आपदा स्थिति में अस्पताल में मरीजों का बचाव व राहत कार्य का संचालन बारे व्यवहारिक अभ्यास करवाया गया।

डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति की सूचना देने के लिए अस्पताल के दरवाजे पर अलार्म लगाया गया है जिसकी आवाज से पूरे अस्पताल में स्टाफ व मरीज सर्तक हो जाते हैं। इस मॉक ड्रिल में भूकंप अथवा आगजनी जैसी घटना से किस प्रकार बचाव किया जा सकता है इस बारे विस्तार से जानकारी दी गई। इस मॉक ड्रिल में मनीष, प्रियंका, सिस्टर हेमलता, शीतल व जयकृष्ण सहित कई मौजूद रहे।

# घर-घर पहुंचाएंगे मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां: कर्ण नंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**केंद्र** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में, भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रव्यापी अभियान 'संकल्प से सिद्धि तक' शुरू कर रही है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की नीतियों और विकास यात्रा को जन-जन तक पहुंचाना है। अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें पत्रकार वार्ताएं, 'बदलता भारत' डिजिटल प्रतियोगिता, और 'विकसित भारत संकल्प सभाएं' शामिल हैं।

पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए, भाजपा पूरे प्रदेश के 8009 बूथों पर 11-11 पेड़ लगाएगी, जिसका कुल लक्ष्य एक लाख से अधिक पौधे लगाना है। विशेष रूप से, 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने का अभियान भी चलाया जाएगा। अभियान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून), डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 'बलिदान दिवस' (23 जून) पर बूथ चौपाल और पंच प्राण प्रतिज्ञा संकल्प, प्रोफेशनल मीट, और आपातकाल के 50 वर्ष (25 जून) जैसे कार्यक्रम भी शामिल होंगे।



**बोले- संकल्प से सिद्धि तक अभियान होगा शुरू**

नंदा ने कहा कि भाजपा हर काम के लिए कार्यकर्ता और हर कार्यकर्ता के लिए काम की नीति पर चलते हुए इस अभियान को सफल बनाएगी, जिससे केंद्र सरकार के विकास कार्यों और जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाई जा सके।

# शोघी में 21 ग्राम चिट्टे के साथ तीन गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के शोघी में विशेष टीम ने नियमित गश्त के दौरान 21.07 ग्राम चिट्टे (हेरोइन) के साथ तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान अनुज दुग्गल (41) निवासी गांव रावली, डाकघर घाट, वाकनाघाट, तहसील कंडाघाट, पुनील पाल सिंह (39) निवासी मकान नंबर 8620/30, गली नंबर 2, सुल्तान विंड रोड, मोहाल कोट बाबा दीप सिंह, थाना बी-डिवीजन, जिला अमृतसर व आनंद सवारवाल (27) निवासी सुल्तान विंड गेट के अंदर, शत्रुजनपुरा, थाना बी-डिवीजन, जिला अमृतसर के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि यह गिरफ्तारी शोघी के पास नियमित जांच के दौरान हुई, जब विशेष टीम ने इन तीनों के कब्जे से चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों को हिरासत में ले लिया और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। इस मामले की जांच अभी जारी है और पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह चिट्टा कहां से लाया गया था और इसे कहां पहुंचाया जाना था।

# फ्रांसबीन के दाम गिरने से किसान मायूस

## सोलन व ढली सब्जी मंडी में 35 से 50 रुपए प्रतिकिलो बिकी

**बाबू राम चौहान, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** फ्रांसबीन के दाम में गिरावट आने से किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गई है। बता दें कि जुन्गा तहसील के निचले क्षेत्रों से फ्रांसबीन की खेप प्रतिदिन प्रदेश की सबसे बड़ी सब्जी मंडी सोलन और ढली पहुंच रही है। शुरुआती दौर में फ्रांसबीन के अधिकतम दाम 120 रुपए प्रतिकिलो रहे। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से फ्रांसबीन की आवक बढ़ जाने से शनिवार को सोलन व ढली सब्जी मंडी में फ्रांसबीन 35 से 50 रुपए प्रतिकिलो बिकी। हालांकि पिछले हफ्ते फ्रांसबीन का रेट अधिकतम 70 रुपए रहा।

गौर रहे कि मई माह के दौरान अच्छी बारिश होने से इस बार फ्रांसबीन की बंपर फसल हुई है। प्रगतिशील किसान प्रीतम ठाकुर, चंचल वर्मा, दौलत राम मेहता सहित अनेक किसानों ने बताया कि यदि 50 रुपए तक फ्रांसबीन का रेट स्थिर रहता तो किसानों को काफी लाभ होगा अन्यथा कई बार फ्रांसबीन का रेट काफी कम होने से किसानों को बीज व मजदूरी की कीमत भी हासिल नहीं होती। इन्होंने बताया कि फ्रांसबीन की दो किस्में होती हैं जिसमें पहली प्रकार की किस्म झंब्बे वाली होती है जो कम दाम पर बिकती है जबकि दूसरा बूटिया अर्थात फाल्गुनी किस्म की फ्रांसबीन जो बिना झंब्बे से उगाई जाती है, के दाम मार्किट में अच्छे मिलते हैं। प्रीतम के अनुसार फ्रांसबीन फसल सबसे कम अर्थात 60 दिन में तैयार हो जाती है जिसमें किसानों को ज्यादा मेहनत भी नहीं करनी पड़ती है।



खेतों में फ्रांसबीन को तोड़ती हुई महिलाएं।

ट्रांसपोर्टर प्रदीप ब्रागटा के अनुसार प्रदेश के अन्य क्षेत्रों से फ्रांसबीन की भारी आमद आने से रेट में कुछ गिरावट आई है। सोलन व ढली में भी सबसे बढ़िया बीन 35 से 50 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रही है। इनका कहना है कि फ्रांसबीन का रेट उसकी क्वालिटी पर निर्भर कर रहा है। इसके बावजूद भी किसानों को फ्रांसबीन के औसतन अच्छे दाम मिल रहे हैं।

# झंडूता में अघोषित बिजली कटों से जनता त्रस्त

## बिना किसी सूचना के दिन में चार बार बिजली गुल होने से बढ़ी परेशानी

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** उपमंडल झंडूता में शुक्रवार रात से जारी अघोषित बिजली कटों ने स्थानीय लोगों और व्यापारी वर्ग का जीना मुहाल कर दिया है। भीषण गर्मी के बीच 36 घंटे में लगभग चार बार बिजली गुल होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिना किसी पूर्व सूचना के बार-बार बिजली गुल होने से न केवल आम जनजीवन प्रभावित हुआ, बल्कि व्यापार और पानी की सप्लाई पर भी गहरा असर पड़ा।

शनिवार को उपमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में दिनभर में चार बार बिजली की आपूर्ति बाधित हुई, जिसके कारण लोग भीषण गर्मी और उमस की मार झेलने को मजबूर रहे। पंखे, कूलर और अन्य ठंडक देने वाले उपकरणों के ठप पड़ने से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को खास तौर पर दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नाम न आने की शर्त पर एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि दिन में चार बार बिजली गई और हर बार घंटों तक नहीं आई। इतनी गर्मी में बिना बिजली के रहना असहनीय हो गया है। सुमन प्रजापति ने बताया कि पिछले दिन सूचित किया था कि शनिवार को कांट-छांट के चलते बिजली बाधित रहेगी। अघोषित कटों से दिनचर्या प्रभावित होती है। किसी को आवश्यक डाक्यूमेंट प्रिंट करवाने होते हैं। बिजली कटों का सबसे ज्यादा असर दूध, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक्स और अन्य बिजली पर निर्भर उत्पादों के विक्रेताओं पर पड़ा। बार-बार बिजली बंद होने से कई दुकानदारों का सामान खराब हो गया, जिससे उन्हें हजारों रुपए का नुकसान हुआ। स्थानीय दुकानदार ने कहा कि आइसक्रीम और दूध जैसी चीजें बिक्री के लिए तैयार थीं, लेकिन बिजली कटों ने सब खराब कर दिया। बिजली विभाग को पहले सूचित करना चाहिए था।

### बिजली न होने से पानी की सप्लाई रही ठप

**बिजली** न होने में पानी के पंप बंद रहे, जिसके कारण उपमंडल के कई क्षेत्रों में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप रही। ग्रामीण इलाकों में पानी की कमी ने लोगों की परेशानियों को और बढ़ा दिया। लोगों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के बार-बार बिजली काटी जा रही है, जिससे उनकी दिनचर्या पूरी तरह बाधित हो रही है। निवासियों ने मांग की है कि बिजली विभाग अघोषित कटों को तुरंत बंद करे और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करे। सहायक अभियंता झंडूता राजेश धीमान ने बताया कि 33 केवी लाइन में डिस्क जलने से बिजली की आपूर्ति में बाधा आती रही।

# मंडी के दो युवक 29.53 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। सदर थाना बिलासपुर की पुलिस टीम ने चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर विश्वकर्मा मंदिर, डियारा सेक्टर स्थित रेन शेल्टर के पास नाका लगाकर मंडी जिले के दो युवकों को 29.53 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम ने हाईवे पर नियमित जांच के लिए नाका लगाया हुआ था।

इस दौरान एक बाइक (नंबर एचपी-82-1341) पर सवार दो युवक नौणी से बिलासपुर की ओर आ रहे थे। जैसे ही उन्हें जांच के लिए रोका गया। दोनों युवक पुलिस को देखकर घबरा गए, जिससे पुलिस को संदेह हुआ। शक के आधार पर जब उनकी तलाशी ली गई, तो उनके कब्जे से 29.53 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पंकज कुमार



(28), निवासी गांव लुणापानी, डाकघर गरोट, और आशीष (28) निवासी डाकघर भंगरोटू, तहसील बल्ह, जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि नशे के कारोबार पर शिकंजा कसने के लिए लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। जिला पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ अभियान को लगातार तेज कर रही है और युवाओं को इस बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित कर रही है। बिलासपुर पुलिस की इस कार्रवाई को स्थानीय लोगों ने सराहा है और उम्मीद जताई है कि पुलिस इसी तरह नशे के कारोबार पर लगाम लगाकर समाज को सुरक्षित बनाएगी।

# दधोल चौक पर हलवाई की दुकान में चोरी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** दधोल चौक पर चोरों ने मिठाई की दुकान के ताले तोड़कर डेढ़ हजार रुपए की नकदी चुरा ली गई। दधोल चौक पर मिठाई की दुकान करने वाले शेर सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात को वह दुकान की साफ-सफाई करके शटर में ताला लगाकर घर चले गए थे। शनिवार सुबह करीब 5:00 बजे जब वह दुकान पहुंचे तो दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ था। बाहर बेंच के पास एक डिस्पोजल प्लेट पड़ी थी। इसमें किसी ने चिकन आदि खाया हुआ था। साथ ही एक रुमाल भी पड़ा था। शेर सिंह के मुताबिक, दुकान के भीतर गल्ले में करीब डेढ़ हजार रुपए की नकदी रखी थी, जो चोर उड़ा ले गए। भराड़ी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। डीएसपी चंद्रपाल सिंह ने बताया कि चोरी के संदर्भ में जांच की जा रही है।

# नमाज अदा कर मांगी अमन-चैन की दुआ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के रौड़ा सेक्टर स्थित जामा मस्जिद में सुबह 8:30 बजे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकजुट होकर ईद की नमाज अदा की और देश में अमन-चैन, आपसी भाईचारे और शांति की दुआ मांगी। एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को मिठाइयां बांटी और अपने घरों में आमंत्रित कर उत्सव की खुशियां साझा कीं। जामा मस्जिद बिलासपुर के प्रधान हारून मोहम्मद ने बताया कि ईद-उल-जुहा का पर्व त्याग, सेवा और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस पर्व के मौके पर लोग न केवल नमाज अदा करते हैं बल्कि जरूरतमंदों की मदद करने का संकल्प भी लेते हैं।

# 10 को वितरित किए जाएंगे सहायक उपकरण: राहुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**जिलाधीश** एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी के स्पर्श कार्यक्रम और राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत अलिको के सहयोग से चयनित व्यक्तियों को सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। 10 जून को राजकीय संस्कृत महाविद्यालय डंगार (घुमारवीं), 11 जून को टोबा (श्री नयना देवी), 12 जून को धार टटोह (सदर), 13 जून को मझेड़ और 14 जून को कोसरियां में उपकरण वितरित किए जाएंगे।

लाभार्थियों को असेसमेंट कैंप के दौरान जारी पर्ची साथ लानी होगी, जिसमें उपकरणों की जानकारी होगी। इस अभियान का शुभारंभ 10 जून को राजकीय संस्कृत कॉलेज डंगार में तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा मंत्री, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजेश धर्माणी करेंगे।

# मुकेश ने जीता बैरी रजादियां दंगल



बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी राजेश ठाकुर ने विजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बैरी रजादियां गांव में दंगल का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बीडीसीएस प्रधान नीलम चंदेल ने किया।

आयोजक श्याम सिंह ने बताया कि बड़ी माली के लिए ध्वाल के पहलवान मुकेश कुमार और मंडी के नवीन कुमार के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। इसमें मुकेश कुमार विजेता बने। विजेता को 16 हजार व गुर्ज और उपविजेता पहलवान को 15 हजार रुपए देकर सम्मानित किया। छोटी माली अंडर-20 में स्थानीय पहलवान लक्ष्य (बैरी) ने सुंदरनगर के पहलवान प्रतीक कुमार को शिकस्त दी। विजेता को 11 हजार और उपविजेता को 9 हजार रुपए की राशि भेंट की। समापन समारोह में समाजसेवी राजेश ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने विजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। दंगल के सफल आयोजन को लेकर अपनी ओर से 21 हजार रुपए भेंट किए। राजेश ठाकुर ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया। दंगल को सफल बनाने के लिए श्याम सिंह, राज कुमार, रणवीर चंदेल, प्रीतम सिंह, अर्जुन सिंह, भूपेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, दौलत राम शास्त्री ने अहम भूमिका निभाई।

# हिमाचल का हक दिलाने में नाकाम रहे सांसद: संदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**कहा- भाजपा नेता ही तोड़ रहे सेना का मनोबल**

**प्रदेश** कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने प्रेस बयान में आरोप लगाया कि प्रदेश से चार लोकसभा सांसद और तीन राज्यसभा सांसद हैं, लेकिन यह सभी हिमाचल का पक्ष केंद्र में रखने व हक दिलाने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन दिनों ऑपरेशन सिंदूर की मार्केटिंग में व्यस्त प्रधानमंत्री के आगे हिमाचल के सांसदों की आवाज तो दब ही गई है और यह बौने भी साबित हो रहे हैं।

हमीरपुर संसदीय सीट से पांच बार जीते सांसद अनुराग ठाकुर की बोलती केंद्र की भाजपा सरकार ने उनके पर कतरकर काफी पहले ही बंद कर दी है। देश के पराक्रम का परचम लहराने वाली देश की सेना का मनोबल भाजपा के नेता ही तोड़ रहे हैं। देश की वीर बेटियों को आतंकियों की बहन बोलने वाले बेलगाम इन भाजपा नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं होती। ऑपरेशन सिंदूर पर राजनीति करने वाली भाजपा की हवा बहुत जल्द ही निकल गई। देश की जनता के सामने सच्चाई आ चुकी है। ऐसे में देश के सैन्य पराक्रम को वोटों में तबदील करने की राजनीति अब ज्यादा नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार मजबूती से खड़ी है और शिद्दत से चल भी रही है। बिना केंद्र की मदद से हिमाचल को सरकार ने दिखा दिया है कि गुड गवर्नेंस और जनता का विश्वास सत्ता चलाने के लिए मायने रखता है। बावजूद इसके केंद्र में भाजपा की सरकार बने हुए 1 वर्ष से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन यह सातों सांसद हिमाचल का पक्ष केंद्र में रखने में नाकाम साबित हुए हैं।

# एलआईसी में निवेश के दिए टिप्स



बिलासपुर में एलआईसी शाखाओं के प्रबंधकों, विकास अधिकारियों और अभिकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कक्षा का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** में एलआईसी के विभिन्न जिला की शाखाओं के प्रबंधकों, विकास अधिकारियों और अभिकर्ताओं के लिए एक खास प्रशिक्षण कक्षा का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य एलआईसी के उत्पादों, यूलिप प्लान, पेंशन प्लान और शेयर बाजार में निवेश के तरीकों को बेहतर तरीके से समझाना था।

कार्यक्रम में एलआईसी के रिटायर्ड सेक्रेटरी मार्केटिंग, वीके धर ने निवेश के टिप्स दिए। कार्यक्रम में सीनियर डिविजनल मैनेजर दिनेश शर्मा, एमएम डीआर ठाकुर का बिलासपुर शाखा के प्रबंधक रूप सिंह ठाकुर व स्टाफ, विकास अधिकारी सहित अभिकर्ताओं ने वीके धर का स्वागत किया। वीके धर ने निवेश के महत्व को समझाते हुए शेयर बाजार पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया।

### बिलासपुर में प्रवासी लड़की लापता

**बिलासपुर।** पुलिस थाना बरमाणा के तहत उपरली भटेड़ में रह रहे बिहार राज्य के एक परिवार की 15 वर्षीय नाबालिग लड़की लापता हो गई है। लड़की के पिता ने बताया कि उसकी बेटी दो दिन पहले बिना बताए घर से कहीं चली गई है। बेटी को आस-पड़ोस में भी तलाश किया। रिश्तेदारी में भी फोन करके पूछा, लेकिन पता नहीं चल पाया है।

# जन सहयोग से नर्सरियों में तैयार किए जा रहे फलदार पौधे

## डीएफओ बोले- पर्यावरण संरक्षण के लिए जैव विविधता व जन सहयोग आवश्यक, ग्रामीणों के लिए बन सकते आय का मजबूत साधन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**डलहौजी** वन मंडल ने एक सराहनीय कार्य किया है, जिसके तहत सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से वनों में आग की घटनाओं को कम करने के प्रयास किए गए हैं, ताकि जैव विविधता में भी सुधार हो सके। नियमित रूप से वनों में लगने वाली आग से परावर्तित अनुक्रमण (रेट्रोगेसिव सक्सेशन) को बढ़ावा मिलता है और प्रजातियां अनुक्रमण (सक्सेशन) की ओर आगे नहीं बढ़ पाती हैं। इसलिए वनों में आग की घटनाओं को कम करने के लिए वन विभाग द्वारा ग्रामीण वन प्रबंधन समितियों के सदस्यों के माध्यम से पौधरोपण क्षेत्रों से चीड़ की पत्तियों को हटाया गया है।

पिछले दो वर्षों में लगातार आग से जले हुए वन क्षेत्रों में विभिन्न देसी प्रजातियों के बीज बोए गए जबकि उच्च आर्द्रता वाले नालों पर सैलिक्स प्रजाति के पोल लगाए गए हैं। इसके अलावा, मंडल स्तर पर गत वर्ष 171 चीड के चेक डैम लगा कर 10.60 क्विंटल चीड़ की पत्तियों को एकत्र कर जंगल के भीतर नालों पर जूट की रस्सियों से चेक डैम का निर्माण किया गया है, जिससे न केवल जंगल से उच्च ज्वलनशी चीड़ की पत्तियों का भार कम हो रहा है, बल्कि नालों को स्थिर करने और मिट्टी के कटाव को रोकने में भी मदद मिल रही है। यह सभी कार्य जन सहभागिता से किये गए हैं।

डीएफओ डलहौजी रजनीश महाजन ने बताया कि वन सुरक्षा और संरक्षण के लिए समुदायों को शामिल करने के लिए नर्सरियों में उच्च आर्थिक रिटर्न वाली प्रजातियों के पालन पर विशेष ध्यान दिया गया। लसूड़ा जैसी प्रजातियां, जिन्हें तैयार करना कठिन है क्योंकि इस प्रजाति के बीज हमेशा कीट लार्वा द्वारा खाए जाते हैं। इस संबंध में क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान और प्रशिक्षण स्टेशन, जाच्छ से नर्सरी श्रमिकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान कराया गया। बाजार में लसूड़ा 70 से 80 रुपए प्रति किलोग्राम बिकता है और प्रति वयस्क पेड़ जिसकी आयु लगभग 10 वर्ष हो, उसका उत्पादन प्रत्येक वर्ष लगभग 50 किलोग्राम होता है। इस प्रकार के जंगली फलदार पौधे भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों में आम नागरिकों के लिए आय का मजबूत साधन बन सकते हैं।

महाजन ने बताया कि आर्थिक दृष्टि से लाभदायक अन्य फलदार पौधों की प्रजातियों में अखरोट, दारू, हरड़, बेहड़ा, आंवला और रीठा आदि शामिल हैं, जो इस क्षेत्र की मूल प्रजातियां हैं और इन्हें आजीविका के लिए गांव के साथ लगते जंगलों के किनारे इसी वर्ष वर्षा ऋतु के दौरान लगाया जाएगा, जिससे स्थानीय लोग जंगलों को जंगल की आग से बचाकर आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे और इससे जैव विविधता में भी बढ़ोत्तरी होगी। अग्निरोधी प्रजातियां जैसे कैंथ, खजूर, दाडू, फगुड़ा, अमलताश, टोर, फगुड़ा, त्रैम्बल आदि प्रजातियों को भी नर्सरी में उगाया गया है, क्योंकि ये प्रजातियां चीड़ के जंगलों में भी समान रूप से जीवित रह सकती हैं, जहां हर वर्ष जंगल में आग लगती है। यही नहीं समृद्ध जैव विविधता को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया है, इसलिए कई देसी प्रजातियों को नर्सरी में उगाया गया है और नर्सरियों का नाम जैवविविध नर्सरी रखा गया है और उनमें से कुछ एक नर्सरियों का आधुनिकीकरण किया गया है और इन प्रजातियों को रूट ट्रेनर में कोको पीट और वर्मीकम्पोस्ट के साथ उगाया गया है, जो वजन में बहुत हल्का होने के साथ-साथ पौधों में उच्च नमी बनाए रखता है, और जड़ों को अच्छे से विकसित होने में मदद करता है।



नर्सरी में डीएफओ डलहौजी रजनीश महाजन व अन्य।

### पीपल, बरगद व पलाख आदि के नर्सरी में उगाए 30,000 से अधिक पौधे

**नर्सरी** में रूट ट्रेनर में पीपल, बरगद, फगुड़ा, रूम्बल, त्रैम्बल और पलाख आदि के 30,000 से अधिक पौधे उगाए गए हैं, जिन्हें बाद में राजमार्गों के पास फाइकस वन के नाम से लगाया जाएगा, जो न केवल हरित फेफड़े के रूप में कार्य करेंगे, अपितु पक्षियों इत्यादि के लिए भी लाभकारी होंगे।

# बनीखेत में जिला स्तरीय आषाढ़ नाग मेला 21 से 30 जून तक

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान**

**डलहौजी।** बनीखेत में छोटी मिंजर के नाम से जाना जाने वाला जिला स्तरीय आषाढ़ नाग मंदिर मेला 21 से 30 जून तक होगा। बनीखेत के प्रधान अरुण राणा ने बताया कि यह मेला बड़ी ही धूमधाम से पद्दर ग्राउंड में आयोजित किया जाता है। इसी मैदान में मेले के दौरान दुकाने, डोम, दंगल आयोजित किया जाता है। मेले के पहले दिन से शोभायात्रा पद्दर ग्राउंड से बाजार से होते हुए बनीखेत बस स्टैंड तक बैंड बाजे और ढोल नगाड़ों के साथ निकाल जाती है। इस कार्यक्रम में दूर-दूर से पहलवान कुश्ती प्रतियोगिता में अपना-अपना जोहर दिखाते हैं और दूसरे दिन लोग काफी संख्या में कुश्ती का नजारा देखने के लिए आते हैं।

तीसरे व चौथे दिन सांस्कृतिक संध्या में बॉलीवुड और हिमाचली गायक अपनी-अपनी आवाज का जलवा दिखाते हैं। इसके अलावा विभिन्न सांस्कृतिक खेलकूद और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

### पहले दिन पधर ग्राउंड से निकाली जाएगी शोभायात्रा

बाहरी राज्यों से दुकानदार अपनी अपनी दुकानों की खूब सजावट करते हैं। प्रशासन की ओर से मेले की पूरी तैयारी शुरू कर दी गई है। ग्राउंड में गड्ढों को भरा जा रहा है और कॉलेज रोड पर सड़क का बुरा हाल है। जिसे की एनएचपीसी द्वारा ठीक किया जा रहा है लेकिन बाजार के दुकान दोनों ने गड्ढों में सिर्फ मिट्टी डालने से एतराज किया है।

दुकानदारों को कहना है कि इस सड़क पर तारकोल बिछाया जाए बनीखेत प्रधान अरुण राणा उप प्रधान विश्वजीत ने डलहौजी मंडल अधिकारी अनिल भारद्वाज से कहा है कि एनएचपीसी प्रबंधक मिट्टी से सड़क के गड्ढों को भर रहे हैं। उपमंडल अधिकारी अनिल भारद्वाज ने कहा कि जैसे ही यह शिकायत उनके पास पहुंची वह अगली कार्रवाई के लिए एनएचपीसी प्रबंधक से बात करेंगे।

# जातर मेले से पहले मैहला में सीवरेज कार्य बना सिरदर्द

## 21 से 24 जून तक चलेगा जलपा माता मेला, बदहाल रास्ते बने लोगों के लिए मुसीबत

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा/मैहला।** ग्राम पंचायत मैहला के उपप्रधान भुवनेश सिंह कटोच के अनुसार, जहां एक ओर क्षेत्र 21 से 24 जून तक होने वाले जलपा माता जातर मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देने की ओर देख रहा है, वहीं दूसरी ओर मैहला बाजार की बदहाल जमीनी हकीकत आयोजन की भव्यता को ग्रहण लगा सकती है।

सीवरेज कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है, और उससे उठी समस्याएं आमजन पर भारी पड़ रही हैं। बारिश में कीचड़, उखड़े रास्ते और खुले गड्ढे अब आम दिनचर्या बन चुके हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को जहां आवाजाही में परेशानी हो रही है, वहीं स्थानीय व्यापारियों को भी आर्थिक क्षति झेलनी पड़ रही है।

उपप्रधान भुवनेश कटोच ने सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार से लेकर जल शक्ति विभाग पूरी तरह लापरवाह है। न कोई नोटिस जारी किया गया है, न ही कोई जवाबदेही तय की गई है। दो महीने में पूरा हो सकने वाला कार्य महीनों से लटका हुआ है।

### लोगों ने डीसी को ज्ञापन सौंप चक्का जाम करने की दी चेतावनी

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्य में गति नहीं लाई गई, तो डीसी चंबा को ज्ञापन सौंप कर चक्का जाम किया जाएगा। उनका मानना है कि प्रशासन और विभाग की नींद ऐसे ही आंदोलनों से ही खुलेगी।

सबसे बड़ी चिंता यह है कि जलपा माता जातर मेले में प्रदेशभर से श्रद्धालु, पर्यटक और व्यापारी मैहला पहुंचते हैं। लेकिन वर्तमान स्थिति में सड़क की हालत इस ऐतिहासिक मेले की गरिमा को ठेस पहुंचा सकती है।



मैहला में सीवरेज कार्य व बदहाल रास्ते बने लोगों के लिए मुसीबत।

# लोक संस्कृति व सामाजिक सद्भाव को मजबूत करते हैं मेले : पठानिया

## समोट छिंज मेले में बोले विस अध्यक्ष, मेला समिति को 31 हजार देने की घोषणा की

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि मेले और उत्सव न केवल हमारी समृद्ध लोक संस्कृति के संवाहक हैं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे को भी मजबूत आधार प्रदान करते हैं। वे आज उपतहसील समोट में आयोजित पारंपरिक छिंज मेला कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने पांच लाख रुपए की लागत से तैयार हुए खेल मैदान का विधिवत लोकार्पण किया। उन्होंने मेला आयोजन समिति की मांग पर आश्वासन दिया कि खेल मैदान के विस्तार के लिए आवश्यक प्राक्कलन के अनुसार धनराशि की व्यवस्था की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष ने अपनी ऐच्छिक निधि से छिंज मेला आयोजन समिति समोट को 31 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि ऐसे पारंपरिक आयोजन न केवल युवाओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान को भी जीवंत बनाए रखते हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने रोचक कुश्ती मुकाबलों का आनंद लिया और उपस्थित लोगों की समस्याएं भी सुनीं, जिनमें से कई का समाधान मौके पर ही किया गया। इससे पूर्व आयोजन समिति की ओर से उन्हें पारंपरिक तरीके से सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर राज्य वन निगम के निदेशक मंडल सदस्य चेला कृष्ण चंद, एसडीएम पारस अग्रवाल, डीएसपी योगराज, डीएफओ रजनीश महाजन, जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता राकेश ठाकुर सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



समोट छिंज मेले में विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया लोगों को संबोधित करते हुए।

### पांच लाख से तैयार खेल मैदान का किया लोकार्पण

# बैठक में पशुपालकों की 34 बिंदुओं पर की चर्चा, कई मसले निपटाए





बैठक के उपरांत किसान यूनियन के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

**हिमाचल** किसान यूनियन की जिला स्तरीय परिवेना समिति की बैठक उपनिदेशक पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन मंडी की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में हुई।

बैठक में पशुपालकों से संबंधित 34 बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉक्टर मुकेश महाजन उपनिदेशक, प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सीताराम वर्मा, जिला महासचिव दुनी चंद शर्मा, देवी रूप, रामकृष्ण, मस्तराम, परमानंद, भगत राम, कृष्ण चंद तथा भूप सिंह उपस्थित रहे। अनेक बिंदुओं को मौके पर ही निपटा लिया गया जबकि कुछ पर भविष्य में कार्रवाई की जाएगी।

# नमाज अदा कर तरक्की व अमन के लिए मांगी दुआएं

## जामा मस्जिद मस्वाड़ी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गले लगकर दी मुबारकबाद

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**शनिवार** को सुबह ईद-उल-अजहा के मुबारक मौके पर मस्वाड़ी की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज़ अदा की। इस मौके पर इमाम मौलाना रोशन दीन कासमी ने नमाज़ की इमामत करते हुए देशवासियों और प्रदेशवासियों को ईद-उल-अजहा की दिली मुबारकबाद पेश की।

नमाज के दौरान मौलाना रोशन दीन कासमी ने देश में खुशहाली, तरक्की और अमन-ओ-चैन के लिए खास दुआ मांगी। नमाज़ के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और भाईचारे का पैगाम दिया। इस मौके पर क्षेत्र का माहौल पूरी तरह खुशगवार और उत्साहपूर्ण रहा। ईदगाह और मस्जिद के आसपास सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ईद-उल-अजहा का यह पर्व कुर्बानी, त्याग और इंसानियत की मिसाल है, जिसे पूरे हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया।



जामा मस्जिद मस्वाड़ी में नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग।

# छोटा भंगाल व चौहार घाटी में पर्यटन के विकास की घोषणाएं हवा हवाई

**अनंत ज्ञान, बरोट**

**वैसे** तो आजतक सत्ता में रहने वाली सरकारें पर्यटन के विकास की घोषणाएं हर सार्वजनिक मंचों से करती ही आ रही हैं, मगर धरातल पर अभी तक कुछ खास नजर ही नहीं आ रहा है। इसका तरोताजा उदाहरण छोटा भंगाल तथा चौहार घाटी को पर्यटकों को लुभाने के लिए कई पर्यटन स्थल होने के बावजूद सरकार द्वारा पर्यटन के मानचित्र पर न दर्शा पाना तथा भू-भू जोत कुल्लू प्रस्तावित सुरंग निर्माण का कार्य शुरू न हो पाना है। जिस कारण इन दोनों घाटियों के पर्यटन व्यवसायियों व अन्य समस्त लोगों में सरकार के प्रति गहरा रोष व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अपने पूर्व कार्यकाल में केंद्रीय सड़क मार्ग व परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी ने हिमाचल में आए एक विशेष कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के लिए 69 राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की घोषणा की थी। उनमें से घटासनी-कुल्लू मार्ग भी शामिल थे और उसके बीच भू-भू जोत कुल्लू सुरंग का निर्माण भी प्रस्तावित था, मगर सरकार बदलने के बाद यह मामला ठंडे बस्ते में ही चला गया था। इस सुरंग निर्माण से जोगिंद्रनगर से कुल्लू की दूरी लगभग 70 किलोमीटर कम हो जाएगी। चौहार घाटी के समाज सेवक व पूर्व सूबेदार रामसरन चौहान ने चौहार घाटी तथा छोटा भंगाल घाटी के समस्त लोगों की ओर से द्रंग के विधायक पूर्ण चंद व सीएम सुक्खू से मांग की है कि भू-भू जोत कुल्लू सुरंग का निर्माण शीघ्र अति शीघ्र करवाया जाए। इस बारे में द्रंग के विधायक का कहना है कि इस महत्वाकांक्षी मामले को सीएम के समक्ष उठाकर इसे अवश्य ही धरातल पर उतारा जाएगा।

### सूडोकू नवताल- 7454 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7453 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# पेंशन संशोधन और चिकित्सा बिलों के भुगतान में देरी पर उठाए सवाल



हिम आंचल पेंशनर्स संघ चंबा ब्लॉक की मासिक बैठक में मौजूद सदस्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**हिम** आंचल पेंशनर्स संघ चंबा ब्लॉक की मासिक बैठक का आयोजन लक्ष्मण क्लब चंबा में किया गया, इसकी अध्यक्षता संघ के प्रधान प्रेम सिंह बेदी ने की। बैठक में सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पेंशनर्स से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुलकर चर्चा की।

बैठक में जनवरी 2016 के पेंशन संशोधन लाभ को लेकर सरकार की निष्क्रियता पर गहरी नाराज़गी जताई गई। कहा कि सरकार कुंडली मारकर बैठी है और सार्वजनिक प्रतिक्रिया देने से बच रही है। पेंशनर्स को बकाया लाभ एकमुश्त देने की मांग के साथ शीघ्र अधिसूचना जारी करने की अपील की गई। संघ के मुताबिक विधान सभा के बजट सत्र में इस बात की घोषणा की गई और हिमाचल दिवस पर 3 प्रतिशत बैचलर एलेक्ट्रेटिक घोषणा को केवल भाषण तक सीमित कर दिया गया। मई बीत गया, जून आधा गुजार चुका है, फिर भी कोई औपचारिक आदेश नहीं। चिकित्सा बिलों का वर्षों से भुगतान लंबित, पेंशनर्स को इलाज और दवाइयों के लिए जेब से भारी खर्च करना पड़ रहा है। विभाग बजट न होने का कारण बताकर मामले को टाल रहे हैं। बैठक में यह भी उजागर किया गया कि वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं और पेंशन का बड़ा हिस्सा इलाज में खर्च हो रहा है, जिससे घरेलू खर्चों में असुविधा हो रही है। सरकार से आग्रह किया गया कि स्वास्थ्य व्यय के लिए अलग बजट का प्रावधान कर सभी लंबित बिलों का शीघ्र निपटान किया जाए। बैठक में चंद्र प्रकाश, गुरमीत सिंह चंदन, नरेन्द्र शमी, सोमिया राम, बलदेव राज सहित कई वरिष्ठ सदस्यों ने भाग लिया और मुद्दों पर गंभीरता से विचार रखा।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ की मासिक बैठक में प्रदेश सरकार के प्रति नाराज़गी

## अनंत ज्ञान — आज का पंचांग

**रविवार, 8 जून 2025**

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत ज्येष्ठ, **तिथि** द्वादशी (07:20) पूर्ण रात्रि : **नक्षत्र** स्वाति (12:42), **पक्ष**: शुक्ल, **योग** : परिघ (12:17), अभीजित (11:52-12:47)। **राहुकाल** (05:33-07:17)।

**विशेष दिन**

- 8 जून: प्रदोष व्रत आज।
- 8 जून: विश्व महासागर दिवस आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** अपनी बातों से लोगों को आकर्षित करेंगे। प्रियजन के साथ समय का सदुपयोग होगा। झगड़े से मानसिक कष्ट बढ़ेगा। बच्चों के व्यवहार से मन में निराशा होगी।

**वृष:** पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा। वाणी पर संयम रखें। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। आज कहीं से रुका धन मिलने के योग है। नौकरी में पदोन्नति के चांस हैं।

**मिथुन:** निजी जीवन में कठोर निर्णय लेने होंगे। आज पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा। आपकी वाणी पर संयम आवश्यक है। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

**कर्क**: अपने करियर को लेकर चिंतित रहेंगे। नए काम में शीघ्रता नहीं करें। पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वाह बखूबी कर पाएंगे। कार्यस्थल पर कर्मचारियों की निष्क्रियता से मन अप्रसन्न रहेगा।

**सिंह:** व्यस्त रहें, मस्त रहें। आप दूसरों की मदद करने में सदैव तैयार रहते है। आज खर्च अनावश्यक रूप से बढ़ेंगे। अपने दुःख को छुपा रहे हैं। आज खुश खबर मिलने का दिन है।

**कन्या:** दूसरों की बातों पर जल्द विश्वास कर लेते हैं। आज आर्थिक योग प्रबल है। सामाजिक कार्यों से सुयश एवं प्रभाव में वृद्धि हो सकती है। नई योजना के बारे में चर्चा होगी।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। दूसरों के हित के लिए आप सदैव तत्पर रहते हैं, पर आप को लोगों से निराशा जनक व्यवहार मिलेगा। व्यापार में लाभ होगा।

**वृश्चिक:** आपकी सूझबूझ और दूरदर्शिता से व्यापार में लाभ होगा। दोस्तों का सहयोग एवं समर्थन मिलेगा। राजनीति में नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे। योजनाओं के अनुसार कार्य होंगे।

**धनु:** क्रोध की अधिकता रहेगी। परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। व्यापार-व्यवसाय पर ध्यान नहीं दे रहे है। समय पर संभल जायें। निजी जीवन में व्यस्तता रहेगी। अपनों पर व्यर्थ में शंका न करें।

**मकर:** घर गृहस्थी की भागदौड़ में व्यस्त रहेंगे। आज का आर्थिक निवेश लाभकारी रहेगा। धन संबंधी काम पूरे होंगे। मानसिक शांति की तलाश में अध्यात्म से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

**कुंभ:** दूसरों की जीवनशैली देखकर अपना रहन-सहन बदलने के प्रयास करेंगे। व्यापारिक स्थिति आशाजनक रहेगी। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें और उन्हें भी समय दें।

**मीन:** अपने काम करने के तरीकों को बदलें। घर की साज-सज्जा पर भारी खर्च होने की संभावना है। आज कर्ज लेने से बचना चाहिए। व्यापार में नई योजनाओं का प्रारंभ होगा।


**Office of Municipal Council Kullu**

**Short Term Tender Notice**

Sealed item rate tenders are hereby invited by the undersigned on behalf of Municipal Council Kullu for the following deposit works from the approved and eligible contractors enlisted in HPPWD, HPIPH Department, so as to reach in the office of municipal council kullu on or before 17/06/2025 up to 11:45 PM and will be opened on the same day at 3:30 PM in the presence of intending contractors or their authorized representatives if any. The tender forms can be had from this office against cash payment / DD up to 04:30 PM on 16/06/2025. The earnest money in the shape of cash payment /DD must accompany with each tender. Conditional tenders and the tenders without earnest money will summarily be rejected. The offer of tender shall remain open for 30 days from the date of opening of tenders. The undersigned reserve the right to accept or reject any/all tenders without assigning any reason. The tender form will be issued to contractors against written application accompanied by copies of enlistment in appropriate class as contractor, registration under HP GST Tax Act 1968 & registered with income tax department.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Time Allowed | Cost of Form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | SDF/2024/1301 (Repair of) Repair and restoration of path and retaining wall from inner Akhara to Girl school Sultanpur ward no. 4 | 95000.00 | 2400 | 1 month | 500.00 |
| 2. | SDF/2024/1302 RIO (Repair of) Reapir and restoration of path and protection wall from Gandhinagar to session house and Mahant behar to devdhar ward no. 11 | 95000.00 | 2400 | 1 month | 500.00 |
| 3. | SDF/2024/1303 RIO (Repair of) Repair and Maintenance of path and drain ward no. 01 MC Kullu | 95000.00 | 2400 | 1 month | 500.00 |
| 4. | SDF/2024/1305 (RIO (Reapir of path and protection wall from Jagriti Mahila Mandal to Shisha Matti ward no. 10 | 95000.00 | 2400 | 1 month | 500.00 |
| 5. | SDF/2024/1306 RIO Repair and restoration of path and protection wall from Shitla Mata Temple to Loran ward no. 5. | 95000.00 | 2400 | 1 month | 500.00 |
| 6. | SDF/2024/1304 Repair and restoration of path and protection of wall from loran to Bekhali mata Temple ward no. 4 | 95000.00 | 2400 | 1 month | 500.00 |
| 7. | SDF/2024/1300 RIO repair and restoration of road at entry and exit MC area point ISBT Kullu at ward no. 3. | 95000.00 | 2400 | 1 month | 500.00 |
| 8. | C/O R.wall in road from girl school sultanpur to Math road ward no. 4 MC Kullu | 95000.00 | 2400 | 1 month | 500.00 |
| 9. | C/O R.wall near house of Sh. Ashish Nag ward no. 2 MC Kullu | 95000.00 | 2400 | 1 month | 500.00 |

**Terms & Conditions :- 1.** The Contractor/Firm should be enlisted with the HP.PWD. **2.** The Earnest money should be accompanied with application. Application without earnest money will be rejected. **3.** The photo copy of PAN Number/GST Number should be attached with the application otherwise tender form will not be issued. **4.** Copy of contractor registration should be attached with the application. **5.** The copy of EPF No. should be attached with the application otherwise tender form will not be issued. **6.** If opening day is a holiday, the tenders shall be opened on next working day at the same time and venue and no separate notices shall be served for this purpose. **7.** The executive officer municipal council kullu reserves the right to reject any or all tenders anytime without assigning any reason. **8.** The contractor will be responsible for watch and ward of material at site of work. **9.** No tender form will be issued to those contractors who are not registered under HPGST Act. **10.** No tender form will be issued to those contractors who are not registered under EPF.

**Executive officer**
**Municipal council kullu**

**नुकसान** से निपटने में सबसे जरूरी चीज है, उससे मिलने वाले सबक को न भूलना, जो आपको विजेता बनाता है। – **स्वामी दयानंद**

## संपादकीय

# शिक्षक समुदाय का सहयोग

करीब डेढ़ माह से चल रहा प्राथमिक शिक्षक संघ का क्रमिक अनशन आखिरकार समाप्त हो गया। इस लंबे आंदोलन का अंत शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ हुई एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद हुआ। बैठक के परिणामस्वरूप शिक्षक संघ ने आंदोलन को समाप्त करने का निर्णय लिया और सरकार ने उनकी मांगों पर विचार के लिए एक समिति के गठन की घोषणा की। यह समिति संघ की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी, जिससे आगे समाधान की संभावनाएं बनती नजर आ रही हैं। हालांकि, आंदोलन समाप्त होने के बावजूद कुछ मूलभूत असहमतियां बनी हुई हैं। प्रमुख असहमति का बिंदु शिक्षा निदेशालय को लेकर है। सरकार ने निर्णय लिया है कि स्कूल स्तर पर केवल एक ही शिक्षा निदेशालय रहेगा, जिसे वापस नहीं लिया जाएगा। पहली से पांचवीं कक्षा और छठी से 12वीं कक्षा के लिए दो अलग-अलग अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किए जाएंगे, ताकि प्रशासनिक कार्यों में कोई अव्यवस्था न हो। प्राथमिक शिक्षक संघ की आपत्ति इस बात को लेकर है कि एकल निदेशालय प्रणाली से उनके अधिकार क्षेत्र और स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। वे मानते हैं कि दो अलग निदेशालय होने से प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के बीच स्पष्ट सीमांकन बना रहता है, जिससे प्राथमिक शिक्षा की समस्याओं पर बेहतर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। एकल निदेशालय की व्यवस्था से यह संतुलन बिगड़ने की आशंका है, लेकिन सरकार का पक्ष अलग है।

सुक्खू सरकार का मानना है कि एकीकृत शिक्षा निदेशालय से कार्य में पारदर्शिता, जवाबदेही और समन्वय बढ़ेगा। उनका उद्देश्य शिक्षा प्रणाली को अधिक प्रभावशाली और परिणामोन्मुखी बनाना है। सरकार ने जो फैसला लिया है, वह किसी तात्कालिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि दीर्घकालीन शिक्षा सुधारों की दृष्टि से किया गया है। हिमाचल प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था, विशेषकर प्राथमिक स्तर पर, लंबे समय से कुछ चुनौतियों का सामना कर रही है। शिक्षक नियुक्तियों में पारदर्शिता, स्कूलों में मूलभूत ढांचागत सुविधाओं की कमी, शिक्षकों का गैर-शैक्षणिक कार्यों में उलझना जैसे मुद्दे समय-समय पर सामने आते रहे हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए केवल संरचनात्मक बदलाव ही नहीं, बल्कि सोच और दृष्टिकोण में भी बदलाव जरूरी है। सरकार का यह कदम इसी दिशा में एक प्रयास माना जा सकता है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की ओर से दो अलग-अलग अतिरिक्त निदेशकों की नियुक्ति की घोषणा इस बात का संकेत है कि सरकार संतुलन बनाए रखना चाहती है। वह एक ओर प्रशासनिक केंद्रीकरण का लाभ लेना चाहती है, तो दूसरी ओर प्राथमिक शिक्षा के अलगाव की मांग को भी पूरी तरह अनदेखा नहीं कर रही। यह एक समझौतावादी दृष्टिकोण है, जो शायद दोनों पक्षों को धीरे-धीरे संतोषजनक लगने लगे। शिक्षक संघ का आंदोलन समाप्त होने से सबसे बड़ा लाभ यह है कि अब स्कूलों की पढ़ाई फिर से सुचारु रूप से चल सकेगी। आंदोलन के दौरान कई स्कूलों में शिक्षा कार्य प्रभावित हुआ, जिससे छात्रों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ा। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां वैकल्पिक संसाधन सीमित हैं, वहां बच्चों की पढ़ाई लगभग ठप हो गई थी। अब जब शिक्षकों ने काम पर लौटने का फैसला किया है, तो छात्रों को एक बार फिर से नियमित शिक्षा मिलने लगेगी। हालांकि, यह सवाल अभी भी बना हुआ है कि सरकार और शिक्षक संघ के बीच उपजी असहमति पूरी तरह खत्म हुई है या सिर्फ अस्थायी रूप से टली है। समिति का गठन और उसकी रिपोर्ट की सिफारिशें आने तक स्थिति अस्पष्ट बनी रह सकती है।

यह सरकार के लिए एक अवसर है कि वह पारदर्शिता, संवाद और विश्वास के साथ आगे बढ़े और शिक्षकों की वास्तविक समस्याओं को समझते हुए दीर्घकालीन समाधान प्रस्तुत करे। सुक्खू सरकार ने अपने कार्यकाल की शुरुआत से ही शिक्षा क्षेत्र में कई पहल करने की बात कही है। डिजिटल शिक्षा, स्मार्ट क्लासरूम, शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति, मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता जैसे अनेक कदम सरकार उठा चुकी है, लेकिन इन सबके सफल क्रियान्वयन के लिए सबसे जरूरी है-शिक्षक समुदाय का सहयोग। यदि शिक्षक और प्रशासन के बीच सामंजस्य बना रहता है, तो कोई भी शिक्षा सुधार सफल हो सकता है, वरना अच्छी योजनाएं भी सिर्फ फाइलों तक सिमटकर रह जाती हैं। आंदोलन के इस समाप्ति को केवल एक राजनीतिक जीत या हार के रूप में देखने के बजाय, इसे एक संवाद की शुरुआत मानना चाहिए।

शिक्षक संघ ने अपनी आवाज उठाई, सरकार ने अपनी बात रखी और अंततः दोनों पक्षों ने संवाद के जरिए रास्ता खोजने की कोशिश की। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की खूबी है। अब जब आंदोलन थम चुका है, उम्मीद की जानी चाहिए कि भविष्य में शिक्षकों को अपनी बात रखने के लिए आंदोलन की नौबत न आए। इसके लिए शिक्षा विभाग को संवाद की स्थायी व्यवस्था बनानी चाहिए, जहां शिक्षक अपनी समस्याएं नियमित रूप से रख सकें और उनका त्वरित समाधान निकाला जा सके। यदि यह सामंजस्य बना रहता है, तो हिमाचल प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था निश्चित रूप से देशभर में एक आदर्श बन सकती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री

**शिल्पा** शेट्टी कुंद्रा एक प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री हैं, जो मुख्य रूप से हिंदी फिल्मों के साथ-साथ कुछ कन्नड़, तेलुगु और तमिल फिल्मों में काम करती हैं। उन्होंने थ्रिलर बाजीगर (1993) से अपनी स्क्रीन शुरुआत की, जिसने उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए पहला नामांकन दिलाया। रोमांटिक ड्रामा धड़कन (2000) शेट्टी के करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई। इसके बाद इंडियन (2001) और रिश्ते (2002) में भूमिकाएं निभाईं, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के लिए दूसरा फिल्मफेयर नामांकन मिला। शेट्टी का जन्म कर्नाटक के मैंगलोर में एक तुलु भाषी बंट परिवार में हुआ था। शेट्टी को चार फिल्मफेयर पुरस्कार नामांकन प्राप्त हुए हैं, बाजीगर के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला पदार्पण, बाजीगर और रिश्ते के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री और फिर मिलेंगे के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री। ■



शिल्पा शेट्टी
जन्म : 8 जून, 1975

## कविता — बादल



राकेश डोगरा, गांव कौना हल्दरा, पालमपुर

*देखो काला बादल आया, चारों ओर अंधेरा छाया।*
*हवा मचाए कितना शोर, छम-छम नाचे वन में मोर।*
*आसमान में बिजली चमके, जोर-जोर से बादल गरजे।*
*घन गर्जन से डरा दिया है, सूरज को भी छिपा दिया है।*
*रिमझिम-रिमझिम बरसा पानी, छाता तान खड़ी है नानी।*
*इंद्रधनुष है कितना प्यारा, सात रंग का बना न्यारा।*
*बादल कहां से आते हो और कहां को जाते हो।*
*नहीं किसी का मुझको डर है, पर्वत सागर मेरा घर है।*
*धरती को जब लगती प्यास, हो जाती वह खूब उदास।*
*मैं आकाश पर आता हूं, ढेरों जल बरसाता हूं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# 'शिक्षा' सामाजिक, आर्थिक और नैतिक विकास का आधार

'शिक्षा' किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है। यह न केवल व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और नैतिक विकास का आधार भी है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि जीवन जीने योग्य और रोजगार के लिए तैयार करना भी होना चाहिए, ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि क्या शिक्षा नीति में बदलाव केवल शिक्षा प्राप्त करने तक सीमित होना चाहिए, या फिर उसका विस्तार नौकरी और रोजगार से भी होना चाहिए?



लेखक : हंस ठाकुर
बग्गी, सुंदरनगर


बेशक, शिक्षा नीति के वर्तमान स्वरूप में भारत की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कई सुधार किए गए हैं, जैसे किमल्टीडिसिप्लिनरी शिक्षा प्रणाली, कौशल विकास पर जोर, व्यावसायिक शिक्षा का प्रारंभिक स्तर पर समावेश। भारत की नई शिक्षा नीति 2020 - एक ऐतिहासिक और व्यापक सुधार है, जिसका उद्देश्य शिक्षा प्रणाली को आधुनिक, समावेशी, और रोजगारोन्मुख बनाना है, लेकिन बदलते समय, तकनीक, रोजगार की प्रकृति और सामाजिक आवश्यकताओं को देखते हुए इस नीति में कुछ आवश्यक बदलाव और सुधारों की अभी भी जरूरत है। इसके कुछ प्रमुख कारण निम्नलिखित हैं-

**शिक्षा का उद्देश्य :** जीवन व करियर की तैयारी, शिक्षा केवल जानकारी या डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं है। इसका उद्देश्य छात्रों को आजीविका योग्य, व्यवसायिक रूप से सक्षम और समाजोपयोगी नागरिक बनाना है।

**रोजगार योग्य कौशल :** नई शिक्षा नीति 2020 में कौशल आधारित शिक्षा पर जोर दिया गया है। छात्रों को व्यावहारिक कौशल, महत्वपूर्ण सोच का विकास, संचार-संपर्क सूचना ज्ञान, उद्यमशीलता आदि का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि वे नौकरी के लिए तैयार हो सकें।

**ग्रामीण और सरकारी व निजी स्कूलों की गुणवत्ता सुधारना :** शहरी और ग्रामीण स्कूलों के साथ निजी शिक्षण संस्थानों में भारी अंतर है, यह स्कूलों को खोलने या बंद करने से नहीं, बल्कि बुनियादी ढांचे, प्रशासनिक सुधार व राजनयिक इच्छाशक्ति के साथ, शिक्षक प्रशिक्षण और डिजिटल संसाधनों को सुदृढ़ किया जाए।

**कर्मचारियों व शिक्षकों की गुणवत्ता और प्रशिक्षण पर विशेष जोर :** शिक्षक अभी भी पारंपरिक पद्धतियों से पढ़ाते हैं। शिक्षकों को नियमित रूप से नई तकनीकों, पेडागॉजी और कौशल शिक्षा का प्रशिक्षण दिया जाए। शिक्षकों की गुणवता के मापदंड पुनः पारदर्शिता पूर्वक सुनिश्चित करने होंगे। वर्तमान में शिक्षा के साथ-साथ रोजगार की प्रक्रिया भी अधिक पारदर्शी होनी चाहिए, रूढ़िवादी तथा आजादी के बाद से चले आ रहे नियमों का पुनरावलोकन करना जरूरी है। आए दिन, योग्य उम्मीदवार विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक होने की वजह से वंचित हो जाते हैं। नौकरी पेशा कर्मचारी भी इन नियमों से आहत हैं। जहां कुछ लोग इस रूढ़िवादी प्रक्रिया के तहत क्लास वन के ओहदे तक पहुच जाते हैं तो कहीं उतनी ही सेवा के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त स्नातक, परास्नातक, मास्टर ऑफ फिलासफी व डॉक्टर ऑफ फिलोसस्फी की शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी अपने नियुक्ति पद से बिना पदोन्नति के सेवानिवृत्त हो जाते हैं।



कुछ वर्गों में 20-22 साल की सेवा के पश्चात बिना पदोन्नति के लिए इंक्रीमेंट प्रदान की जाती है तो कुछ वर्ग उच्च योग्यता के वावजूद भी हाथ मलते रह जाते हैं। अपने सेवा कार्यों का किसी को लाभ मिले यह बुरी बात नहीं, मगर इन लाभों से वंचित लोगों को इस भेदभाव की अनुभूति अवश्य होती होगी।

**तकनीकी शिक्षा और डिजिटल साक्षरता को मजबूत करना :** अधिकतर छात्र तकनीकी ज्ञान और डिजिटल साक्षरता में पीछे हैं। स्कूली स्तर से कोडिंग, डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा जैसे विषयों की शुरुआत। इसकी शुरुआत स्कूली स्तर पर हो चुकी है, मगर इसे अधिक व्यावहारिक बनाना होगा और कुछ विद्यालयों में एस्ट्रॉनॉमी लैब आ चुकी है। इस दिशा में सभी अध्यापकों को लगातार प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है ताकि विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें।

**मूल्य आधारित शिक्षा और नैतिक शिक्षा का समावेश :** नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों में गिरावट में बदलाव के लिए पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा, मानवता, पर्यावरण संरक्षण, और सामाजिक जिम्मेदारी को शामिल करना व व्यवहार में लाना आवश्यक है।

**बहुभाषिकता को व्यावहारिक रूप देना :** मातृभाषा में शिक्षा की नीति का सही क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है, अतः बदलाव हेतु स्थानीय भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण सामग्री और शिक्षक उपलब्ध करवाया जाना आवश्यक है।

उच्च शिक्षा में रिसर्च और नवाचार को प्रोत्साहन न देना भी एक समस्या है। भारत के शोध क्षेत्र में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। विश्वविद्यालयों में रिसर्च ग्रांट्स, उद्यमिता हब और इंडस्ट्री लिंक को बढ़ाना और अधिक बढ़ाना होगा।

**समावेशी शिक्षा :** दिव्यांग, आर्थिक रूप से पिछड़े और दूर-दराज के बच्चों की शिक्षा सीमित है। उनके लिए विशेष सहायता, तकनीक आधारित शिक्षा और शैक्षिक समावेश बढ़ाना जरूरी है।

**परीक्षा प्रणाली में सुधार :** अब भी रटंत प्रणाली और अंकों का दबाव भारतीय शिक्षा प्रणाली पर हावी है। इसके बदलाव मूल्यांकन को अधिक व्यावहारिक, पारदर्शी ,निरंतर और व्यापक मूल्यांकन आधारित वास्तविकता में बनाया जाए।

**शिक्षा में बजट और निवेश बढ़ाना :** शायद घरेलू सकल उत्पाद का अपेक्षित 6 प्रतिशत अभी तक शिक्षा में निवेश नहीं हो पा रहा। नए बदलाव के लिए शिक्षा क्षेत्र को पर्याप्त आर्थिक संसाधन फिलहाल प्रदान करना ही होगा।

**वर्तमान शिक्षा नीति में आवश्यक बदलाव : शिक्षा और रोजगार का बेहतर सामंजस्य :** समस्या यह है कि डिग्रीधारी युवाओं में रोजगार योग्य कौशल की कमी है। इसमे बदलाव के लिए शिक्षा को उद्योगों की जरूरत के अनुसार ढालना, इंटर्नशिप और प्रशिक्षण जिम्मेदारी के साथ प्रदान करना अनिवार्य करना होगा। नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों की गिरावट में बदलाव हेतु पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा, मानवता, पर्यावरण संरक्षणऔर सामाजिक जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को शामिल करना होगा। वर्तमान शिक्षा नीति में आवश्यक बदलाव के साथ शिक्षा और रोजगार का बेहतर सामंजस्य बिठाना परम आवश्यक है। डिग्रीधारी युवाओं में रोजगार योग्य कौशल की कमी है, बदलाव के तौर पर शिक्षा को उद्योगों की जरूरत के अनुसार ढालना, इंटर्नशिप और प्रशिक्षण अनिवार्य करना बेहद आवश्यक है, जबकि कई शिक्षण संस्थान ऐसा नहीं कर रहे हैं, बस बच्चों को डिग्री प्रदान करना ही, उनका कमाने का जरिया बन चुका है।

व्यवस्था में सुधार ओर परिवर्तन करना है तो शिक्षा नीति के साथ रोजगार परक मूल्यों व नियमों में भी गुणवत्ता पूर्ण सुधार करना ही होगा। नई शिक्षा नीति 2020 ने एक सशक्त दिशा दी है, परंतु इसे स्थानीय जरूरतों, बदलते वैश्विक मानकों और रोजगार की वास्तविकता के अनुसार समय-समय पर अद्यतन करना आवश्यक है। जब तक नीति जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू नहीं होती और उसमें समयानुसार सुधार नहीं किए जाते, तब तक उसके उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पाएंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# साहित्यिक बाजार और संवेदना का सौदा

साहित्य आज साधना नहीं, सौदेबाजी का बाजार बनता जा रहा है। नकली संस्थाएं 1000 से 2500 रुपए लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार बांट रही हैं। यह केवल साहित्य नहीं, भाषा की भी हत्या है। सहयोग राशि के नाम पर सम्मान बिक रहा है और सच्चे साहित्यकारों की साधना उपेक्षित हो रही है। ऐसे आयोजनों का बहिष्कार और पर्दाफाश करने का समय आ गया है।



लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

साहित्य को बाजारू अपवित्रता से बचाने का यह सही वक्त है। यदि कोई पुरस्कार सहयोग राशि से खरीदा जा सकता है, तो वह पुरस्कार नहीं, एक बाजारू तमाशा है। साहित्य आत्मा की भाषा है, न कि ट्रॉफियों की भीड़। नकली आयोजनों से हिंदी ही नहीं, साहित्य की आत्मा घायल हो रही है।

साहित्य, आत्मा की पुकार है। वह सर्जक की साधना का फल होता है। वह तप, त्याग और संवेदना की अभिव्यक्ति है। आजकल सोशल मीडिया, व्हाट्सऐप और ई-मेल पर साहित्यिक आयोजनों के नाम पर संदेश आते हैं कि सहयोग राशि से पुरस्कार पाएं। कुछ तथाकथित संस्थाएं और व्यक्ति राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय, गौरव, रत्न जैसे भारी-भरकम शब्दों से सजे पुरस्कारों का जाल बिछाकर साहित्य प्रेमियों को लुभाते हैं। सच्चाई यह है कि पुरस्कार नहीं, सम्मान की नीलामी हो रही है। इन आयोजनों के अधिकांश आयोजक एक जैसी वेबसाइटें, नकली अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के नाम और सोशल मीडिया प्रचार का सहारा लेकर लोगों को भ्रमित करते हैं। वे एक निश्चित शुल्क लेकर एक ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और कभी-कभी एक ऑनलाइन समारोह की व्यवस्था करते हैं, जो केवल आत्मप्रशंसा का साधन होता है, न कि वास्तविक मान्यता।

इन आयोजनों के पीछे अकसर एक चतुर चाल होती है। इसे सहयोग राशि या प्रेस रिलीज खर्च कहकर नैतिक जामा पहनाया जाता है। पुरस्कार एक साधक को उसके योगदान पर दिया जाना चाहिए, न कि उसकी जेब देखकर। जब कोई लेखक अपनी मेहनत से एक रचना गढ़ता है, तो वह अपने समय, जीवन और संवेदना का अंश उड़ेलता है और फिर कुछ लोग आते हैं-पैसा दो, पुरस्कार लो। क्या यह साहित्य की आत्मा का अपमान नहीं? यहां साहित्य एक उत्पाद बन गया है और लेखक उपभोक्ता।



पुरस्कार की शर्तें रचनात्मक मापदंड पर तय नहीं होतीं, बल्कि यूपीआई भुगतान और स्क्रीनशॉट की पुष्टि पर होती हैं। ऐसे आयोजनों के जरिए न सिर्फ साहित्य को ठगा जा रहा है, बल्कि हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं के नाम पर योजनाबद्ध गिरावट फैलाई जा रही है। जो सम्मान कभी राष्ट्रगौरव का प्रतीक होता था, वह अब टिकट खरीदकर पाई जाने वाली वस्तु बन गया है। यह भाषायी संस्कृति पर हमला है, जिसका संगठित बहिष्कार आवश्यक है। अनेक फर्जी अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विदेशी नामों की आड़ में भारत के भीतर ही संचालित हो रहे हैं। इन आयोजनों का एक ही उद्देश्य होता है-नाम की आड़ में पैसा कमाना और साहित्यिक गंभीरता का शोषण करना।

सच्चा साहित्यकार पुरस्कार के लिए नहीं, समाज के लिए लिखता है। वह पुरस्कार के पीछे नहीं भागता, पुरस्कार उसकी साधना के पीछे भागते हैं। आज जरूरत है ऐसे छलछंद को उजागर करने की है, जो साहित्य को सिर्फ एक सेल्फी इवेंट बना रहे हैं। साहित्य की साधना को बचाने का यही समय है। आज नहीं बोले, तो कल शायद भाषा ही नहीं बचेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**नशे** की तस्करी और लत जानलेवा है। यह समस्या न केवल राज्य की सामाजिक संरचना को खोखला कर रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी अंधकारमय बना रही है। चिट्टा एक प्रकार का सिंथेटिक ड्रग है, जो हेरोइन, ब्राउन शुगर या अन्य खतरनाक केमिकल्स से बनाया जाता है। यह बेहद नशेड़ी और जानलेवा होता है। इसकी लत इतनी तीव्र होती है कि एक बार इसका सेवन करने वाला व्यक्ति बार-बार इसकी ओर खिंचता चला जाता है। कुछ ही समय में यह शारीरिक और मानसिक रूप से व्यक्ति को पूरी तरह जकड़ लेता है। यही वजह है कि हिमाचल प्रदेश के युवा तेजी से इसकी चपेट में आ रहे हैं। इस समस्या के हल के लिए युवाओं को बचपन से ही नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया जाना चाहिए, ताकि कोई भी नशा करने से पहले 100 बारे सोचे। **-रवि, योल**

# वक्त बदला, अब पुरुषों में नहीं रहा 'बाण' का हुनर

एक समय था जब बिहुल पेड़ के रेशे से बने बाण की रस्से एवं रस्सियां लोकमानस का अभिन्न अंग था। इससे अनेक घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति होती थी। घर के बुजुर्गों को जब समय मिलता बाण बाटते थे। इसे 'कूप्पू' से बाटा जाता था। कूप्पू लकड़ी की दो छड़ियों से बनाया जाता था। उसकी एक छड़ी करीब एक फुट तथा दूसरी दो फुट से लंबी होती थी। दोनों छड़ियों को जोड़कर जमा के आकार का होता था। लंबी छड़ी को हत्थी के रूप में प्रयोग किया जाता था, जबकि छोटी छड़ी में सेल का रेशा लगाने पर घुमाया जाता था। 'बटन्यरी' एक फुट के करीब लकड़ी की डंडी होती थी, उस घर में बाण से बुनी चारपाइयां होती थी।



लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

घास लाने के छिक्के, बिल्ली से दूध-दहीं के बचाव के लिए छत से टांगे जाने वाले छिक्के, बैलों के मुंह में लगाए जाने वाले छिक्कू, जंगली जानवरों व पशु-पक्षियों को डराने के लिए पत्थर मारने की छोटी सी छिक्की बैलों को जोतने वाली रस्सियां, नुकेल से डालने वाली रस्सियां, हल, सुहागा और चोहणा जोड़ने वाले रस्से, विभिन आयोजनों में बटलोई को उठाने वाले रस्से तथा सावन महिने में झूले (पिंगा) में डालने वाले रस्से आदि को बुजुर्ग ही बनाते थे। कई बुजुर्ग तो बाण बाटने के इतने पारंगत होते थे कि बिलकुल बारीक रस्सियां बाटते थे। उनकी देखा-देखी में कई अधेड़ पुरुष भी उस समय बाण बाटते थे। सौ मीटरया इससे अधिक लंबी रस्सियों को विशेष डिजाइन में लपेट कर 'बणुली' बनाई जाती थी। उनका बजन कम से कम पांच सेर (दो किलोग्राम) या इससे अधिक होता था। कई बुजुर्ग इतना अधिक बाण बाटते थे कि घरेलू जरूरतें पूरी होने के बाद बेच भी देते थे।

मशीनों से बनी प्लास्टिक की रस्सियां तथा रस्सों से अब बाण बाटने की धंधा विलुप्त हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन का काम कम होने व बिहुल की छटियों से 'सेल' न बनाए जाने तथा बुजुर्गों द्वारा बाण बाटने में दिलचस्पी न लिए जाने से अब यह काम न के बराबर हो गया है। दूर-दराज के क्षेत्र में अब भी पुराने समय का बाण देखने को मिलता है। सेल बनाने की प्रक्रिया में महीना भर लगता था। सर्दियों के दिनों में भी बिहुल के पेड़ हरे-भरे होते हैं। इसके पत्तों को पशुचारे के रूप में प्रयोग किया जाता है। एक-एक छटी से उसके पत्ते अलग किए जाते थे। उसकी छटियों की बांध कर रखा जाता था। गर्मियों के दिनों में उन छटियों के भारे खड्ड या नाले के पानी में डुबोए जाते थे। करीब एक माह के बाद उन छटियों को पत्थरों पर पटक-पटककर सफेद रेशा (सेल) और छटियों (पल्याठू) को अलग-अलग किया जाता था। सेल को साफ पानी में धोया जाता था, तब बिजली की सुविधा नहीं थी। लालटेन व टार्च के न होने पर रात को 'पल्याठू' का मुठड़ा जलाकर मील-दो मील सफर किया जा सकता था। रसोई में आग जलाने के लिए भी उसका प्रयोग किया जाता था। सेल की पहले छोटी छोटी गठियां (पुलियां) बनाई जाती थी। बीस पच्चीस पुलियों की एक गड्डी होती थी। प्रत्येक परिवार के घर में पांच-सात या इससे अधिक गड्डियां सेल हुआ करता था। पहले पूरे परिवार के सभी सदस्यों के लिए बाण से ही बुनी हुई चारपाइयां होती थीं।



बाण बाटने तथा उसकी बुनाई करना जबरदस्त कारगिरी होती थी। बुजुर्ग इस काम में पारंगत होते थे। चारपाई के करीब 85 प्रतिशत हिस्से में ही बुनाई होती थी। शेष पन्द्रह प्रतिशत भाग में मोटी रस्सी लगाई जाती थी। उससे ढीला पड़े बुनाई वाले भाग को कसा या ढीला किया जाता था। उसे 'दौण' कहा जाता था। बाण की चारपाई पर सोने का अलग ही आनंद होता था, जिससे 'सर्वाइक्ल' जैसी बीमारियों से भी निजात मिलती थी। बैठने और सोने पर ऐसा महसूस होता था कि चारपाई में स्प्रिंग लगे हों। उस समय घर में ही पशुओं को बांधने के लिए रस्से और कृषि सबंधी कार्यों के लिए रस्सियों से लेकर मोटे रस्सों तक को घर में ही बनाया जाता था। पतली रस्सियों से बैलों के लिए 'छिक्कू' भी बुने जाते थे। जब बैलों से जोताई की जाती थी, उस समय बैलों के मुंह में छिक्कू लगाए जाते थे, ताकि वे इधर-उधर मुंह न मारें।

चारपाई की बारीक रस्सियों से बुनाई की जाती थी। रस्सियों को रंग देकर बैलों को नुकेलें, मनकों की माला के लिए पतली रस्सियां बनाई जाती थी। बैलों को इधर-उधर ले जाने के लिए मोटी रस्सियां भी उपयोग में लाई जाती थीं। मोटे रस्से 'बटन्यारी' की मदद से बनाए जाते थे। बैलों को जुंगड़े से जोतने के लिए उपयोग में लाई जाने वाली रस्सियों का 'जोतर' कहा जाता था। पतली रस्सियां कूप्पू से ही बनाई जाती थीं। हरी घास ढोने के लिए रस्सियों के बड़े-बड़े छिक्के बनाए जाते थे। इसका प्रयोग अधिकतर उस समय होता था, जब घास उगना शुरू होता था। उस समय घास के छोटे-छोटे तिनके होते। उनकी गठियां नहीं बांधी जा सकती थीं। पहले घास को काट कर 'बाऊगल' में डालते। बाऊगल बोरी का लंबे टुकड़े की होती थी, उसे 'पाली' भी कहा जाता था। घर की छत से टांगने के लिए छोटे छिक्के बनाए जाते थे। उनमें दूध और दहीं रखा जाता था, ताकि बिल्ली से बचाव हो सके। कुम्हार रस्सी से बने छीके में ही अपने घड़े बेचने के लिए गांव-गांव जाता था। रस्सियों से बने 'खरबैन' से कुछ दूरी तक पत्थर फेंककर जंगली जानवरों को फसल के खेतों से भगाया जाता था। यह करीब 15 फुट रस्सी से बनाया जाता था। रस्सी के बीच में छोटी सी जाली बनाई जाती थी। उसके दोनों ओर लगभग चार-चार फुट दो लड़ियां होती थीं। जाली में छोटा सा पत्थर रखकर दोनों लड़ियों से घुमाकर निशाना साधा जाता था। इसके बाद झटके से एक लड़ी को छोड़ा जाता था, उससे पत्थर तेजी से दूर गिर जाता था। कुछ लोग सेल बाट कर बाण की 'बनुल्लियां' भी बेचते थे।

डोली व पालकी के बीच बैठने वाले हिस्से को बाण की रस्सियों से बुना जाता था। व्याह-शादियों में बटलोहियों को उठाने के लिए रस्से का प्रयोग किया जाता। सावन महीने पीपल या बट वृक्ष की मोटी टहनियों में पड़ने वाली पींगा (झूले) के मोटे रस्से भी सेल से बाटकर बनाए जाते थे, जो काफी मजबूत होते थे, जिनमें महिलाएं व बच्चे झूलते थे। भादो महीने उस रस्से को खोलकर अगले वर्ष के लिए रख लिया जाता था। जुंगड़े को हल से जोड़ने के लिए मोटी रस्सी होती है, जबकि सुहागे को जुंगड़े से जोड़ने के लिए बड़े व मोटे रस्से की जरूरत होती थी। इस तरह गाय, भैंस व अन्य पशुओं को बांधने के लिए मोटे रस्से बनाए जाते थे। ऐसे रस्से बटन्यरी की मदद से बनाए जाते थे ।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विजय की कीमत : भीड़, भगदड़ और फिर वही एक और गंभीर सवाल

भारतीय प्रीमियर लीग (आईपीएल.) का इतिहास रोमांच, प्रतिस्पर्धा और जुनून से भरा रहा है, लेकिन इस वर्ष की समाप्ति के बाद जो दुखद घटना घटित हुई, वह शायद इस भव्य प्रतियोगिता के इतिहास की सबसे पीड़ादायक स्मृतियों में दर्ज हो गई है। भगवान से प्रार्थना है कि आगे भविष्य में ऐसी त्रासदी न कभी इस मंच पर, न कहीं ओर हो।



लेखक : मनीष वर्मा 'मनु'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

घटना भले ही आईपीएल की समाप्ति के बाद की हो, पर इसके तार सीधे-सीधे इस लीग से ही जुड़े हैं। इस बार की विजेता टीम, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), जो वर्षों की प्रतीक्षा के बाद चैंपियन बनी, उसके सम्मान में आयोजित 'विक्ट्री परेड' का आयोजन बेंगलुरु की सड़कों पर किया गया। इस परेड का मकसद था खिलाड़ियों को उनके चाहने वालों से मिलवाना, उनकी जीत का उत्सव साझा करना, पर दुर्भाग्यवश, यह उत्सव मातम में बदल गया। भारी भीड़, अव्यवस्थित प्रशासन और भावनाओं की बाढ़ ने ऐसी भगदड़ को जन्म दिया, जिसमें कई निर्दोष लोगों की जानें चली गईं। कुछ ही पलों में खुशी का रंग रक्त की छींटों से मलिन हो गया।

भारत एक ऐसा देश है, जहां क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक धर्म है और खिलाड़ी हमारे लिए देवताओं की तरह पूज्य हैं। ऐसे में जब कोई टीम जीतती है, तो वह केवल एक खेल की जीत नहीं होती, वह करोड़ों लोगों के सपनों की विजय होती है, पर सवाल यह उठता है कि किस कीमत पर? कोई सप्ताहांत नहीं था, कोई राष्ट्रीय अवकाश नहीं था, फिर भी लाखों की संख्या में लोग अपने चहेते खिलाड़ियों की केवल एक झलक पाने को उमड़ पड़े। अनुमान है कि तीन लाख से अधिक लोग वहां मौजूद थे।

अब प्रश्न यह है कि इस त्रासदी का दोषी कौन है? अक्सर हम प्रशासन को दोषी ठहरा देते हैं। यह आसान भी है सरकार, पुलिस, नगर निगम, ये सभी हमारे गुस्से का पहला निशाना बनते हैं। पर क्या यही पूरा सच है? क्या हम, आम नागरिक, इस त्रासदी के अंशतः जिम्मेदार नहीं हैं? हमारी जनसंख्या एक सर्वविदित वास्तविकता है, बेरोजगारी एक कड़वी सच्चाई। जब लोगों के पास रचनात्मक विकल्प नहीं होते, जब खाली समय में भावनाओं का उबाल तर्क पर भारी पड़ता है, तब ऐसे हादसे टालना कठिन हो जाता है।



इस विक्ट्री परेड की भगदड़ कोई अकेली घटना नहीं है। हमने हाल में देखा कि किस तरह एक धार्मिक गुरु के दर्शन और उनके चरणों की धूल लेने के लिए उमड़ी भीड़ की वजह से हुई भगदड़ ने कई जानें ले ली थीं। महाकुंभ, मंदिरों में होने वाली भीड़, राजनीतिक रैलियां हर जगह भीड़ की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है और हर बार हम किसी एक चेहरे पर दोष मढ़ कर अपने दायित्व से मुंह मोड़ लेते हैं, पर अब समय आ गया है कि हम आत्ममंथन करें। व्यवस्था से लेकर मानसिकता तक, सब कुछ पुनरावलोकन की मांग करता है। हमें यह समझना होगा कि सिर्फ भीड़ जुटा लेना किसी आयोजन की सफलता नहीं होती। भीड़ को संभालना, सुरक्षित बनाना और उससे जुड़ी जिम्मेदारियों को निभाना ही किसी भी समाज की परिपक्वता का प्रमाण होता है। जब तक हम मिलकर इस समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में नहीं सोचेंगे, तब तक ऐसी मौतें होती रहेंगी। हम जो रोज 'एक और हादसा' सुनने के आदि हो चले हैं, धीरे-धीरे संवेदनहीनता के उस बिंदु तक पहुंच जाएंगे, जहां एक-दो जानों की खबर कोई फर्क नहीं डालेगी। क्या हम वास्तव में ऐसे समाज की ओर बढ़ना चाहते हैं? यह समय केवल शोक मनाने का नहीं, आत्ममंथन और आत्मवलोकन का है, क्योंकि जीत का, असली अर्थ तभी है जब हर कोई सुरक्षित और संपूर्ण रूप से उसका आनंद उठा सके। जीत के नाम पर मौतें हों, तो उस विजय का क्या मूल्य?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सरकाघाट हॉस्पिटल तक नहीं ट्रांसपोर्ट सुविधा

## गर्मी व बारिश में मरीजों व उनके परिजनों को बस स्टैंड से अपना सामान लेकर आना पड़ता पैदल

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** 35 डिग्री तापमान और बारिश में भी मरीजों व उनके परिजनों को बस स्टैंड से हॉस्पिटल तथा हॉस्पिटल से बस स्टैंड तक अपना बोरिया बिस्तर लेकर ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध न होने की वजह से पैदल ही चलना पड़ता है।

सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व प्रत्याशी सरकाघाट विधानसभा रमेश चंद भारद्वाज ने उपमंडल अधिकारी सरकाघाट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ऑनलाइन ज्ञापन भेज कर मांग की है कि वो अस्पताल के लिए एक विशेष एचआरटीसी प्राइड टैक्सी भेजे और उसकी समय सारणी बस

### सीएम को ज्ञापन भेजकर एचआरटीसी प्राइड टैक्सी चलाने की उठाई मांग

स्टैंड, पुराना बस स्टैंड तथा हॉस्पिटल के बाहर लगा कर उसे सरकाघाट बस स्टैंड और हॉस्पिटल के लिए चलाया जाए, जिससे मरीजों, उनके परिजनों और दिव्यांगों इत्यादि को अस्पताल तक पहुंचने या छुट्टी होने पर पैदल न चलना पड़े। उन्होंने खेद जताया कि जब भी ये हॉस्पिटल बना होगा तो उस समय बाजार में भी हॉस्पिटल बनाने के लिए जगह उपलब्ध रही होगी, लेकिन तत्कालीन विधायक या मंत्री ने उपरोक्त परेशानी को मध्यनजर नहीं रखा और न ही पुरानी व नई बिल्डिंग में लिफ्ट का प्रावधान रखा है। हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति, अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा खंड सरकाघाट के प्रधान अमी चंद, महासचिव रणजीत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अति देवी, प्रदेश सचिव एनसी भारद्वाज, सोमा देवी इत्यादि ने इस मांग का समर्थन किया है और सरकार से शीघ्र ही बस स्टैंड से सरकाघाट हॉस्पिटल तक ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग की है।

**इन्होंने उठाई ट्रांसपोर्ट सुविधा की मांग**



परम देव, मिलाप, भीम सिंह, हरदेई पौंटा व बाल चंद ने उठाई ट्रांसपोर्ट सुविधा मांग।

# टांकरी लिपि व मंडयाली बोली को समर्पित जगदीश

## साहित्यिक गतिविधियों में है दखल, 'मुईए मेखे तू केस लेखे' पुस्तक भी प्रकाशित

भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान

**मंडी।** मंडी शहर में जन्मे, पले, बढ़े जगदीश कपूर पुरातन लिपि 'टांकरी' के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। वे मंडयाली बोली के विकास के लिए भी समर्पित हैं। इसके अलावा वे साहित्यिक क्षेत्र में भी दखल रखते हैं।

'अनंत ज्ञान' से विशेष भेंटवार्ता में डांगरी लिपि के प्रति उनके झुके हुए जुड़ाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि दादा व ताया व्यापारी थे और वे अपना हिसाब किताब टांकरी में लिखते थे। उस जमाने में कागजों की कमी होने की वजह से कभी-कभी दीवारों पर भी हिसाब किताब लिखना होता था तो इन टेढ़े-मेढ़े शब्दों को पढ़ने की लालसा ने ही उनकी रुचि इस ओर पैदा की। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्होंने टांकरी लिपि का ज्ञान हासिल किया और वर्ष 2018 में मंडयाली टांकरी के नाम से एक पुस्तक का पहला संस्करण प्रकाशित किया। इस पुस्तक का दूसरा संस्करण भी प्रकाशित हो चुका है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकाशित पुस्तक का जब विमोचन हुआ तो वहां पर उन्हें जानकारी मिली कि टांकरी लिपि की एक हस्तलिखित प्रति किसी कबाड़ी के पास है। यह सूचना मिलने पर उन्होंने उसे पुस्तक को कबाड़ी से लेने का मन बनाया। लेकिन कबाड़ी उस किताब को देने के लिए तैयार नहीं था। आखिर में उन्होंने उसकी फोटो प्रति के लिए मना लिया। हालांकि वह पुस्तक की पांडुलिपि ना होकर मुद्रित प्रति ही थी। उन्होंने बताया कि मंडयाली बोली को भी उचित संरक्षण व संवर्धन करने की आवश्यकता है। उन्होंने आग्रह किया कि टांगरी लिपि वह मांड्याली बोली को प्रचारित प्रसारित करने के लिए सभी का योगदान आवश्यक है। जगदीश की एक पुस्तक 'मुईए मेखे तू केस लेखे' भी प्रकाशित हुई है। भविष्य में उनकी और प्रकाशन की भी योजना है।




अनंत ज्ञान से विशेष भेंटवार्ता में जगदीश कपूर।

# चमन राही ने ईद के जश्न में बच्चों संग खेली क्रिकेट, गले लगाकर दी मुबारकबाद

अनंत ज्ञान, मंडी

**अखिल** भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने ईद के पावन अवसर पर मौलाना अब्दुल कलाम आजाद स्कूल, डीनक में बच्चों संग ईद मनाई।

चमन राही ने बच्चों के साथ समय बिताया, उन्हें गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और साथ ही क्रिकेट भी खेला। उनके इस सादगीपूर्ण और आत्मीय व्यवहार ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। इस मौके पर मोहम्मद इरशाद, सूरज संधू, संजय गुप्ता और विवेक तलवार जैसे समाजसेवी भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर बच्चों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं और आपसी एकता, भाईचारे व सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया। चमन राही ने कहा कि ऐसे त्योहार हमें नफरत नहीं, मोहब्बत सिखाते हैं और हमें हर वर्ग व समुदाय को साथ लेकर चलना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को मिठाइयां वितरित की गईं और शुभकामनाएं दी गईं। इस आयोजन ने समाज में भाईचारे की मिसाल कायम की और सबके दिलों को जोड़ा।

# सोशल मीडिया में चेन से बंधी महिला का वायरल वीडियो निकला ड्रामा

अनंत ज्ञान, करसोग

**जिला** मंडी के करसोग के मझास गांव में एक महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक महिला चेन से बंधी हुई बचाव की गुहार लगा रही है। सूचना मिलते ही करसोग पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की और चिन्हित स्थल पर पहुंचे। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंची तो चेन स्वतः ही खुल गई और महिला खड़ी हो गई।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो एक ड्रामा निकला, लेकिन महिला के साथ मारपीट होने की पुष्टि उसके घावों से हुई है। छोटी सी चेन स्वतः ही खुल जाती है, जिससे प्रतीत हुआ कि बांधने वाली बात पुख्ता नहीं है। यह एक ड्रामा ही है। महिला का मेडिकल किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह महिला

### पुलिस कर रही मामले की जांच, महिला से मारपीट के पुख्ता सबूत मिले

हमीरपुर की रहने वाली है और एक तीन बच्चों के बाप के घर में गत दो माह से रह रही है। कुछ दिन पहले महिला यहां से चली गई थी, जिसकी शिकायत उक्त व्यक्ति ने पुलिस थाना में दर्ज करवाई थी।

महिला फिर यहां से कहीं जाने की बात कर रही थी, जिस कारण मारपीट की घटना होने की संभावना है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि मामला ध्यान में आया है, पुलिस हर पहलू की जांच की रही है। मेडिकल जांच और तहकीकात के बाद पुलिस मामला दर्ज करेगी। उक्त व्यक्ति को पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन बुलाया जा रहा है।

# 5 साल से बस सुविधा को तरसे पोलिंग गांव के बाशिंदे

## पूर्व बीडीसी सदस्य कई बार सरकार व विधायक से कर चुके मांग, फिर भी नहीं हुआ समाधान

अनंत ज्ञान, बरोट

**छोटाभंगाल** घाटी के पोलिंग गांव के लोगों की जोरदार मांग को मद्देनजर रखते हुए सरकार ने इस गांव के लोगों की बेहतर सुविधा के लिए लोहारडी से आगे पोलिंग गांव तक बस योग्य दो किलोमीटर सड़क मार्ग का निर्माण करने के साथ-साथ वर्ष 2019 में इस सड़क मार्ग में टारिंग भी कर दी गई है, जिसके चलते इस सड़क मार्ग पर कार व दोपहिया वाहन आसानी से दौड़ भी रहे हैं, मगर पांच वर्ष के बीतने के बावजूद भी इस गांव के समस्त लोग बस सुविधा के लिए अब तक पूरी तरह से तरस रहे हैं।

पूर्व बीडीसी सदस्य श्याम लाल ने बताया कि इस सड़क मार्ग पर बस को चलाने के लिए सरकार तथा बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल को कई बार गांव स्तर, पंचायत स्तर पर मौखिक रूप से अवगत करवाने के साथ-साथ लिखित रूप से प्रस्ताव भी प्रेषित किए जा चुके हैं, मगर समस्या का कोई भी समाधान ही नहीं हो पाया है, वहीं दूसरी ओर इस वर्ष ही 28 फरवरी को यहां हुई भारी बारिश के कारण घाटी में हुए अन्य नुक्सान के साथ इस सड़क मार्ग में जगह-जगह भूस्खलन के कारण पोलिंग गांव के लगभग तेरह छोटे वाहन चालकों की गाड़ियां क्षतिग्रस्त होने के साथ-साथ मलवे की चपेट आने से बह गई हैं। उन्होंने कहा कि पोलिंग गांव में लगभग डेढ़ सौ परिवार रहते हैं, मगर इस सड़क मार्ग में बस को चालू करना तो दूर की बात हो गई है, मगर बारिश के कारण इस सड़क मार्ग के डंगे ढहने व सड़क मार्ग पर भूस्खलन होने से जगह पड़े बड़े-बड़े पत्थर और मलबे को भी बारिश के लगभग तीन माह बाद भी लोक निर्माण विभाग नहीं हटा पाया है, जिस कारण पोलिंग गांव के समस्त लोगों में विभाग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है।



पोलिंग सड़क मार्ग के बीच पड़े बड़े-बड़े पत्थर।

श्याम लाल ने लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारियों व बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल से मांग की है कि पोलिंग गांववासियों की बेहतर सुविधा के लिए सबसे पहले सड़क मार्ग पर 3 माह पूर्व से पड़े बड़े-बड़े पत्थरों व मलबे को तुरंत बाहर करने के साथ-साथ गांववासियों की बेहतर सुविधा के लिए इस सड़क मार्ग पर बस सेवा को भी चालू किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### शारीरिक शिक्षकों से हो रहा सौतेला व्यवहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सरकार शारीरिक शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। पिछले पांच वर्षों से शारीरिक शिक्षकों की भर्ती और पदोन्नति नहीं हो रही है। यह बात शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ललित चौहान व प्रदेश मुख्य मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार ने प्रेस को जारी संयुक्त बयान में कही। उन्होंने कहा कि पूर्व में तो माननीय उच्च न्यायालय का स्टे था, लेकिन वर्तमान में शारीरिक शिक्षकों की भर्ती और पदोन्नति को लेकर को स्टे नहीं है, ऐसे में सरकार को इस दिशा में प्रक्रिया आरंभ करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अलग-अलग चल रहे गर्ल्स और ब्वॉय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को मर्ज कर एजुकेशनल बनाने पर डीपीई के पदों को दूसरे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में दिया जाए। शारीरिक शिक्षा पढ़ने वालों की संख्या ज्यादा है और पद स्वीकृत नहीं हैं। सरकार प्रदेश सभी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के डीपीई के पद सृजित करे, क्योंकि ऐसे स्कूलों की संख्या सैकड़ों में है और शारीरिक शिक्षा के विषय को अनिवार्य विषय रूप में स्कूलों पढ़ाया जाए। शारीरिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मांग की है कि शारीरिक शिक्षकों के 870 स्वीकृत पदों पर जल्दी भर्ती की जाए। डीपीई के 150 के लगभग रिक्त पदों पर प्रक्रिया शुरू की जाए।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ की बैठक 12 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ इकाई जोगिंद्रनगर की मासिक बैठक आगामी 12 जून को प्रातः 11 बजे मिनी सचिवालय जोगिंद्रनगर में आयोजित की जाएगी। यह बैठक संघ के प्रधान एवं राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न होगी। संघ के महासचिव रमेश पठानिया एवं वित्त सचिव रविन्द्र शर्मा ने संयुक्त बयान जारी करते हुए बताया कि बैठक में हाल ही में संपन्न जिला स्तरीय चुनाव प्रक्रिया की जानकारी साझा की जाएगी। साथ ही राज्य स्तरीय चुनाव में भागीदारी को लेकर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा पहले ही घोषित किए गए लंबित वित्तीय लाभों को अब तक न दिए जाने की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की जाएगी और भविष्य की रणनीति पर विचार होगा। इसके अतिरिक्त पैंशनरों की व्यक्तिगत मांगों एवं समस्याओं को भी बैठक में प्रमुखता से उठाया जाएगा।

### पूर्व सांसद की स्मृति में मेला 10-11 जून को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के पहलून गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व सांसद मंडी (छोटी काशी) स्वर्गीय रामस्वरूप शर्मा की स्मृति में दो दिवसीय मेले का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह मेला आगामी 10 जून से 11 जून तक पहलून (जलपेहड़) के खेल मैदान में संपन्न होगा। मेले का आयोजन युवक मंडल पहलून एवं मंत्रा फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। यह मेला न केवल स्वर्गीय रामस्वरूप शर्मा के सामाजिक योगदान को श्रद्धांजलि है, बल्कि क्षेत्रीय एकता, उत्सव और लोक संस्कृति के संरक्षण का भी प्रतीक बन चुका है। मेले में युवाओं व महिलाओं के लिए अनेक पारंपरिक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। मुख्य आकर्षणों में कबड्डी मैच, महिलाओं की रस्साकशी, संगीत कुर्सी, सामूहिक गीत, मटका फोड़ प्रतियोगिता और सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम शामिल हैं। मेला आयोजन समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित इस शुभ आयोजन में पधारकर आयोजन को सफल बनाएं और स्व. रामस्वरूप शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

### कार्तिक के भजनों से मंत्रमुग्ध हुए भक्त

**अनंत ज्ञान, मंडी।** तरोर में आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा में हिमाचल आफ पाइन के गायक कार्तिक शर्मा ने अपने मधुर भजनों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही कथा व्यास सुशांक कृष्ण कौशल ने भी भजन गाकर समां बांधा। पुजारी दीनानाथ शर्मा ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य ने भी शिरक्त की। उन्होंने कहा कि दूर दूर से श्रद्धालुओं ने श्रीमद् भागवत कथा श्रवण की और अपने को धन्य पाया। श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया और भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाया।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर 'संकल्प से सिद्धि' के रूप में कार्यक्रम करेगी भाजपा: निहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा संकल्प से सिद्धि मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही है। यह कार्यक्रम पूरे देश में आयोजित किया जा रहे हैं। भाजपा के जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा बताया कि 9 जून को दोपहर एक बजे मंडी लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह मुख्यमंत्री संवाद कक्ष टारना मंडी में इन कार्यक्रमों को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन और पार्टी के प्रदेश के प्रवक्ता अजय राणा उपस्थित रहेंगे। शर्मा ने कहा कि भाजपा देश और समाज के हित में काम करने वाली पार्टी है इस कार्यक्रम में मंडी जिला के विधायक भी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यशाला में भाजपा के पदाधिकारी भाग लेंगे। विश्व पर्यावरण दिवस, विकसित भारत संकल्प सभा व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इस तरह के कार्यक्रमों की चर्चा की जाएगी।



# किसानों तक आधुनिक तकनीकें पहुंचाने के लिए ड्रिपटेक इंडिया और हिमाचल एग्रीकल्चर इनपुट के बीच एमओयू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**जल** संरक्षण और आधुनिक सिंचाई तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ड्रिपटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और हिमाचल एग्रीकल्चर इनपुट के बीच एक समझौता ज्ञापन साइन किया गया है। यह समझौता ड्रिपटेक इंडिया की अत्याधुनिक लेजर स्प्रे पाइप, इनलाइन ड्रिप तथा ऑनलाइन ड्रिप सिस्टम को प्रदेश में प्रसारित करने और किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है।

इस समझौते पर ड्रिपटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के महाप्रबंधक बीडी काटकर व हिमाचल एग्रीकल्चर इनपुट के प्रबंध निदेशक संजय भारद्वाज ने हस्ताक्षर किए। इस सहयोग से राज्य के किसानों को जल की बचत करने, सिंचाई दक्षता बढ़ाने तथा उत्पादन लागत कम करने में मदद मिलेगी। यह तकनीकी साझेदारी हिमाचल प्रदेश में टिकाऊ और स्मार्ट कृषि की दिशा में एक सशक्त पहल मानी जा रही है। हिमाचल एग्रीकल्चर इनपुट और ड्रिपटेक इंडिया मिलकर आधुनिक सिंचाई प्रणालियों के



आधुनिक तकनीकों को लेकर समझौता ज्ञापन पर साइन करते हुए प्रतिनिधि।

### टिकाऊ व स्मार्ट कृषि की दिशा में एक सशक्त पहल

प्रशिक्षण कार्यक्रम, डेमो और जागरूकता शिविर भी आयोजित करेंगे, जिससे अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें।

# एसआईयू टीम ने 10.07 ग्राम चिट्टे सहित नशा तस्कर किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी में हेरोइन तस्करों के खिलाफ पुलिस का विशेष अभियान जारी है। ताजा मामले में पुलिस थाना हटली के अंतर्गत सुंदरनगर डोडवां के रहने वाले 30 वर्षीय आरोपी से स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट ने 10.07 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले में पुलिस थाना हटली ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस की एसआईयू टीम शुक्रवार देर शाम गश्त पर थी। इस दौरान टीम ने जब भांबला क्षेत्र के अप्पर भांबला में एक स्कूटी नंबर एचपी-31डी- 3715 को संदिग्ध रूप से आते हुए देखा। पुलिस टीम ने स्कूटी चालक को रोककर तलाशी ली गई। इस दौरान आरोपी के कब्जे से 10.07 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। आरोपी की पहचान ललित कुमार (30) पुत्र चमन लाल निवासी गांव डोडवां डाकघर भोजपुर, तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के रूप में हुई है। मौके पर कार्रवाई अमल में लाने के बाद एसआईयू टीम ने जांच पुलिस थाना हटली को सौंप दी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि वह नशे की यह खेप कहां से लाया था और किन्हें इसकी आपूर्ति की जानी थी। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जिला पुलिस का अभियान लगातार जारी है।

# रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर जुलाई माह में डॉ. चंद्रभूषण शर्मा को सौंपेगा क्लब की कमान

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

रोटरी इंटरनेशनल के सत्र 2025-26 में रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर ने युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने का निर्णय लेते हुए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मासिक बैठक में क्लब के सचिव सुशील पठानिया ने जानकारी दी कि इस बार समाज के प्रबुद्ध नागरिकों को क्लब की सदस्यता में शामिल कर वैश्विक परिवर्तन में रोटरी की भागीदारी को और सशक्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 40 सदस्यों वाले रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर की सालभर की उत्कृष्ट उपलब्धियों को देखते हुए आगामी 1 जुलाई को क्लब की कमान डॉ. चंद्रभूषण शर्मा (अध्यक्ष) और अधिवक्ता रणजीत सिंह चौहान (सचिव) को सौंपी जाएगी। इस अवसर पर अन्नपूर्णा दिवस भी मनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर ने बताया कि नए नेतृत्व को रोटरी के पायलेट प्रोजेक्टों से जोड़कर न केवल युवाओं को लाभान्वित किया जाएगा, बल्कि रोजगार के नए अवसरों के लिए रोटरी इंटरनेशनल

### मासिक बैठक में अहम प्रस्ताव पारित, रणजीत सिंह चौहान को मिलेगी सचिव की जिम्मेदारी

से विशेष बजट की मांग भी की जाएगी। पूर्व अध्यक्ष इंजीनियर सुरेंद्र ठाकुर व मेजर ज्ञान चंद बरवाल ने कहा कि क्लब की वार्षिक कार्यप्रणाली को लेकर रोटरी के उच्चाधिकारियों ने भी संतोष जताते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है। बैठक में मौजूद डॉ. शशि सकलानी और डॉ. भाग चंद ने बताया कि वर्ष 2015 में स्थापित रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर आज अपनी उपलब्धियों के दम पर शीर्ष 120 क्लबों में स्थान प्राप्त कर चुका है। आगामी योजनाओं में रक्तदान, पौधारोपण, और आपदा में राहत कार्य जैसी गतिविधियों को जमीनी स्तर पर लागू करने की रूपरेखा भी तैयार की गई है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में रोटरी की भूमिका और सुदृढ़ हो सके।

# डैहर व निहरी में दो महिलाओं के घरों से अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी के सुंदरनगर उपमंडल में पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में महिलाओं के कब्जे से हजारों मिलीलीटर नाजायज शराब बरामद की है। दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पहला मामला थाना सुंदरनगर के अंतर्गत सामने आया है। पुलिस चौकी डैहर के प्रभारी ने गश्त के दौरान मलयाणी गांव निवासी बंती देवी पत्नी लछमण राम के रिहायशी मकान से 3 हजार मिलीलीटर नाजायज शराब बरामद की। पुलिस ने महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है, वहीं दूसरा मामला पुलिस थाना कॉलोनी के अंतर्गत पुलिस चौकी निहरी का है। गश्त के दौरान पुलिस ने चिरल गांव निवासी तवारसी देवी पत्नी कृपा राम के घर से 6 हजार मिलीलीटर नाजायज शराब बरामद की। इस पर भी आबकारी अधिनियम के अंतर्गत एफआईआर पंजीकृत किया गया है। पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ जिला मंडी में लगातार पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने बताया कि दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

# जिप वार्ड दलेड से हटाकर ढेलु में किया जाए शामिल

अभिषेक, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत टिकरू की मासिक बैठक पंचायत प्रधान प्रेम लता की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें सभी सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक के दौरान पंचायत से जुड़ी विभिन्न आवश्यक विषयों पर चर्चा की गई, वहीं सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा जिला परिषद वार्ड परिसीमन से संबंधित रहा। बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्राम पंचायत टिकरू को वर्तमान में शामिल किए गए जिला परिषद वार्ड 36-दलेड से हटाकर वार्ड 1-ढेलु में शामिल किया जाए। सदस्यों ने तर्क देते हुए कहा कि पूर्व में टिकरू पंचायत नेरघरवासड़ा वार्ड में आती थी, लेकिन इस बार परिसीमन के तहत इसे 36-दलेड में जोड़ दिया गया है। सदस्यों

### टिकरू पंचायत की मासिक बैठक में लिया अहम निर्णय

ने बताया कि वर्तमान में जिन पंचायतों के साथ टिकरू को जोड़ा गया है, वे भौगोलिक दृष्टि से 20 से 30 किलोमीटर तक दूर स्थित हैं, जिससे पंचायत प्रतिनिधियों और आम नागरिकों को कार्यों के निष्पादन में असुविधा का सामना करना पड़ेगा। इसके विपरीत ढेलु वार्ड की पंचायतें टिकरू से काफी निकट हैं और प्रशासनिक समन्वय के लिए अधिक उपयुक्त रहेंगी। बैठक के अंत में ग्राम पंचायत टिकरू के सभी सदस्यों ने उपायुक्त मंडी से मांग की कि इस विषय पर शीघ्र विचार किया जाए और टिकरू पंचायत को जिला परिषद वार्ड ढेलु में सम्मिलित किया जाए।

# 78 वर्ष बाद सड़क सुविधा से नहीं जुड़ पाई बड़ा भंगाल घाटी

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** जिला कांगड़ा की अति दुर्गम बड़ा भंगाल घाटी आजादी के लगभग 78 वर्ष बाद भी सड़क सुविधा से नहीं जुड़ पाई है। हालांकि पूर्व में ही नहीं बल्कि वर्तमान में भी पंचायत स्तर पर कई बार मांग करने के बावजूद आजतक सत्ता में रहने वाली कोई भी सरकार इस घाटी के लोगों को संपूर्ण सुविधाएं प्रदान ही नहीं कर पाई है।



बड़ा भंगाल पंचायत के प्रधान मनसा राम भंगालिया ने बताया कि उनकी पंचायत में दो गांव आते हैं और वर्तमान समय में 78 परिवार रहते हैं जिनकी आबादी लगभग 680 हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में हिम उर्जा कंपनी बिजली आपूर्ति के नाम पर सोलर लाईट का प्रावधान ही हो पाया है और यहां के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर 25 वर्ष पूर्व स्थापित की गई आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी गत लगभग 12 वर्षों से फार्मासिस्ट न होने से बंद ही पड़ी हुई है, वहीं यहां पर स्थापित किए गए राजकीय उच्च पाठशाला में लगभग पांच वर्षों से अध्यापकों के न होने से ताला लटका हुआ है। यहां तक सड़क सुविधा न होने से विकट परिस्थितियों का सामना कर खाद्य व अन्य सामग्री पहुंचाई जाती है।

### 12 वर्षों से आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी में फार्मासिस्ट न होने से बंद: मनसा राम

### स्कूल में पांच साल से अध्यापक न होने से लटका ताला

मनसा राम भंगालिया ने एक बार सरकार से मांग की है कि बड़ा भंगाल घाटी की इन ढेरों सारी समस्याओं को मद्देनज़र रखकर इस घाटी को जल्द से जल्द जनजातिय क्षेत्र घोषित कर दिया जाए।

**सफलता** दो वर्ष पहले शुरू हिम इरा शॉप आज सैकड़ों महिलाओं के लिए बनी आत्मनिर्भरता की प्रतीक

# हिम ईरा शॉप से गांव की बेटियां, महिलाएं बन रहीं उद्यमी

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** जिले की चुराग विकास खंड की ग्राम पंचायत सवा माहू के अंतर्गत दानवीर कर्ण श्री मूल माहूंनाग मंदिर के श्री चरणों में गांव की महिलाओं द्वारा दो वर्ष पूर्व शुरू 'हिम इरा शॉप' आज आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुकी है। जहां कभी वे केवल घर की चारदीवारी तक सीमित थीं, वहीं इस शॉप के माध्यम से 100 से अधिक महिलाएं पारंपरिक शिल्प और उत्पादों को नए बाजारों तक पहुंचाकर सालाना एक निश्चित आय अर्जित कर रही हैं।

माहूंनाग मंदिर के ठीक पास स्थित इस शॉप में 20 विभिन्न उत्पाद—बांस की टोकरियां, ऊनी जैकेट, देशी घी, हल्दी, राजमाह, मोटे अनाज के बीज, हाथ से बनी सजावटी वस्तुएं, आचार-मसाले आदि उपलब्ध हैं। प्रतिमाह यहां 25-30 हजार रुपए का कारोबार होता है, जिससे पूरे समूह की सामूहिक आमदनी बढ़कर दो लाख रुपए के करीब पहुंच चुकी है।

समूह की प्रधान का कहना है कि समूह भविष्य की योजना पर भी कार्य कर रहा हैं। महिलाओं द्वारा बनाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग, उत्पादों को एकरूप लेबल और आकर्षक पैकेटिंग देना हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन विस्तार, ई-कॉमर्स पोर्टल पर स्टोर खोलना, सोशल मीडिया प्रचार और गांव में ही कारीगरों को नई तकनीक, डिज़ाइन एवं गुणवत्ता नियंत्रण की ट्रेनिंग देने आदि की योजना पर भी समूह कार्य कर रहा हैं।



महिलाएं पारंपरिक शिल्प और उत्पादों के साथ बाजार में।

पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और बंगाल से आने वाले श्रद्धालु यहां के ऊनी जैकेट और हस्तनिर्मित उत्पादों को विशेष रूप से महत्व देते हैं, जिससे पता चलता है कि ग्रामीण शिल्प को सही मंच और गुणवत्ता मिले तो बड़े बाजारों में भी जमकर प्रतिस्पर्धा की जा सकती है।

> **पहले** हम घर की दहलीज भी नहीं पार करती थीं, आज खुद अपना उत्पाद बेचते हैं और स्वयं को सशक्त महसूस करते हैं। इससे हमें काफी अच्छा मुनाफा मिल रहा हैं। इसके लिए मैं सीएम सुक्खू का धन्यवाद करना चाहती हूं जिन्होंने हमारे लिए आगे बढ़ने के लिए नए रास्ते खोले हैं।
>
> **-पवना ठाकुर, सदस्य, स्वयं सहायता समूह।**

> **प्रारंभ** में हमें उम्मीद भी नहीं थी कि हमारी मेहनत सफल होगी, लेकिन दानवीर कर्ण श्री मूल माहूंनाग के आशीर्वाद और कृपा दृष्टि से हम सभी महिलाएं सफल हो रही हैं। अब हम 'हिम इरा' नाम को ब्रांड बनाकर देशभर में पहुंचाना चाहती हैं। जिसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।
>
> **-त्वारकू देवी, प्रधान, गंगा स्वयं सहायता समूह।**

## न्यूज ब्रीफ

### देवभूमि अद्वैता हॉस्पिटल का निशुल्क शिविर 13 को

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** देवभूमि अद्वैता हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, जो अद्वैता हॉस्पिटल्स प्राइवेट लिमिटेड की इकाई है, द्वारा एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन गुग्गा जाहिरवीर गांव बड़ेही (बडूहा) पंचायत सोहारी में किया जा रहा है। यह शिविर 13 जून (शुक्रवार) को सुबह 9 से दोपहर एक बजे तक आयोजित होगा। इस शिविर में कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और जनरल मेडिसिन जैसे महत्वपूर्ण चिकित्सा विभागों की सेवाएं उपलब्ध होंगी, साथ ही, ईसीजी, दवाइयां, और चिकित्सकीय परामर्श पूर्णतः निशुल्क दिए जाएंगे। देवभूमि अद्वैता हॉस्पिटल का उद्देश्य आम जनमानस तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, ताकि लोग समय पर अपनी स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान कर इलाज करा सकें।

### बढ़ूही बाजार में ठंडे जल की लगाई छबील

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर बढ़ूही बाजार में श्रद्धा और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। मुख्य नेशनल हाईवे पर एक भव्य छबील का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय युवाओं और दुकानदारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छबील के माध्यम से राहगीरों और श्रद्धालुओं को ठंडा मीठा जल पिलाया गया, साथ ही चने व हलवा का स्वादिष्ट प्रसाद भी वितरित किया गया। छबील के दौरान धार्मिक भजनों की मधुर धुनों से वातावरण भक्तिमय बन गया। स्थानीय युवाओं के जोश और समर्पण ने आयोजन को विशेष बना दिया। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे और पुण्य अर्जित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में जीत सिंह लाड़ी, रिशु शर्मा, विमल, काला, जय देव, सुचा सिंह, रत्न चंद ठाकुर सहित बढ़ूही बाजार के अनेक दुकानदारों की सक्रिय भूमिका रही। सभी ने श्रद्धा और सेवा भाव से छबील को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

### टकारला में भरत विलाप कथा का किया वर्णन

**अनंत ज्ञान, बढ़ूही (ऊना)।** टकारला पंचायत में आयोजित रामकथा महोत्सव के सातवें दिन प्रसिद्ध कथा वाचक निखिल महाराज ने अपने ओजस्वी वाणी से राजा दशरथ की मृत्यु उपरांत भरत के विलाप प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं विस्तृत वर्णन किया। कथा के दौरान निखिल महाराज ने भरत की पीड़ा को शब्दों में पिरोते हुए बताया कि कैसे भरत ने अपने पिता की मृत्यु और भाई राम के वनवास से गहरा आघात अनुभव किया। इस प्रसंग को सुनकर उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रभु का नाम जपने और सत्कर्म करते रहने की प्रेरणा दी। क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित एवं गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से कुलभूषण लठ, मंजीत बाली, सुभाष लठ, सीता राम, योगेश शर्मा सहित अनेक समाजसेवी, धार्मिक प्रवृत्ति के नागरिक उपस्थित रहे। कथा के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया और भजन-कीर्तन का आयोजन भी हुआ।

### बाबा बालकनाथ मंदिर डीहर में लगा भंडारा



**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बढ़ूही।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की डीहर पंचायत के बाबा बालक नाथ मंदिर में निर्जला एकादशी के दूसरे दिन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय युवाओं ने वार्षिक भंडारे का आयोजन किया। आयोजकों द्वारा सभी युवाओं का गले में पटके पहनाकर उनका स्वागत किया। इसमें मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय युवाओं ने सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भंडारे में रि. पीटीआई योगराज शर्मा, परविंदर धीमान, प्रदीप शर्मा की विशेष भूमिका रही। रेलवे से रिटायर्ड एसएल. शर्मा, नीरज शर्मा, रविंदर शर्मा, राजन शर्मा, शिबू शर्मा, मंगल सिंह, राजन, रोहित, सुमित शर्मा, कावल, करण ठाकुर, साहिल धीमान, अनमोल, सतीश कुमार, पंकज शर्मा, आरव शर्मा, अरिवक शर्मा, मोहित, काकू ने भी विशेष सहयोग किया। सभी युवा पूरे दिनभर श्रद्धालुओं की सेवा में लग रहे। वहीं, इस कार्यक्रम में डीहर के समस्त ग्रामीणों का भंडारे को सफल बनाने में सहयोग देने वाले स्थानीय युवाओं एवं लोगों का आभार व्यक्त किया।

### अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** बार एसोसिएशन अंब के अधिवक्ताओं ने शनिवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को एडीजे कोर्ट की स्वीकृति करने के लिए ज्ञापन सौंपा, साथ ही चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू, विधायक राकेश कालिया, एडवोकेट जनरल अनूप रत्न ने भी एडीजे कोर्ट के प्रति अपनी स्वीकृति व अधिवक्ताओं की मांगों का समर्थन किया। मुख्यमंत्री ने उनको आश्वासन दिया कि इस विषय पर उचित ध्यान दिया जाएगा। इस मौके पर बार एसोसिएशन अंब के अध्यक्ष प्रिंस सूद, उपाध्यक्ष सुनील चौधरी, रवि पराशर, रिश्व कहोल, राजकुमारी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### दस रुपए की ओपीडी पर्ची लेना दुर्भाग्यपूर्ण : सतीश

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान पंजावर।** भाजपा गगरेट मंडल के पूर्व अध्यक्ष सतीश शर्मा ने प्रदेश सरकार को गरीब विरोधी, किसान विरोधी और प्रदेश विरोधी करार देते हुए तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह निर्णय अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब अस्पतालों में इलाज के लिए 10 रुपए की ओपीडी पर्ची काटी जा रही है। यह कदम सीधे तौर पर गरीबों की पीठ में छुरा घोंपने जैसा है। सतीश शर्मा ने कहा कि सत्ता में आते ही सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा गरीबों के हित में शुरू की गई हिमकेयर और आयुष्मान भारत योजनाओं को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया। इससे हजारों जरूरतमंद लोगों को इलाज से वंचित होना पड़ा है। सतीश शर्मा ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि निर्णय वही लोग ले रहे हैं, जिन्हें गरीबी का कोई अनुभव नहीं है। प्रदेश सरकार के अधिकांश विधायक और मंत्री करोड़पति हैं, जिन्हें विधायक की शपथ लेते ही पेंशन मिलने लगती है। इन नेताओं को सरकारी खर्चे पर देश के बड़े अस्पतालों में ही नहीं, बल्कि विदेश जाकर इलाज की सुविधा तक मिलती है। ऐसे लोगों को आम जनता की पीड़ा और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों की कोई समझ नहीं है। उनके साथ पूर्व मंडलाध्यक्ष राजीव राजू, पूर्व सैनिक नरेंद्र शर्मा तथा जनक राणा भी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने किया गगरेट विधानसभा क्षेत्र का दौरा, लोगों ने किया भव्य स्वागत

# सीएम ने किए 75.10 करोड़ की योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज ऊना जिले के दौलतपुर चौक में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व भाजपा सरकार पांच साल तक डबल इंजन सरकार होने का दम भरती रही, लेकिन इन तमाम दावों के विपरीत उसने प्रदेश की अर्थव्यवस्था पटरी से उतार दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार का प्रदेश को आर्थिक तौर पर सुदृढ़ करने तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने प्रदेश की जनता से सरकार के गंभीर प्रयासों में सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि जनसहभागिता से प्रदेश को स्वावलंबी और संपन्न बनाने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊना जिला के हरोली में बल्क ड्रग पार्क को स्थापना को लेकर कुछ संशय था, लेकिन अब शीघ्र ही निर्माण कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विगत में प्रदेश गुणात्मक शिक्षा की दृष्टि से देशभर में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल रहा, लेकिन पूर्व भाजपा सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में खिसक कर 21वें स्थान पर पहुंच गया। पूर्व भाजपा सरकार की इन्हीं नीतियों के कारण विद्यार्थियों में सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने को लेकर रुचि में कमी देखने को मिली। उन्होंने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए कम संख्या वाले स्कूलों को मर्ज किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री एक साथ बने हैं। उपमुख्यमंत्री के साथ बेहतर तालमेल से पेयजल, सिंचाई और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए योजनाओं को तीव्र गति से धरातल पर उतारा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ऊना प्रदेश का पहला सौर ऊर्जा जिला बन चुका है। ऊना के पेखूबेला में 32 मेगावाट, भंजाल में 5 मेगावाट और अघलौर में 10 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का कार्य रिकार्ड समय में पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा 163 मेगावाट की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, जिन पर लगभग 500 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। भविष्य में जिला ऊना न केवल अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करेगा, बल्कि अन्य जिलों को भी बिजली प्रदान करेगा।

हरोली में अत्याधुनिक बल्क ड्रग पार्क स्थापित किया जा रहा है। इससे हजारों लोगों के लिए रोजगार अवसर सृजित होंगे और ऊना औद्योगिक नक्शे पर मजबूती से उभरेगा। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि कि पूर्व भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में अपने अनाप-शनाप फैसलों से प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था को पटरी से उतार दिया था। लगभग 600 स्कूल और स्वास्थ्य संस्थान बिना बजटीय प्रावधानों से खोले गए। 5000 करोड़ रुपए की जन संपत्ति की बंदरबांट की गई। बड़े होटलों और फैक्टरियों को लगभग 2200 करोड़ रुपए की बिजली सब्सिडी और 800 करोड़ रुपए की जल सब्सिडी दी गई। यह तमाम उपाय केवल चुनावी फसल को ध्यान में रखते हुए लिए गए थे, जिसके कारण प्रदेश आज गंभीर तथा बीमार वित्तीय अवस्था से जूझ रहा है।

इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने ऊना ज़िला के विधानसभा क्षेत्र गगरेट में 75.10 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए, जिनमें 42.82 करोड़ रुपए से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के तहत स्वां नदी पर अंब-अंबोटा मार्ग पर 400 मीटर स्पेन पुल का निर्माण, 2.70 करोड़ रुपए से पीएमजीएसवाई-3 के तहत गगरेट से ओयल वाया सीरियां-उपरली संपर्क मार्ग टी-04 पर टाटचरा खड्ड, मवा-सिधियां खड्ड, शिलांग खड्ड व लोहारली खड्ड पर 4 पुल, 3.59 करोड़ रुपए से पिपलू से लोहारली-उपरली संपर्क मार्ग टी-05 में जाडला खड्ड पर पुल के निर्माण, 6.46 करोड़ रुपए से राम मंदिर से बने-दी-हट्टी वाया अंदोर अपरला, जट्टां-दा-बेहड़ा-अठवां सड़क पर मेटलिंग-टारिंग के निर्माण तथा 2.79 करोड़ रुपए से राजकीय डिग्री कॉलेज दौलतपुर चौक के भवन निर्माण के शिलान्यास शामिल हैं।

सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 2.27 करोड़ से राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अंबोटा में वर्कशॉप, 1.85 करोड़ रुपए से उठाऊ पेयजल योजना शिवपुर व बने-दी-हट्टी, 1.03 करोड़ रुपए से गोंदपुर-बनेहड़ा कंपोजिट उठाऊ पेयजल योजना, 1.08 करोड़ रुपए से जल जीवन मिशन के तहत शिववाड़ी में मल्टी विलेज पाइप पेयजल योजना, 3.10 करोड़ रुपए से जल जीवन मिशन के तहत नकड़ोह में मल्टी विलेज पाइप पेयजल योजना, 2.40 करोड़ रुपए से जल जीवन मिशन के तहत अमलैहड़ और भंजाल में मल्टी विलेज पाइप पेयजल योजना, 1.05 करोड़ रुपए से अपर अंदौरा, 1.02 करोड़ रुपए से अंदौरा-एक, 1.05 करोड़ रुपए से मवा सिंधियां और 1.07 करोड़ रुपए से नकड़ोह में टयूबवैल के सुधारीकरण और 82.18 लाख रुपए से कैलाश नगर में टयूबवैल के निर्माण कार्यों के लोकार्पण भी किए।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार, महाधिवक्ता अनूप रतन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत राणा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र कंवर, उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक अमित यादव और गणमान्य भी उपस्थित थे।



गगरेट विधानसभा क्षेत्र के दौलतपुर चौक में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, साथ हैं अन्य।

### विधायक कालिया ने सीएम का जताया आभार

**स्थानीय** विधायक राकेश कालिया ने मुख्यमंत्री द्वारा गगरेट विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन तथा शिलान्यास करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में गगरेट विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित हो रहा है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न विकासपरक मांगें भी रखीं। उन्होंने गगरेट अस्पताल के नए भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री द्वारा 1 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि स्वीकृत करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने अस्पताल भवन के शेष कार्यों के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। उन्होंने लोहारली और मुबारकपुर में 33 केवी स्टेशन कोलकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करवाने का आग्रह किया। विधायक राकेश कालिया ने गगरेट क्षेत्र की विभिन्न सड़कों के लिए वित्तीय सहायता तथा शिवबाड़ी मेले को ज़िला स्तरीय दर्जा देने की मांग रखी।

### पेयजल-सिंचाई समस्याओं का होगा स्थायी समाधान : मुकेश

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि अकेले गगरेट विधानसभा क्षेत्र में ही 170 करोड़ रुपए की पानी की योजनाओं के कार्य प्रगति पर हैं। इन योजनाओं के पूरा होने से पेयजल और सिंचाई की समस्याओं का स्थायी समाधान होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को केंद्र सरकार से जल योजनाओं के लिए होने वाले धन आवंटन में देरी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रदेश को जारी होने वाले 2,000 करोड़ रुपए की बजाए अब तक केवल 137 करोड़ रुपए ही जारी किए हैं। इससे इन परियोजनाओं के पूरा होने में देरी हो रही है तथा लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार अपने हक की लड़ाई मजबूती से लड़ रही है। मुख्यमंत्री तथा वह स्वयं दिल्ली जाकर केंद्र सरकार से हिमाचल के अधिकारों की पुरजोर पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऊना प्रदेश का सबसे तेजी से प्रगति करने वाले जिले के रूप में उभरा है।

### सीएम का आज का दौरा रद्द

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मुख्यमंत्री सुक्खू का आठ जून को ऊना विधानसभा क्षेत्र का दौरा रद्द होने से करोड़ों के उद्घाटन और शिलान्यास लटक गए हैं। तैयारियां धरी की धरी रह गईं।

कांग्रेस पार्टी ने सीएम के आगमन को लेकर शहर के हर चौक को झंडों, फ्लैग और बैनर से सजाया था। सीएम कुटलैहड उत्सव में ही शिरकत कर पाए और शनिवार शाम छह बजे शिमला के लिए रवाना हो गए। एकाएक सीएम के ऊना विस क्षेत्र के दौरे के रद्द होने से कार्यकर्ताओं में तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। गौर हो कि मुख्यमंत्री क्षेत्रवासियों को 25.79 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देने वाले थे।

## कुटलैहड़ प्रवास पर मंच से विधायक विवेक की पीठ थपथपा गए सुक्खू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेले का भव्य समापन उस समय ऐतिहासिक बन गया, जब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बंगाणा पहुंचकर विधायक विवेक शर्मा को मंच से शाबाशी देकर कुटलैहड़ का मान बढ़ाया है।

वहीं, मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की और विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों की खुले मंच से सराहना की। उन्होंने कहा कि विवेक शर्मा ने जिस संजीदगी और समर्पण भाव से कुटलैहड़ क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है, वह सराहनीय है। सीएम सुक्खू ने यह भी ऐलान किया कि विधायक द्वारा रखी गई सभी विकास संबंधी मांगों को राज्य सरकार शीघ्र पूरा करेगी। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुटलैहड़ क्षेत्र के लिए कुल 181 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में सड़कें, पेयजल योजनाएं, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा संस्थान, सिंचाई परियोजनाएं और सामुदायिक केंद्र शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार का उद्देश्य विकास को गांव-गांव तक पहुंचाना है क्योंकि हम केवल घोषणाएं नहीं करते, हम धरातल पर काम करते हैं।

मेले के दूसरे दिन रेस्ट हाउस से भलेती तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व स्वयं मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया। यह शोभायात्रा नशा मुक्त समाज, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक संदेशों को लेकर आयोजित की गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल की युवा पीढ़ी को नशे से बचाना, बेटियों को शिक्षित करना और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने मंच से विधायक विवेक शर्मा की कार्यशैली और जनसेवा के जज्बे की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने कुटलैहड़ की तस्वीर बदलने के लिए लगातार प्रयास किए हैं।

विवेक शर्मा एक कर्मठ जनसेवक हैं। उनकी मांगों में जनता की आवाज है और उनकी योजनाओं में विकास का रोडमैप होता है। विधायक विवेक ने भी मंच से क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और विकासात्मक आवश्यकताओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने इन सभी मांगों को सकारात्मक रूप से स्वीकार किया और जल्द कार्य शुरू करने की घोषणा की।



बंगाणा में शोभायात्रा में शामिल मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और विधायक।

## आम जनता का खून चूसकर साम्राज्य नहीं चलाया जा सकता : नवदीप महे

**अनंत ज्ञान, ऊना**

महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा बंगाणा ब्लॉक के अध्यक्ष नवदीप महे ने कहा कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में आम जनमानस के लिए 10 रुपए की पर्ची का टैक्स लगाना व मरीजों के टेस्टों की फीस लेना सुक्खू सरकार की कौन-सी व्यवस्था परिवर्तन का परिणाम है।



उन्होंने कहा कि पूर्व की जयराम सरकार द्वारा प्रदेश के तमाम सरकारी अस्पतालों में पर्ची टेक्स तो क्या 133 टेस्ट मरीजों की सहूलियत के लिए फ्री उपलब्ध किए गए थे, लेकिन सुक्खू सरकार ने गरीबों की जेब पर डाका डालते हुए पूर्व सरकार के निर्णय को निरस्त करते हुए आम जनमानस के गले पर कैंची चलाई है। उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि सुख सरकार प्राइवेट हॉस्पिटल्स को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार द्वारा सरकारी हॉस्पिटल्स को कैसे अच्छा बनाया जा सके और किस प्रकार दवाइयों का रेट कम किया जा सके।

इसके बारे में सोचना चाहिए था, लेकिन उल्टा ही व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर ये तो गरीब जनता पर बोझ लादने की बात है, क्योंकि ऐसे में न तो गरीब इलाज करवा सकेगा और न ही वह सरकारी अस्पतालों की और रुख कर सकेगा। उन्होंने कहा कि गरीब व्यक्ति हॉस्पिटल जाने से पहले 100 बार सोचता है कि मैं अपने टेस्ट करवाऊं या दवाई लूं। ऐसे में सुख सरकार को प्रदेश के आम नागरिक पर आर्थिक बोझ डालने से प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि आम जनता का खून चूस कर साम्राज्य नहीं चलाया जा सकता। आर्थिक तंगी से जूझ रही प्रदेश की जनता आने वाले समय में एक-एक जनविरोधी अधिसूचना का जवाब देने के लिए तैयार बैठी है।

### 'आपरेशन सिंदूर' के जांबाज का भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के बंजाल गांव 'लठियाणी' के रहने वाले भारतीय सेना में 150 आईएनएफ बीएन (टीए) पंजाब कार्यरत, कंपनी हवलदार मेजर 20 साल की भारतीय सेना देने के बाद रिटायर होने पर घर वापस आ गए। ऊना रेलवे स्टेशन पर गांव व परिवार के लोगों ने इस जांबाज का भव्य स्वागत किया। इस योद्धा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे कठिनतम अभियान में जो वीरता और समर्पण दिखाया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। कंपनी हवलदार मेजर की पत्नी सरिता ठाकुर ने अपने पति के गले में फूलमाला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। सरिता ठाकुर ने भावुक होकर कहा कि मैं अपनी दोनों बेटियों को भी सेना में भर्ती कराने के लिए प्रयासरत हूं। इस योद्धा सैनिक की माता संतोष देवी ने बताया कि उनका दूसरा बेटा भी सेना में तैनात है। हवलदार मेजर के पिता पुरषोतम सिंह ने कहा कि हमारा पूरा परिवार देश की सेवा, रक्षा और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध और समर्पित है और रहेगा। हवलदार मेजर रणदीप सिंह ने कहा कि सेना में भर्ती होने के लिए मेरे दोनों आदरणीय मामा विजय कुमार राणा (पूर्व रेलवे ऑफिसर) और एडवोकेट रणवीर सिंह राणा की बड़ी प्रेरणा थी।

## '13 ही 13' संस्था बन रही जरूरतमंद लोगों का सहारा

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान**

**टाहलीवाल।** नगर परिषद संतोखगढ़ की 13 ही 13 संस्था जो लोगों के हित में काम कर रही है और हर महीने शहर के असहाय लोगों को राशन उपलब्ध करवाती है। सोसायटी की अगुवाई देश की सरहद पर सेवाए दे रहे लक्की हीरा द्वारा की जा रही है। यह संस्था 2023 से चल रही है और सेना और विदेश में बैठे दो दोस्तों द्वारा फोन के माध्यम से इस संस्था का गठन किया गया था।

2025 से यह संस्था जिला ऊना में रजिस्टर्ड है। संतोखगढ़ को अपना पूरा परिवार मानकर चली संस्था ने शहर के 8 ऐसे परिवारों को हर माह राशन देना शुरू किया, जिस घर में कमाने वाला कोई नहीं था। लगातार हर माह कुल 18 परिवारों को यह संस्था हर माह 13 तारीख को राशन पहुंचाती रही। मौजूदा समय में भी यह संस्था 18 परिवारों को हर माह राशन दे रही है। दो सालों में यह संस्था लगभग 3.5 लाख रुपए से ज्यादा का राशन बांट चुकी है और यह क्रम निरंतर जारी है। 13 ही 13 संस्था की खासियत यह है कि संस्था के गठन के दौरान नियमों में सबसे पहले यही तय हुआ था कि किसी भी जरूरत मंद परिवार की तस्वीर सोशल मीडिया या व्हाट्सप ग्रुप में साझा नहीं की जाएगी।

संस्था संस्थापक लक्की हीरा ने बताया कि करीब 2 साल से 13 ही 13 संस्था की और से रक्तदान शिविर लगाया जा रहा पिछले 2 सालो में करीब 170 यूनिट संस्था द्वारा इकट्ठे किए गए है। संस्थापक लक्की हीरा और व उनके सहयोगी प्रदीप सैनी, विनोद कुमार, नवीन महे, बृजेश चौहान, अरुण कुमार, सर्वजीत सिंह, प्रिंस कुमार, रोहित शारदा, दिलावन सिंह, हरबंस सैनी, डॉ. प्रवीण कुमार, रजत चौधरी, कुलदीप बूटा, सूबेदार अमरीक सिंह, गुरप्रीत सिंह, गुरदीप सैनी, बॉबी, नरेश कुमार सहित सरकारी शिक्षक अंजु कुमारी, सुलिंन्द्र सिंह चोपड़ा, मैडम रुचि सैनी, इस संस्था के सदस्य व पदाधिकारी हैं।

## राखी गौतम और मोहित गर्ग के गीतों पर झूमा पंडाल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा में सांस्कृतिक कार्यक्रम में फिल्मी गायिका राखी गौतम और लोकप्रिय हिमाचली गायक मोहित गर्ग ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके गीतों पर पूरा पंडाल झूम उठा और हर उम्र के लोग थिरकने को मजबूर हो गए। विधायक विवेक शर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन, मंडल अधिकारियों, आयोजन समिति और स्थानीय जनता का विशेष रूप से आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे मेलों से हमारी संस्कृति, लोक कला और सामाजिक एकता को मजबूती मिलती है। यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले वर्षों में इस मेले को और भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, स्कूली छात्र-छात्राएं और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। राखी गौतम ने जहां फिल्मी गीतों से माहौल को संगीतमय बनाया, वहीं मोहित गर्ग ने हिमाचली लोकगीतों से पहाड़ी रंग घोल दिया। ठंडी-ठंडी हवा चलदी और पहाड़ी नाटी पर युवाओं के साथ बुजुर्ग भी झूमते नजर आए।

मेले के समापन पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों की भी सराहना की गई। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया। पिपलू मेले में सांस्कृतिक, सामाजिक और पारंपरिक रंग भरपूर देखने को मिले। आयोजकों की मेहनत और जनता के सहयोग से यह मेला फिर से क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बन गया।

**भक्तों ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद :** जिले के प्रसिद्ध और ऐतिहासिक नरसिंह मंदिर पिपलू के समापन समारोह पर पिपलू मंदिर नरसिंह सहित शिव मंदिर बडोआ, लठियाणी, थाना कलां, डीहर रौनखर, जसाणा, हटली, मलांगड़, धुंधला सहित अन्य स्थानों पर भंडारों सहित ठंडे मीठे पानी की छबीलें और फल, जूस सहित अन्य मिष्ठानों के लंगर लगाए। सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**समापन** जिला स्तरीय पिपलू मेला सफलतापूर्वक संपन्न, विधायक विवेक की अगुवाई में व्यवस्था रही चाक-चौबंद

# 'पिपलू मेला 2025' ने लोगों के दिलों में छोड़ी छाप

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेला उत्साह, उमंग और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन की बागडोर विधायक विवेक शर्मा ने अपने हाथों में रखते हुए समूचे आयोजन को अनुशासित और व्यवस्थित बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मेले में प्रतिदिन भारी भीड़ उमड़ी और पूरे आयोजन की व्यवस्था को देखकर आमजन से लेकर मंच पर विराजमान विशिष्ट अतिथियों तक ने आयोजकों की भरपूर सराहना की। मेले की शुरुआत पहले दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई, जिसमें स्थानीय कलाकारों से लेकर बाहरी राज्यों से आए कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा।

वहीं, बच्चों और युवाओं के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान मेले में आए लोगों को मनोरंजन के साथ-साथ स्थानीय खानपान और हस्तशिल्प उत्पादों की खरीददारी का भी भरपूर अवसर मिला। विधायक विवेक शर्मा ने पूरे आयोजन की मॉनिटरिंग खुद की और प्रशासन के साथ समन्वय बनाते हुए हर एक गतिविधि पर नजर रखी। मंच संचालन से लेकर पार्किंग, यातायात, पेयजल, शौचालय और सुरक्षा व्यवस्था तक में सुधार और अनुशासन देखने को मिला।

मेले में विशेष आकर्षण का केंद्र बने मुख्यातिथि डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष रघुबीर सिंह बाली (कैबिनेट रैंक)।

इन तीनों ही नेताओं ने मंच से खुले शब्दों में मेले की व्यवस्था और सफलता के लिए विधायक विवेक शर्मा की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि ऐसे मेलों से जहां संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा मिलता है, वहीं स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलती है। मेला अधिकारी अमित कुमार और बंगाणा के एसडीएम सोनू गोयल ने पूरे आयोजन की व्यवस्थाओं पर सतत् नजर बनाए रखी। आयोजन के दौरान सफाई, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली आपूर्ति और आपातकालीन सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध रहीं।

पुलिस विभाग की ओर से थाना प्रभारी रोहित चौधरी के नेतृत्व में पूरी टीम ने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा। मेले में महिलाओं और बच्चों के लिए अलग से की गई विशेष व्यवस्थाएं भी लोगों को खूब भाईं।

विधायक विवेक शर्मा, प्रशासन, पुलिस और आयोजकों की साझा मेहनत से पिपलू मेला 2025 लंबे समय तक लोगों के दिलों में यादगार बनकर रहेगा।



पिपलू मेले के अंतिम रोज सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमते विधायक विवेक शर्मा व अन्य।

### स्कूली छात्रों और हिमाचली कलाकारों को मिला मंच

**तीन** दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेले में इस बार स्कूली छात्रों और हिमाचली कलाकारों को भरपूर मंच मिला, जिससे आयोजन में सांस्कृतिक रंगत और भी गहराई से नजर आई। स्कूली बच्चों ने लोकनृत्य, गीत और नाटक जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। मंच पर प्रस्तुति देने का मौका पाकर बच्चे बेहद उत्साहित और गदगद नजर आए। शिक्षकों और अभिभावकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस बार मेला आयोजन समिति ने खास तौर पर विधायक विवेक शर्मा के आदेश पर हिमाचली कलाकारों को प्राथमिकता दी, जिससे स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा मिला। किन्नौरी नृत्य, चंबा का रास नाटी और मंडी के ढोल-नगाड़ों की गूंज ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कलाकारों ने पारंपरिक परिधानों में अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। मेला समिति अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि युवाओं और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देना ही मेले का मुख्य उद्देश्य था। दर्शकों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे स्थानीय संस्कृति को सहेजने की दिशा में अहम कदम बताया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के अवसर लगातार देने का भरोसा दिलाया।

## अनुराग आज भाजपा कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** भाजपा ऊना कार्यालय में 8 जून को 2 से 4 बजे तक एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विश्व पर्यावरण दिवस, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, बलिदान दिवस और आपातकाल दिवस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर होंगे।

कार्यशाला में पर्यावरणविदों, योग प्रशिक्षकों, इतिहासकारों तथा वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिति के साथ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति भी अपेक्षित है। आयोजन का उद्देश्य न केवल विचार-विमर्श करना है, बल्कि जनमानस को जागरूक कर राष्ट्र निर्माण में सहभागिता को प्रोत्साहित करना भी है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया कि जिला कार्यालय में सांसद अनुराग सिंह ठाकुर विशेष कार्यशाला के बाद जनता की जनसमस्याएँ सुनने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# अधिकारी जिम्मेदारी से करें कार्य : अनिल

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

**कुल्लू ।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा की लोक लेखा समिति की बैठक का आयोजन बचत भवन कुल्लू में सभापति अनिल शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में समिति के सदस्य एवं उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक डॉ. हंसराज, जीत राम कटवाल, इंद्र सिंह, डॉ. जनक राज व मलेंद्र राजन उपस्थित रहे। लोक लेखा समिति भारत के महालेखा परीक्षक के प्रतिवेदन वर्ष 2018-19, 2019-20 व 2020-21 तीन वर्षों तक ऑडिट पैरा की समीक्षा के लिए प्रवास पर है।

सभापति ने कहा कि अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों का पालन कर कार्य करें और विधान की समितियों के समक्ष अपने अनुभव के आधार पर अच्छे सुझाव प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में जनहित और विकास के अच्छे कार्य की मिसाल बने, ताकि उनके कार्यों और उन्हें याद किया जाता रहे।

उन्होंने जलशक्ति विभाग द्वारा पिछले चार वर्षों में लगाए करेट कार्य और लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई सड़को की जानकारी समिति को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए प्रपोजल सरकार भेजने का सुझाव दिया। बैठक में स्वास्थ्य, लोक निर्माण, जल शक्ति, अग्निशमन, वन, राज्य कर एवं आबकारी एवं राजस्व सहित अन्य विभागों से संबंधित ऑडिट पैरा पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन, अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी शर्मा, अनुभाग एवं समिति अधिकारी नैना कोटवी, वरिष्ठ प्रतिवेदक कल्पना वर्मा व अंजुला वर्मा, महालेखा परीक्षक कार्यालय से वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी अनूप कुमार, जितेंद्र गुलेरिया, संजीव कुमार व संतोष सहित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।


अनिल शर्मा का स्वागत करते उपायुक्त व साथ हैं अन्य।

### सरकारी धन का पारदर्शी व जवाबदेह ढंग से व्यय करें

**अनिल** शर्मा ने सभी अधिकारी विकास कार्यों के लिए जारी राशि का समयबद्ध सदुपयोग सुनिश्चित करें और अधिकारी आवंटित राशि का पूर्ण विवरण रखें। उन्होंने कहा कि सरकारी धन का पारदर्शी व जबावदेह ढंग से व्यय सुनिश्चित हो। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिये कि ऑडिट पैरा से संबंधित तथ्यों की पूर्ण जानकारी तय समयावधि में प्रेषित करें, ताकि उनका समाधान किया जा सके।

### फायर हाइड्रेंट के लिए अलग पाइप लाइन डालें

**जल** शक्ति विभाग को नई पेयजल योजनाओं की डीपीआर बनाते समय फायर हाइड्रेंट के लिये अलग पाइप लाइन डालने का सुझाव दिया। बैठक में जलजीवन मिशन, मनरेगा, बिजली महादेव रोपवे, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना कार्यों की प्रगति पर भी जानकारी ली गई। बैठक के दौरान समिति के सभी सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे और बहुमूल्य सुझाव भी दिए।

### डीसी ने किया स्वागत

**उपायुक्त** कुल्लू, तोरुल एस. रवीश ने समिति के सभापति व सभी सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने समिति को आश्वस्त किया कि इस बैठक में समिति की ओर जारी दिशा-निर्देशों व सुझावों की जिला में अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी।

## बिजली महादेव मंदिर परिसर से टावर हटाने की मांग

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** बिजली महादेव ने अपने गूर के माध्यम से कहा है कि टेलीफोन टावर से मेरी शक्तियां क्षीण हो रही हैं, इसे मंदिर परिसर से हटाया जाए। यह बात भगवान रघुनाथ के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने जल विहार कार्यक्रम के दौरान मीडिया से कही।

उन्होंने दावा किया कि हाल ही में महादेव ने बड़ी आपदा को अपने ऊपर लिया है और शिवलिंग दो फाड़ हो गया था, लेकिन यह देव विधि से जुड़ गया है, जिससे देवता की शक्ति का साक्षात प्रमाण देखने को मिला है।

उन्होंने कहा है कि महादेव ने यह भी चेताया है कि आने वाले समय में भी बड़ी विपदा आने वाली है, जिसे लेकर समय पर संभल जाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे में बिजली महादेव परिसर में लगे टेलीफोन टावर को समय रहते हटा देना चाहिए और मंदिर के आसपास इस तरह की गतिविधियों को भी रोकना चाहिए जिससे देवी-देवताओं की शक्तियों पर प्रभाव पड़ रहा हो।

## कलाकारों ने भावनाओं को चित्रों में उकेरा

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में शनिवार को देश विदेश से आए अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की अस्तित्व ग्रुप के अंतर्गत प्रदर्शनी का आगाज हुआ, जिसका उद्घाटन रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन द्वारा रिबन काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस प्रदर्शनी में लगभग 52 कलाकृतियां और असंख्य छोटी कलाकृतियां सोविनियर के रूप में प्रदर्शन पर हैं। यह प्रदर्शनी 8 जून तक पर्यटकों के अवलोकन के लिए प्रदर्शन में रहेगी। इस प्रदर्शनी में महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और अन्य जगहों से कलाकारों के चित्र प्रदर्शनी में प्रदर्शन पर हैं।

इस प्रदर्शनी में अंजलि सेठी मल्होत्रा, शुभ्रा रॉय, देवेंद्रजावाजी, विभा सिंह, पूर्णिमा अरोड़ा, दीपक शर्मा, रमेश राणा, डॉ. संगीता, वीधू शर्मा, दीपशिखा बिशोई, हीरा लाल सिंघल, नीहारिका, सिंह, वंदना पांडे, अंजुला पांडे, मानसी गुप्ता, स्वाति गर्ग, संवेदना, डॉ. मीनाक्षी गुप्ता इत्यादि कलाकारों के चित्र प्रदर्शनी पर हैं। इस प्रदर्शनी का संयोजन प्रतिष्ठित कलाकार अंजलि सेठी ने अस्तित्व समूह के अन्तर्गत किया। कलाकार अंजलि सेठी मल्होत्रा ने प्रकृति के माध्यम से स्वर्ग का चित्रण किया है। ओडिशा की चित्रकार शुभ्रा रॉय ने मानवीय भावनाओं को बहुत गहराई से अपने चित्रों में उकेरा है।

देवेंद्र जावाजी अति यथार्थवादी कला पर चित्र बनाए हैं। एक कलाकार ने राजस्थान की परम्परा और इमारतों का सुन्दर चित्रण प्रस्तुत किया है। चित्रकार ने शेर का चित्र बनाया है जो असली का शेर लग रहा है। चित्रकारों ने महिलाओं, लुप्त हो रहे जानवरों, प्राकृतिक दृश्यों, संस्कृति और अध्यात्म पर चित्र बनाकर प्रदर्शनी में लगाए हैं। सभी चित्रकारों ने रौरिक आर्ट गैलरी में प्रदर्शनी लगाने के लिए स्थान देने के लिए उपायुक्त कुल्लू एवं निदेशक आईआरएमटी नग्गर तोरुल एस. रवीश एवं ट्रस्ट प्रबंधन का धन्यवाद किया है।

इस प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर रशिया से बहुत से मेहमान, रशियन क्यूरेटर और अन्य बहुत से लोग मौजूद थे। रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन ने प्रदर्शनी में उपस्थित सभी रशियन मेहमानों, चित्रकारों, गणमान्यों व देश विदेश के पर्यटकों का धन्यवाद किया।


प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर गणमान्य लोग।

- अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की प्रदर्शनी का आगाज
- 52 कलाकृतियां बढ़ा रही प्रदर्शनी की शोभा

## न्यूज ब्रीफ

### रोपड़ प्रशिक्षण शिविर के लिए एनसीसी कैडेट चयनित



**अनंत ज्ञान आनी।** राजकीय महाविद्यालय निरमंड के तीन एनसीसी कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अगली प्रशिक्षण स्तरीय प्रक्रिया में स्थान बनाया है। एटीसी-184, पीजीडीसी सरस्वती नगर, रोहड़ू में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान फायरिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कैडेट सोनिका (बीए तृतीय वर्ष), लव और अशोक (दोनों बीए द्वितीय वर्ष) का चयन हुआ। ये कैडेट्स पहले 31 मई से 6 जून तक सोलन में आयोजित एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने गए थे, जहां उनके अनुशासन और प्रदर्शन की सराहना हुई। इसके परिणामस्वरूप अब इनका चयन रोपड़ में आयोजित होने वाले अगले स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है, वे जल्द ही रोपड़ के लिए रवाना होंगे। महाविद्यालय परिवार ने इन होनहार कैडेट्स की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कॉलेज की प्रिंसीपल रंजना देवी, असोसिएट एनसीसी अफसर कैप्टन डॉ. संदीप कुमार ठाकुर, कॉलेज प्रशासन और एनसीसी इकाई ने इसे संस्था की बड़ी उपलब्धि बताया है।

### सिविल पेंशनर्स बंजार खंड की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, बंजार।** सिविल पेंशनर एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन बंजार खंड की मासिक बैठक रविवार को हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह बंजार में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता खंड प्रधान प्रीतन शर्मा करेंगे। इस बैठक में सरकार द्वारा पेंशनर की लंबित मांगों को पूरा करने बारे विचार विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी खंड के सचिव तेजा गौतम ने दी। उन्होंने सभी पेंशनर और पारिवारिक पेंशनर से इस बैठक में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया है।

### झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों को योग पर किया जागरूक




**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** कुल्लू महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ( वन एचपी गर्ल्स बटालियन सोलन) द्वारा विश्व योग दिवस (2025) की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' के अंतर्गत स्लम क्षेत्र में दो दिन के योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को योग के महत्व और लाभों से अवगत कराना था। कैडेट्स ने बच्चों के मध्य विभिन्न योग आसनों और प्राणायाम का प्रदर्शन किया तथा बच्चों को योग के महत्व के बारे में भी बताया, बच्चों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में योग की भूमिका के प्रति जागरूक किया गया।बच्चों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के महत्व भी समझा।

### मोतियाबिंद के निःशुल्क किए फ्री ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** मिशन अस्पताल मनाली में मोतियाबिंद के निःशुल्क 28 सफल आप्रेशन किए गए हैं। शिविर में 200 से अधिक लोगों की आंखों की जांच की गई। निःशुल्क शिविर सीएमसी लुधियाना के सहयोग से आयोजित किया गया। वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डा. नितिन बतरा और उनकी टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। डा. नितिन बतरा ने कहा की वह हर वर्ष मनाली ही नहीं अपितु लाहुल स्पीती के काजा घाटी और किलाड़ जैसे दुर्गम क्षेत्र में जा कर इस सेवा को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं यह प्रयास भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होने कहा कि मोतियाबिंद के साथ-साथ, आंखों में मांस बढ़ने (नाखुना) जैसी जटिलताओं की भी सफल शल्य चिकित्सा की गई। नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम ने शिविर के दौरान संचालन, देखभाल और रोगियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया।

## मृणालिनी मिस और रोहित बने मिस्टर फ्रेशर

अनंत ज्ञान, कुल्लू

कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फ्रेशर पार्टी का आयोजन ब्लिस हॉल कलैहली में किया गया। इस अवसर पर स्कूल के शैक्षणिक प्रमुख मान सिंह और आकाश कोचिंग के शिक्षकों ने शिरकत की और नए छात्रों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना से किया गया।

इसके पश्चात 12वीं आर्ट्स की छात्राओं के द्वारा पंजाबी डांस की प्रस्तुति दी गई। हैड बॉय सक्षम ठाकुर और हेड गर्ल ओजस्वी वर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत की और कक्षा 11वीं के छात्रों को टाइटल और गिफ्ट देकर सम्मानित किया। बच्चों से तरह-तरह के गेम्स गतिविधियां करवाई गई सभी ने भरपूर आनंद लिया। स्कूल के प्रबंधक निदेशक सुरेश कुमार ने नए बच्चों को हौसला बढ़ाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उपहार देकर सम्मानित किया छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए फैशन शो का आयोजन किया गया।

नए छात्रों को उनके प्रदर्शन के लिए निर्णायक मंडल ने उनकी प्रतिभा, परिधान, चयन, आत्मविश्वास और प्रश्नों के जवाबों के लिए अंक दिए गए।मिस फ्रेशर मृणालिनी और मिस्टर फ्रेशर रोहित ठाकुर चयन किया गया। मिस पर्सनलिटी करुणा और मिस्टर पारस चुने गए और पुरस्कार से सम्मानित किया गया।


चुने गए मिस व मिस्टर फ्रेशर व मिस तथा मिस्टर पर्सनैलिटी।

## मनाली में प्लास्टिक मुक्ति का संकल्प

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** संत निरंकारी मिशन मनाली ने थीम बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन के तहत पर्यावरण दिवस मनाया। समस्त शहर में सफाई अभियान चलाया। डीएवी स्कूल मनाली के विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और रैली व नुक्कड़ नाटक से लोगों को जागरूक किया। मनाली शहर में एक विशेष सफाई अभियान व पौधरोपण सहित जागरूकता रैली का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्यातिथि पहुंचे एसडीएम रमण कुमार शर्मा ने कहा कि तापमान को अनुकूलित बनाए रखने के लिए वृक्ष लगाना अति आवश्यक है। इसे हम सभी को समझना जरूरी है ताकि आने वाले पीढ़ी सुरक्षित जीवन जी सके। उन्होंने कहा कि छोटी से छोटी चीज जैसे टॉफी के रैपर को भी खुले में न फेंककर जेब मे रखने की आदत डालें।



## शाणी दुर्गा माता शाही स्नान के लिए रवाना

अनंत ज्ञान, आनी

निथर उपतहसील के शाणी की शाणी दुर्गा माता अपने पारंपरिक शाही स्नान और शक्तियां अर्जित करने के लिए सरयोलसर झील की ओर रवाना हो गए। शनिवार सुबह लगभग 10 बजे देवता अपने प्राचीन देवालय घोरला से भव्य रथ में सवार होकर यात्रा पर निकले।

इस अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का माहौल देखने को मिला। शाणी दुर्गा माता के साथ हारियान क्षेत्र के कई गांवों के देवलू और ग्रामीणों ने भाग लिया। यह धार्मिक यात्रा सरयोलसर झील में होने वाले पारंपरिक शाही स्नान का हिस्सा है, जिसे देव परंपरा में अत्यंत पवित्र माना जाता है। स्नान के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन व पूजा-पाठ का आयोजन भी किया जाएगा।

लोगों का मानना है कि इस स्नान से वर्ष भर के लिए क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही शक्तियां अर्जित की जाती हैं।

## बैठक में विधायक को निमंत्रण न देने पर भाजपा का विरोध

**अनंत ज्ञान, आनी।** श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट की बैठक बीते दिनों समिति हॉल, निरमंड में संपन्न हुई, लेकिन इस बैठक में आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार को आमंत्रित नहीं किया गया।

इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए जिला भाजपा प्रवक्ता डॉ. महेंद्र ठाकुर ने सरकार और यात्रा ट्रस्ट की नीयत पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि श्रीखंड यात्रा से जुड़े अहम विषयों पर चर्चा के लिए स्थानीय विधायक की मौजूदगी जरूरी थी, क्योंकि वह लगातार विधानसभा में क्षेत्र के जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाते रहे हैं। डॉ. ठाकुर ने ट्रस्ट पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या स्थानीय व्यवसायियों की समस्याएं बिना विधायक की मौजूदगी के हल की जा सकती थीं। डॉ. ठाकुर ने प्रदेश सरकार की नीतियों को भी आड़े हाथों लिया।

उन्होंने अस्पतालों में पर्ची के नाम पर 10 रुपए की बसूली को आम जनता के साथ अन्याय बताया और कहा कि इससे गरीब मरीजों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। उन्होंने श्रीखंड यात्रा ट्रस्ट की कार्यप्रणाली को पक्षपातपूर्ण बताते हुए मांग की कि भविष्य में ऐसी महत्वपूर्ण बैठकों में जनप्रतिनिधियों को सम्मानजनक रूप से शामिल किया जाए।

## उझी घाटी में बागवानों को मिल रहे स्ट्रॉबेरी के चोखे दाम

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

**मनाली।** जिला कुल्लू की उझी घाटी में सेब के साथ स्ट्रॉबेरी आर्थिक स्थिति को बढ़ाने का महत्वपूर्ण जरिया बन गई है। इस साल स्ट्रॉबेरी की अच्छी फसल हुई है। बागवानों को उनकी फसल के दाम भी चोखे मिल रहे हैं। स्ट्रॉबेरी से भगवान सालाना दो से पांच लाख तक की कमाई कर रहे हैं।

कई बागवान इससे भी अधिक कमाई कर रहे हैं। इस साल मौसम अनुकूल रहने से बंपर फसल हुई है। घाटी के बागवान चुन्नी लाल का कहना है कि इस साल स्ट्रॉबेरी की अच्छी फसल हुई है। उन्होंने अपनी तीन से चार बीघा भूमि पर स्ट्रावेरी की फसल लगाई है। इसे उन्हें पांच लाख तक सालाना कमाई होती है। 10 से 15 लोगों को रोजगार भी दे रहे हैं। इनका कहना है कि यह पिछले कई वर्षों से इसकी खेती करते आ रहे हैं।

बता दें कि स्ट्रॉबेरी दिल की बीमारी और शुगर के मरीजों के लिए रामबाण होती है। इसके लिए किसी भी प्रकार की खाद व स्प्रे की जरूरत नहीं होती। इस साल बागवानों को स्ट्रॉबेरी के150 से 300 रुपए किलो तक के दाम मिल रहे है। बागवानों का कहना है कि मनाली में स्ट्रॉबेरी को लेकर काफी मांग यहां के होटलों में रहती है और पर्यटक भी इसे काफी पंसद करते हैं। उनका कहना है कि उन्हें घर द्वार पर ही उनकी स्ट्रॉबेरी की फसल के अच्छे दाम मिल रहे हैं।



### पर्यटकों की पहली पंसद बनी स्ट्रॉबेरी : रमेश

**बागवान** रमेश ठाकुर का कहना है कि पर्यटक सीधे उनसे स्ट्रॉबेरी खरीद रहे हैं। ग्रीन टैक्स बैरियर पर कई महिलाएं स्ट्रॉबेरी व अन्य फल पर्यटकों को बेचने का कार्य करती है। मालरोड पर भी पर्यटकों को स्ट्रॉबेरी बेची जा रही है।

## डीके इलेवन टीम रही क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

स्वर्गीय लता ठाकुर मेमोरियल क्रिकेट मैदान में तुंदे वारियर्स समर एंड विंटर क्लब त्रिलोकीनाथ द्वारा आयोजित स्वर्गीय शमशेर सिंह क्रिकेट मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता के प्रायोजक रेड स्टार हिंसा थे। प्रतियोगिता कर समापन समारोह में लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जिसमें 23 टीमों ने भाग लिया था।

प्रतियोगिता का फाइनल मैच शनिवार को किंगफिशर जुंडा एवं डीके इलेवन के बीच खेला गया जिसमें डीके इलेवन विजेता रहे। इस मौके पर मुख्यातिथि रवि ठाकुर ने युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलकूद में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए और अपनी नेक कमाई से 11000 रुपए की राशि आयोजकों को भेंट की।

## बेतुकी बयानबाजी से बाज आएं स्वयंभू पेंशनर्स नेता : गुलशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ ने कुछ समानांतर संगठनों के कुछ स्वयंभू पेंशनर नेताओं को बेतुकी बयानबाजी से बाज आने की नसीहत दी है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, महासचिव मिलाप चंद, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भुंतर खंड इकाई के महासचिव खुशाल चंद नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला विंग) लीला डोगरा, संगठन सचिव मनोरमा डोगरा इत्यादि अनेक पेंशनर नेताओं ने कहा कि उनके साथ पक्षपातपूर्ण रवैये का प्रयास है। एलआर गुलशन ने कहा कि हाल ही में दोफाड़ हुए आत्माराम शर्मा के नेतृत्व वाले पेंशनर वैलफेयर एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन गुट से अलग होकर अस्तित्व में आए एक धड़े के स्वयंभू पेंशनर नेताओं द्वारा वर्चुअल बैठक में राज्य सरकार से केवल 70 वर्ष से ऊपर के ही पेंशनरों को संशोधित वेतनमान के एरियर और अन्य वित्तीय देनदारियों के एकमुश्त भुगतान की मांग करना 70 साल से कम आयुवर्ग के पेंशनरों के साथ सरासर अन्याय, भेदभाव और पक्षपातपूर्ण व्यवहार जाहिर होता है। उन्होंने इन तथाकथित स्वयंभू पेंशनर नेताओं से पूछा कि क्या 70 साल से कम उम्र के पेंशनरों को आर्थिक तंगी नहीं है।


एलआर गुलशन।

### प्रदेशाध्यक्ष लड़ें चुनाव

**गुलशन** ने कहा कि समानांतर संगठनों के इन उम्रदराज स्वयंभू पेंशनर नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो लोग इमोशनल कार्ड खेलते हुए चुनावों में अपनी बढ़ती उम्र की भीख मांग कर पेंशनर संगठनों में काबिज हुए हैं। वे लोग पेंशनरों की जायज समस्याओं और उनके दुःख तकलीफ़ों को क्या समझेंगे। चुनौती देते कहा कि एकमंच पर आकर प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव लड़कर देख लें।

### मांगों पर खोलेंगे मोर्चा

**एलआर** गुलशन ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने 15 अप्रैल को पांगी में पुरानी रिवायत तोड़ कर कर्मचारियों और पेंशनरों को 15 मई से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किस्त देने की घोषणा की थी, लेकिन 2 जून को महंगाई भत्ते की अदायगी से वंचित कर दिया गया जिससे सरकार के प्रति नाराज़गी बढ़ती जा रही है। यदि आगामी 15 जुलाई तक सभी देय लंबित वित्तीय लाभों का भुगतान नहीं किया तो संघर्ष का बिगुल बजा देंगे।

**रोष** सड़क सुधार की मांगों को लेकर लोगों का निरमंड में धरना चौथे दिन भी जारी

## लोगों ने 13 को विशाल धरना-प्रदर्शन की दी चेतावनी

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

**आनी।** गुगरा-जाओं-तराला सड़क मार्ग की खस्ताहालत को सुधारने सहित 7 मांगों को लेकर निरमण्ड में क्रमिक धरना शनिवार को चौथे दिन भी जारी रहा। इस दौरान चौथे दिन पदम प्रभाकर, उपप्रधान चुनीलाल, पुर्ण चंद ,भाग चंद, बृजेश पुर्ण सक्सेना और लक्की शामिल हुए।

वहीं सड़क को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे लढागी, बुछैर, लफाली, जाओं, तराला आदि कई अन्य गांवों के लोगों ने चेताया है कि अब यह धरना एक दो नहीं बल्कि सभी मांगों के पूरा होने के बाद ही थमेगा। सीटू नेता और क्षेत्रवासी पदम् प्रभाकर ने स्पष्ट कहा कि सरकार और सरकारी तंत्र यह न समझें कि हमारी मांगों और धरने को अनसुना, अनदेखा कर हमें हतोत्साहित किया जाएगा, बल्कि हमने पहले भी अंजाम तक संघर्ष किया और अब भी करेंगे।

उन्होंने चेताया है कि मांगों को मनवाने के लिए धरने पर बैठे हैं, लेकिन जिस रवैये के साथ चार दिनों से न ही कोई विभागीय उच्चाधिकारी न ही कोई प्रशासनिक अधिकारी बात करने आया है, तो हम चेताना चाहते हैं कि आने वाली 13 जून को निरमंड में एक विशाल और उग्र प्रदर्शन अपनी मांगों को लेकर किया जाएगा। लोगों ने हैरानी जताई है कि क्षेत्र के बड़े संवैधानिक पदों ओर आसीन बुद्धिजीवी वर्ग द्वारा न तो क्षेत्रवासियों की मांगों का न ही धरने का समर्थन किया गया।



### ग्रामीणों ने सड़क की बदहाली पर रोष जताया

**ग्रामीणों** का कहना है कि जाओं से लढागी सड़क की खराब हालत को लेकर ग्रामीणों ने आनी में दो बार प्रदर्शन कर विभाग से मुलाकात की, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले। जबकि सड़क की टारिंग अधूरी है, जिसे अप्रैल मई में पूरा करने की मांग थी, जो सिरे नहीं चढ़ी। सड़क मरम्मत के अधूरे पड़े कार्य से बची धनराशि से मरम्मत व सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग लगाने की पूर्व मांगें भी लंबित हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण को लेकर जमीन दान इस शर्त पर दी थी कि लोगों की जमीन बचाने को डंगे लगाए जाएंगे, जो आज तक नहीं लगे। जिसके स्थान पर स्लैब कलवर्ट की मांग की गई थी, वहां कार्य भी लंबित है और लढागी-तराला सड़क टारिंग का काम बहुत धीमा है।

### प्रशासनिक अधिकारियों ने नहीं की कोई पहल

यह बहुत ही दुर्भाग्य हैं कि आनी विधानसभा से बड़े-बड़े पदों पर आसीन व्यक्ति है, जिनका किसी भी तरह का कोई ब्यान नहीं आया है। जिन मुद्दों को लेकर मंचों तक समिति है। मंचों से ही काम की बात करते है, लेकिन जमीनी स्तर पर शुन्य है। यह न केबल बुच्छैर क्षेत्रों की सड़कों की बात है बल्कि आनी की तमाम सड़कों की हालात दयनीय है। कई सड़कें ऐसी है जो जिनका आज तक कोई कार्य नही किया गया।

## विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण पर किया जागरूक

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल




देव संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन पुरातन समय से ही देव परंपरा का अभिन्न अंग है। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर देव सेवा संस्था के सदस्यों द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं में जाकर विद्यालय के छात्र छात्राओं को देव संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण पर प्रेरित किया गया।

देव सेवा संस्था के अध्यक्ष जय ठाकुर द्वारा विद्यालय के करीब 400 छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए हमारी स्थानीय संस्कृति में पर्यावरण का संरक्षण कैसे किया जाता है इस बारे में जानकारी प्रदान की गई। लिपियों के प्रकांड ज्ञाता यतिन पंडित ने छात्र-छात्राओं को विद्यालय की प्रातः सभा मे उच्चारित वैदिक ऋचाओं के मध्य शांति मंत्र का उदाहरण देते हुए देव और पर्यावरण के आपसी सामंजस्य के बारे में अवगत करवाया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार, लेखक और पर्यावरण विद रमेश पठानिया ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जितेंद्र वर्मा ने अपने वक्तव्य में देव सेवा संस्था का आभार व्यक्त किया।

## फलों की आवक बढ़ते ही गिरे प्लम-खुमानी के दाम

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** मंडियों में फलों की आवक अधिक होने से रेट में भारी गिरावट आई है। लहसुन और खुमानी के भाव 100 रुपये के नीचे आ गए हैं। प्लम के रेट भी 30 फीसदी तक गिरे हैं। जिले में लहसुन, प्लम और खुमानी को निकालने का काम इन दिनों तेजी से चल रहा है।

किसान सुबह से देर शाम तक इसी काम में व्यस्त हैं। कीमतों में आई 30 से 40 प्रतिशत की गिरावट आने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। अभी लहसुन के साथ प्लम और खुमानी का सीजन आधा भी नहीं हुआ है। किसान निक्का राम, भजन सिंह, मेहर चंद और धर्म सिंह ने कहा कि लहसुन के रेट में गिरावट आई है। पहले लहसुन 120 से 125 रुपये किलो बिक रहा था। अब इसके भाव 90 रुपए हो गए हैं।

# मंजूरी मिलते ही रेणुका बांध निर्माण की हलचल तेज

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान




**नाहन।** रेणुका बांध निर्माण की बड़ी बाधा दूर हो गई है। बांध निर्माण को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की अंतिम मंजूरी मिल गई है। वन मंत्रालय की स्वीकृति मिलने से ही बांध निर्माण के राह आसान दिख रहा है। अब परियोजना के निर्माण में किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं है। शुक्रवार को यह अनुमति प्रदान की गई है। परियोजना प्रबंधन बीते लंबे समय से ही वन मंत्रालय की स्वीकृति मिलने का इंतजार करते आ रहे थे। लंबी जद्दोजहद के बाद मंजूरी मिलते ही बांध निर्माण को लेकर हलचल तेज हो गई है। अब यह परियोजना निर्माण की ओर आसानी से कदम बढ़ा सकेगी। वहीं, राजधानी दिल्ली में भाजपा की सरकार का आना भी रेणुका बांध निर्माण के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है। बीते लंबे समय से यह मसौदा केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की फाइलों में दबा हुआ था। वन मंजूरी मिलते ही जहां परियोजना प्रबंधकों ने राहत की सांस ली है वहीं, बांध निर्माण की भी राहे भी आसान हो गई हैं।

### हिमाचल को 40 मेगावाट विद्युत उत्पादन का मिलेगा लाभ

**रेणुकाजी** बांध परियोजना के कार्यकारी महाप्रबंधक ई. संजीव कुमार ने केंद्रीय वन मंत्रालय की ओर से द्वितीय चरण (फेज-टू) की मंजूरी मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि परियोजना निर्माण की सभी बाधाओं को दूर कर लिया गया है। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की स्वीकृति मिलना परियोजना निर्माण में बड़ी उपलब्धि है। शीघ्र ही यह परियोजना अब निर्माण की ओर आगे कदम बढ़ाएगी। इसको लेकर आगामी प्रक्रियाओं को भी तेजी से निभाया जाएगा। रेणुका बांध परियोजना के निर्माण से राजधानी दिल्ली के लोगों को 23 क्यूमेक्स पीने के पानी की एकमुश्त आपूर्ति होगी। वहीं, हिमाचल प्रदेश को 40 मेगावाट विद्युत उत्पादन का भी सीधा लाभ मिलेगा। परियोजना के निर्माण पर करीब 10,000 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह बीते चार दशकों की तुलना में करीब पांच गुना अधिक है। परियोजना निर्माण की अन्य सभी औपचारिकताओं को पहले ही पूरा कर लिया गया है। केवल वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी मिलने का ही इंतजार था।

# जिले में 101 जल परियोजनाएं कर रही कार्य

अनंत ज्ञान, सोलन



उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि नल जल मित्र पूर्णतया प्रशिक्षित होना चाहिए ताकि जल जीवन मिशन को सफल बनाया जा सके। मनमोहन शर्मा गत दिवस जिला जल स्वच्छता मिशन द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जिले के अंतर्गत 101 जल परियोजनाएं कार्य कर रही हैं। जल जीवन मिशन के तहत कसौली क्षेत्र में उठाऊ पेयजल योजना के माध्यम से लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक कुशल व्यक्ति को प्रशिक्षित करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नल जल मित्र ग्राम पंचायत व ग्रामीण स्तर पर एक बहु-कुशल स्थानीय व्यक्ति होगा जोकि जलापूर्ति के बुनियादी ढांचे का संचालन और रखरखाव कुशलता से करेगा। उपायुक्त ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत अर्की उपमंडल में 17 योजनाएं, बद्दी में 15, धर्मपुर में 11, नालागढ़ में 34 तथा सोलन में 08 परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 16 परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने सभी परियोजनाओं की जीयो टैगिंग करवाने के भी निर्देश दिए।

मनमोहन शर्मा ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को आगामी माह में होने वाली ग्राम सभा की बैठकों में हर घर जल प्रमाणिकरण कार्य करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान जल जनित रोगों से बचाव के दृष्टिगत समय-समय पर पेयजल के सैंपल जांच करवाने के निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉक्टर को डेपुटेशन पर भेजे जाने से मरीज परेशान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** विकासखंड शिलाई की सबसे दुर्गम क्षेत्र जरवा जुनैल के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर को पिछले डेढ़ महीने से डेपुटेशन पर भेजेने से मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। रोज चिकित्सालय से बिना इलाज के ही घर लौटना पड़ता है। यह जानकारी रुद्र सेना के उपाध्यक्ष केशव शर्मा ने नवयुवक मंडल जारवा जुनैली के प्रेस नोट के माध्यम से दी। केशव कुमार ने बताया कि पिछले डेढ़ माह से अब तक जारवा के डॉक्टर को रोनहाट भेज दिया गया है, जिससे जरवा पीएचसी पहुंचने वाले सभी बीमार लोगों को बिना इलाज के वापस लौटना पड़ता है। हाल ही में महिला के पहाड़ से गिर जाने के बाद पीएचसी में लाया गया, डॉक्टर न मिलने से बिना प्रथमिक उपचार के ही मरीज को राजगढ़ पहुंचाना पड़ गया। नवयुवक मंडल ने स्वास्थ्य विभाग की इस कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान को डेपुटेशन के चलते एक सप्ताह से ऊपर खाली रखना कितना सही है। उन्होंने बताया कि सिविल अस्पताल शिलाई, सीएचसी पनोग से भी एक एक सप्ताह के लिए डेपुटेशन पर डॉक्टरों को भेजा जा सकता था, परंतु विभाग की घटिया कार्यप्रणाली या विभाग पर किसी प्रकार के दबाव के कारण दर्द क्षेत्र के लोगों को झेलना पड़ रहा है। बीएमओ शिलाई अभय देवल ने बताया कि जरवा प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर को रोनहाट डेपोटेशन है। अगले 20 दिनों तक भी रोनहाट में ही रहेंगे, सीएमओ नाहन से प्राप्त डेपोटेशन पत्र की अनुपालना के अनुसार अगले 20 दिन के बाद जारवा ओपीडी को सुचारू रूप से चलाने के आदेश जारी होंगे।

### 20 तक पूर्ण किया जाएगा ई-परिवार सर्वेक्षण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला पंचायत अधिकारी सिरमौर विनय कुमार ने बताया कि सिरमौर जिला की सभी ग्राम पंचायतों में ई-परिवार सर्वेक्षण शुरू किया गया है। पंचायती राज विभाग ने सभी ग्राम पंचायतों में डाटा संग्रहण और सत्यापन की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने की पहल की है जिसके अंतर्गत ई-परिवार सर्वे ऐप को शुरू किया है। सभी पंचायतों द्वारा 20 जून, 2025 तक इस सर्वे को पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य सभी परिवारों के राशन कार्ड की सही मैपिंग करना, परिवार के सदस्यों के आधार विवरण को सत्यापित और नवीनीकरण करना तथा पशु मालिकाना हक की जानकारी एकत्र करना है, जिससे प्रत्येक परिवार को विभिन्न सेवाओं की बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने जिला वासियों से इस सर्वेक्षण प्रक्रिया के सफल क्रियान्वयन के लिए सहयोग करने की अपील की है।

### शहरी स्थानीय निकायों के वार्डों का सीमाकंन कार्यक्रम जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के साथ-साथ सोलन ज़िला में भी शहरी स्थानीय निकायों के वार्डों के सीमाकंन का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त सोलन राहुल जैन ने दी। राहुल जैन ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार शहरी निकायों के वार्डों के सीमांकन के लिए ड्राफ्ट प्रस्ताव 2 जून, 2025 को जारी कर दिया गया है। इन क्षेत्रों के निवासियों द्वारा आपत्ति एवं सुझाव प्रस्तुत करने की तिथि 9 जून, 2025 निर्धारित की गई। है। उपायुक्त सोलन द्वारा प्राप्त आपत्तियों और सुझावों का निपटारा 16 जून, 2025 तक किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि उपायुक्त के आदेश के विरुद्ध अपील मंडलायुक्त के समक्ष की जा सकेगी। यह अपील उपायुक्त द्वारा आदेश पारित करने के 07 दिन के भीतर की जा सकेगी। अपील दायर करने के 05 दिन के भीतर मंडलायुक्त द्वारा अपील का निपटारा किया जाएगा। राहुल जैन ने कहा कि उपायुक्त द्वारा अंतिम सीमांकन आदेश प्रथम जुलाई, 2025 को अथवा इससे पूर्व जारी किए जाएंगे। 11 जुलाई, 2025 तक सीटों का आरक्षण किया जाएगा। 15 जुलाई, 2025 तक सरकार द्वारा अंतिम आरक्षण आदेश राज्य निर्वाचन आयोग को प्रेषित किए जाएंगे।

### नयना देवी माता मंदिर के मेले में आएंगे सांसद सुरेश

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** शिमला लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप 10 जून को अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सन्याडी मोड़ के गांव पनसोडा में नैना देवी माता मंदिर के मेले और भंडारे में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। पंचायत उपप्रधान भीम शर्मा ने बताया कि सांसद सुरेश कश्यप इस दिन पनसोडा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे और स्थानीय लोगों के साथ बातचीत करेंगे।

### एनएसएस के विशेष शिविर का सफल आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, इटरनल विश्वविद्यालय, बड़ू साहिब द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर विश्वविद्यालय के माननीय चांसलर बाबा डॉ. दविंद्र सिंह जी के आशीर्वाद और कुलपति प्रो. (डॉ.) जसविंद्र सिंह के मार्गदर्शन में आरंभ हुआ। शिविर का शुभारंभ नशा मुक्ति जागरूकता रैली से हुआ और इसका संचालन इंजीनियर अनिता चौधरी और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहित के निर्देशन में किया गया। इस विशेष शिविर का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा भावना और स्वैच्छिक भागीदारी को बढ़ावा देना था। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, मानसिक स्वास्थ्य और माइंडफुलनेस जैसे विषयों पर जागरूकता रैलियों, कार्यशालाओं व संवाद कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की। ग्रामीण जुड़ाव के अंतर्गत काखली गांव में घर-घर संपर्क कर ग्रामीणों से संवाद किया गया। समापन समारोह विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित हुआ, जहां कुलपति प्रो. (डॉ.) जसविंद्र सिंह ने स्वयंसेवकों को प्रमाणपत्र वितरित किए और प्रेरणादायी संबोधन में अनुशासन, करुणा एवं सेवा भाव को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रो. सुरजन सिंह (रजिस्ट्रार), डॉ. योगीता ठाकुर , डॉ. रैनो भाटिया (प्राचार्य, डॉ. कमल किशोर (डीन) सहित अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। शिविर का समापन एनएसएस स्वयंसेवक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### इशिता को विद्यालय में किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, सोलन।** पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर राज्यभर में प्रथम स्थान पाने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला की छात्रा इशिता को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय आने पर अध्यापकों, छात्रों व अभिभावकों द्वारा ईशिता को अविभावको सहित सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव परिहार ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की और अन्य छात्रों को भी विद्यालय की हरेक गतिविधि में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। इशिता की यह उपलब्धि बाकी छात्रों के लिए भी प्रेरणा है। इशिता ने भी इस मौके पर छात्रों से अपने विचार साझा किए तथा सभी शिक्षकों को इस उपलब्धि को हासिल करने में उनके सराहनीय योगदान के लिए धन्यवाद किया।

## क्रस्ना लैब बंद होने से स्वास्थ्य मंत्री के गृह क्षेत्र सोलन अस्पताल में चरमरा रही स्वास्थ्य सुविधाएं

# निजी लैबों में करवाने पड़ रहे महंगे टेस्ट

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान

**सोलन।** क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में पिछले करीब आधे महीने से क्रस्ना लैब बंद होने से रोगियों को अब निजी लैब में महंगे दामों में टेस्ट करने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं अस्पताल की लैब में सीमित टेस्ट ही हो रहे हैं। ऐसे में रोगियों को खासी दिक्कतें पेश आ रही है।

बता दें कि बिजली का बिल नहीं भरने के चलते लैब दो सप्ताह से बंद पड़ी है। ऐसे में मरीजों को टेस्ट की सुविधा नहीं मिल रही है। केवल अस्पताल की सरकारी लैब में दोपहर 1:00 बजे तक टेस्ट हो रहे हैं। जिस कारण अब मरीजों को निजी लैब में महंगे दामों में टेस्ट करवाने पड़ रहे हैं।

क्षेत्रीय अस्पताल में सोलन के साथ-साथ शिमला और सिरमौर से भी मरीज उपचार के लिए आते हैं। अस्पताल में लगभग सभी विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सक हैं। उपचार के दौरान मरीजों में बीमारी का सही पता के लिए टेस्ट लिखते हैं। टेस्ट के लिए मरीज घंटों भर लाइन में लगकर बिल कटाते हैं। जब बारी आती है तो इन्हें अगले दिन सैंपल के लिए बुलाया जाता है। जिस कारण दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को मजबूरी में निजी लैब में टेस्ट करवाने चले जाते हैं। जहां पर अधिक पैसे वसूले जा रहे हैं। मरीजों ने प्रदेश सरकार से समस्या के समाधान की गुहार लगाई है।



- अस्पताल की सरकारी लैब में दोपहर 1:00 बजे तक हो रहे हैं टेस्ट
- मरीजों ने प्रदेश सरकार से समस्या के समाधान की लगाई गुहार

### 99,981 रुपए के हैं पेंडिंग बिल

**मई** माह तक क्रस्ना लैब का 99,981 रुपए पेंडिंग है। अब जून का भी बिल इसमें जुड़ जाएगा। क्योंकि कनेक्शन 19 मई को काटा गया है। इससे पहले का बिल जोड़ने पर फिर बिल एक लाख से ऊपर हो जाएगा, लेकिन इसके लिए क्रस्ना लैब ने कोई योजना नहीं बनाई है।

> क्रस्ना लैब प्रबंधन ने जल्द बिल जमा करने की बात की थी लेकिन आज तक बिल जमा नहीं करवाया है। ऐसे में लैब की ओर से मरीजों को सुविधा न देने पर नेगेटिव रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजा जाएगा। मरीजों की सुविधा के लिए सरकारी लैब में दोपहर 1:00 बजे तक ही सैंपल लिए जा रहे हैं।
>
> -डॉ. राकेश पवार, चिकित्सा अधीक्षक, क्षेत्रीय अस्पताल, सोलन।

अनंत ज्ञान खास खबर

### निजी लैब संचालकों ने बढ़ा दिए दाम

**लैब** में मुफ्त टेस्ट की सुविधा बंद होने से निजी लैब संचालकों ने भी दाम बढ़ा दिए हैं। जो टेस्ट 300 रुपए में होता था अब उसके 400 से 500 रुपए मरीजों से वसूले जा रहे हैं। इससे मरीजों का आर्थिक बोझ भी बढ़ता जा रहा है। विभाग की ओर से निजी लैब संचालकों की मनमानी को रोकने के कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। इस कारण मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल के गृह क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधाओं के ये हाल है तो अन्य अस्पतालों में सहज की अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसे में अब लोगों में सरकार के खिलाफ रोष साफ दिखता नजर आ रहा है।

# पारदर्शिता को बढ़ाने में ई ऑफिस का करें प्रयोग : डीसी



जिला सिरमौर के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त।

अनंत ज्ञान, नाहन

उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने नाहन स्थित उपायुक्त कार्यालय में जिला में सुशासन (गुड गवर्नेस) की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उपायुक्त ने जिला के अधिकारियों से वर्ष 2024-25 में अपने कार्यालयों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों से तत्परता के साथ कार्य करने को कहा ताकि हिमाचल में सुशासन सुचकांक में जिला सिरमौर का प्रदर्शन को बढ़ाया जा सके। उन्होंने आवश्यक आधारभूत संरचना जैसे विद्युत, जल व सड़क संपर्क को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

वर्ष 2023-24 में जिला सिरमौर ने सुशासन में आर्थिक प्रदर्शन रैंक में पारदर्शिता एवं जवाबदेही में राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उपायुक्त ने जिला में कार्यप्रणाली में पारदर्शिता को और अधिक बढ़ाने के लिए सभी विभागाध्यक्षों से ई-ऑफिस के प्रयोग को बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में अवगत करवाया गया कि जिला सिरमौर ने सुशासन में आर्थिक प्रदर्शन रैंक में रोजगार सुचकांक में वर्ष 2023-24 में बेहतर प्रदर्शन किया है जिसे और अधिक बेहतर बनाने के प्रयास करने को कहा। प्रियंका वर्मा ने सुशासन में जिला सिरमौर के प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए कड़े प्रयास करने को कहा।

उपायुक्त ने 6 जून को जिला सिरमौर के विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाली आपदा की मेगा मॉकड्रिल के सफल आयोजन के लिए बैठक की अध्यक्षता भी की। उन्होंने अधिकारियों को किसी भी आपदा के प्रति सजगता से कार्य करने को कहा। मॉकड्रिल के माध्यम से जिला प्रशासन व स्थानीय इकाई को किसी भी प्रकार की आपदा के लिए अपनी तैयारियों को जानने में सहायता प्राप्त होती है। इस अवसर पर जिला में कार्यरत सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार से गाड़ी अनियंत्रित होकर पहाड़ी से टकराई, एक घायल

अनंत ज्ञान, राजगढ़

टिक्कर रोड पर एक तेज रफ्तार गाड़ी के पहाड़ी से टकरा जाने के कारण सड़क हादसा पेश आया। जानकारी के अनुसार एचपी 10 9722 नंबर की गाड़ी तेज गति से टिक्कर रोड पर जा रही थी और कुछ दूरी पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पहाड़ी से जा टकराई।

टक्कर इतनी जोरदार थी की गाड़ी विपरीत दिशा में घूम गई। गाड़ी में कुल दो लोग सवार थे। टक्कर के चलते एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, अन्य व्यक्ति को भी मामूली चोटें आई हैं। जिस व्यक्ति को गंभीर चोटे आई है उस व्यक्ति की पहचान बलवीर उम्र 35 वर्ष निवासी शलेच द्राबला के रूप में हुई है। इस हादसे की सूचना राजगढ़ पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।




# जितेंद्र हत्याकांड में चंडीगढ़ से धरी युवती

अनंत ज्ञान, नाहन

इंजीनियर जितेंद्र मर्डर केस में नाहन पुलिस ने चंडीगढ़ से एक युवती को हिरासत में लिया है। युवती को कालाअंब पुलिस थाना लाया गया है, जहां उससे जितेंद्र की हत्या से जुड़े मामले में गहनता से पूछताछ की जा रही है।

वारदात वाले दिन मृतक जितेंद्र और मुख्य आरोपी मनीष के साथ एक महिला दोस्त भी मौजूद थी, इसलिए इस युवती की जल्द गिरफ्तारी की भी संभावना थी, जो मामले में अहम मोड़ ला सकती है। जितेंद्र की हत्या के आरोप में अमृतसर निवासी मनीष फिलहाल पुलिस रिमांड पर चल रहा है। पुलिस ने मनीष को 3 जून को गिरफ्तार किया था और 4 जून को उसे अदालत में पेश कर 5 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया था। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ की जा रही है, जिससे इस पूरे मामले की कड़ियां जुड़ने की उम्मीद है।

- मामले में अहम खुलासे होने की है उम्मीद

एसपी सिरमौर, एनएस नेगी ने बताया कि एक युवती को चंडीगढ़ से लाया गया है, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस मामले की हर पहलू से गहनता से जांच कर रही है। अब उम्मीद है कि हत्या के पीछे का पूरा सच सामने आ जाएगा।

### क्या हुआ था वारदात वाले दिन?

**पुलिस** जांच में सामने आया है कि मृतक जितेंद्र और आरोपी मनीष पंजाब के खरड़ में एक साथ रहते थे और दोस्त थे। 30 मई को जितेंद्र गंभीर हालत में पालियों के समीप मिला था और चंडीगढ़ के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान 2 जून को उसकी मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार, 29 मई की शाम को पंजाब के खरड़ से तीनों (जितेंद्र, मनीष और हिरासत में ली गई युवती) एक साथ पार्टी करने के लिए निकले थे। अगले दिन ये लोग पंचकूला होते हुए सिरमौर की तरफ रवाना हुए। पुलिस का कहना है कि नशे की हालत में आरोपी और पीड़ित के बीच बहसबाजी शुरू हो गई, जो घटनास्थल पर हिंसक झगड़े में बदल गई।

# ईद-उल-अजहा पर मांगीं शांति की दुआएं

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पांवटा उपमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों ने ईद-उल-अजहा (बकर ईद) पर्व धूमधाम से मनाया। क्षेत्र में सुबह सात से दस बजे के बीच ईदगाहों, मस्जिदों और खुले परिसरों में ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान देश और प्रदेश में अमन शांति और भाईचारे की दुआ मांगी गई। इस दौरान हिंदू और सिख समुदाय के लोगों ने भी मुस्लिम भाइयों को ईद पर्व पर बधाइयां दीं। अमरकोट पंचायत के प्रधान वसीम मलिक, पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत पीपलीवाला जुल्फकार अली, पूर्व बीडीसी सदस्य फरीज खान आदि ने कहा कि ईद की धूम रही।

# नाहन के वार्डों की सीमाओं पर मांगे सुझाव व आपत्तियां

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने वर्ष 2025-26 में होने वाले शहरी निकायों के निर्वाचन के लिए नगर परिषद नाहन के वार्डों का परिसीमन निर्धारण कर सूची जन साधारण के लिए अवलोकन के लिए अधिसूचित की है।

अधिसूचना के अनुसार यदि जन साधारण को इन नगरपालिका वार्डों के परिसीमन संबंधी आक्षेप अथवा सुझाव हो तो वह 7 दिनों के भीतर 9 जून, 2025 सांय 5 बजे तक अपना आक्षेप एवं सुझाव लिखित रूप में डी.सी. सिरमौर को प्रस्तुत कर सकते हैं।

# गगन अस्पताल के बाहर नकाबपोश काट रहे चक्कर, मिल रही धमकियां

अनंत ज्ञान, नालागढ़

बद्दी के निजी अस्पताल के मालिक और उनकी होने वाली पत्नी को जान माल का नुकसान का डर सता रहा है। कुछ दिनों से अस्पताल के बाहर नकाबपोश निगरानी कर नुकसान पहुंचाने की नीयत से चक्कर काट रहे हैं जिसकी शिकायत डॉ. गगन जैन ने पुलिस थाना बद्दी में दी है।

पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। डॉ. गगन जैन ने शिकायत में बताया कि बीते माह सात मई को मोटरसाइकिल पर सवार कुछ नकाबपोश अस्पताल के बाहर चक्कर काट रहे थे और वीडियोग्राफी भी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पहले भी उन्हें जान से मारने की धमकिया मिल चुकी है।

वहीं संगीता देवी का कहना है कि जब मोहाली के निजी अस्पताल में गई थी तो वहां पर वार्ड 6 की महिला गाली-गलौच की थी और कई झूठी शिकायतें दर्ज करवा रही है, जिसके बाद एसएचओ कार्यालय में समझौता भी हुआ था लेकिन लगातार धमकी भरे फोन आ रहे हैं जिससे मेरे बच्चे और मेरे होने वाली पति को भी खतरा है।

# प्रशिक्षुओं को बताया पर्यावरण का महत्व

अनंत ज्ञान, नाहन

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के छात्रावास में यूथ एंड इको क्लब के कार्यक्रम के अंतर्गत 'एक पेड़ के मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा उपनिदेशक (गुणवत्ता)एवं जिला परियोजना अधिकारी रीता गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया।

यूथ और ईको क्लब की जिला समन्वयक डॉक्टर नम्रता जोशी ने बताया कि पौधरोपण का यह कार्यक्रम 5 जून से लेकर 30 जून तक सभी विद्यालयों में मनाया जाएगा। पौधरोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि जिला शिक्षा उपनिदेशक (उच्च शिक्षा) हिमेंद्र बाली और जिला शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजीव ठाकुर रहे, उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को पर्यावरण के महत्व के बारे में अवगत कराया। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि प्राकृति भी हमारी मां है इसलिए इस बार एक पेड़ मां के नाम विषय को चुना गया है। तीनों जिला शिक्षा उपनिदेशकों ने एक-एक पेड़ लगाया।



'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में हिस्सा लेती छात्रावास की छात्राएं।

इस अवसर पर संस्थान की मीडिया ऑफिसर डॉक्टर मुनेश शर्मा, संस्थान के डीपीई नागेंद्र ठाकुर, छात्रावास वार्डन अर्चना शर्मा उपस्थित रहे।

**तैयारी** मिस्टर/मिस सोलन बनने का मौका, हिंदी पहाड़ी और पंजाबी गायक मचाएंगे धमाल

# सोलन में हिम फ्रेंड्स के ग्रीष्मोत्सव का आगाज आज से

अनंत ज्ञान, सोलन

हिम फ्रेंड्स की तरफ से सोलन में रविवार से ग्रीष्मोत्सव का आगाज किया जाएगा। 8 दिन के इस कार्यक्रम में मिस्टर/मिस सोलन, किड्स मॉडलिंग 3 से 10 साल के बच्चों के लिए इंटर स्कूल डांस कॉम्पिटिशन, ग्रुप डांस, सोलो डांस, सिंगिंग कॉम्पिटिशन भी होगा। इसके अलावा बेटी है अनमोल का इनाम 11,000 दिया जाएगा जिस बेटी ने हिमाचल में अच्छा काम किया हो।

हिम फ्रेंड्स के अध्यक्ष विशाल वर्मा ने बताया कि पहली स्टार नाइट में पहाड़ी सिंगर अरुण जसटा और पंजाबी सिंगर विमल शर्मा, दूसरी स्टार नाइट में पंजाबी सिंगर मन्नत नूर, रेशम सिंह अनमोल, अश प्रीत रमन होंगे। तीसरी स्टार नाइट में पंजाबी सिंगर श्रुति शर्मा और पहाड़ी व हिंदी सिंगर अजय भारद्वाज होंगे।



पत्रकार वार्ता करते हिम फ्रेंड्स के पदाधिकारी।

- बेहतर कार्य के लिए बेटी है अनमोल के तहत दिया जाएगा 11,000 का इनाम

इसी के साथ इंटर स्कूल डांस कंपटीशन भी होगा।

चौथी स्टार नाइट में सूफी सिंगर अनवर और सोलो डांस एंड सिंगिंग कंपटीशन होंगे। पांचवी स्टार नाइट पहाड़ी सिंगर हनी नेगी और किड्स मॉडलिंग के साथ होगी। छठी स्टार नाइट हिंदी और पंजाबी सिंगर गोपाल मुसाफिर बैंड और पहाड़ी और हिंदी सिंगर ममता भारद्वाज के साथ होगी।

सातवें स्टार नाइट पहाड़ी सिंगर अजय भारद्वाज और अज्जू तोमर के साथ होगी, वहीं अंतिम दिन हिंदी और पंजाबी सिंगर शुभम और हिंदी और पहाड़ी सिंगर एसी भारद्वाज अपनी आवाज का जादू बिखरेंगे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए सड़क पर उतरा एकल विद्यालय संगठन

अनंत ज्ञान, नाहन

एकल विद्यालय अभियान के गतिविधि विभाग द्वारा जिला सिरमौर त्रिलोकपुर में राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर प्रभातफेरी शोभायात्रा निकाली गई। वहीं पौधरोपण किया गया और गंगा पूजन भी किया गया।

इस उपलक्ष पर एकल विद्यालय अभियान के लगभग दो 250 कार्यकर्ताओं ने शोभायात्रा में भाग लिया। केंद्र से गतिविधि विभाग की प्रशिक्षण प्रमुख नीरज ठाकुर, केंद्रीय टोली के राघवेंद्र सिंह सैनी, राजसिंह प्रभाग प्रमुख सुनील ठाकुर, प्रभाग गतिविधि प्रमुख कृष्ण प्रभाग टोली के कार्यकर्ता संभाग प्रमुख अजय गजटा भाग प्रमुख दिनेश, भाग सिरमौर के रणदीप शर्मा खाजटा ने बताया कि गतिविधि विभाग के माध्यम से हर गांव में पर्यावरण को बचाने व गंगा पानी बचाने का संदेश देकर गंगा दशहरा गंगा पूजन किया जाएगा।

सिरमौर के छह अंचल अटाल, चौपाल, शिलाई , श्री रेणुका जी , राजगढ़ , सोलन के लगभग 1500 गांव में इस तरह के कार्यक्रम को किया गया। रणदीप शर्मा खाजटा ने बताया कि हम एकल विद्यालय अभियान के हर गांव तक संपर्क गांव में पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा गंगा पूजन कार्यक्रम करते रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### पीले चावल देकर योग महाकुंभ के लिए दिया निमंत्रण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा 21 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कुरुक्षेत्र में राज्यस्तरीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें योग क्रियाएं कराई जाएंगी। इस समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे। हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य ने कहा कि प्राचीन परम्परा को निभाते हुए कुरुक्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को घर-घर जाकर निमंत्रण दिया जा रहा है, ताकि वे कार्यक्रम में शिरकत कर सकें। फिलहाल 200 से ज्यादा योग साधकों द्वारा शाहबाद, लाडवा और इस्माइलाबाद में घर-घर जाकर पीले चावल देकर लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है। चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य ने बताया की कुरुक्षेत्र की पावन धरा को 21 जून के बाद योग की पावन धरा के रूप में भी जाना जाएगा। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 को लेकर ब्रह्मसरोवर और मेला क्षेत्र में राज्य स्तरीय योग महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इस योग महाकुंभ में एक लाख से भी अधिक योग साधकों द्वारा योग की डुबकी लगाई जाएगी। इस महाकुंभ को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल करने के प्रयास किए जाएंगे। इस बार कुरुक्षेत्र के एक-एक घर में पहुंच कर लोगों को योग महाकुंभ के लिए निमंत्रण देने के संकल्प को पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पतंजलि योगपीठ की तरफ से कुरुक्षेत्र के 400 गांव और शहरों के वार्डों में लोगों को योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सभी नागरिक प्रशिक्षित होकर ही योग करें। इसके लिए पतंजलि योगपीठ की तरफ से हर गांव व वार्ड में योग प्रशिक्षण शिविर लगाए जा रहे हैं और पूरे हरियाणा से योग प्रशिक्षक कुरुक्षेत्र पहुंचने लगे हैं।

### एमसी आयुक्त अमित ने किया शौचालय का उद्घाटन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने आज बूथ मार्केट, सेक्टर 22बी में नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद दमनप्रीत सिंह, मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष और स्थानीय दुकानदार उपस्थित रहे। इस शौचालय का नवीनीकरण बाजार संघ की विशेष मांग पर किया गया था, जिसे स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के नवीनतम दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरा किया गया है। अब इस सुविधा में दिव्यांगजनों, दृष्टिहीनों और बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध हैं, साथ ही एक समर्पित ट्रांसजेंडर शौचालय और महिलाओं के लिए सैनिटरी वेंडिंग मशीन भी लगाई गई है। आयुक्त अमित कुमार ने जनता और दुकानदारों से सीधे संवाद किया, उनकी नागरिक समस्याओं को सुना और समय पर समाधान का आश्वासन दिया। बाजार समुदाय ने इस उन्नत सुविधा के लिए खुशी और आभार व्यक्त किया।

### कोचिंग सेंटर से लेट आने पर डांटा तो एएसआई का बेटा लापता

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत पुलिस लाइन से तैनात एक पुलिसकर्मी का बेटा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। उसके एएसआई पिता ने उसे कोचिंग सेंटर से देरी से आने पर डांटा था। कुछ देर बाद वह लापता हो गया। पिता ने उसके अपहरण की आशंका जताई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। सेक्टर 29 थाना पुलिस को दी शिकायत में नीर सिंह ने बताया कि वह सोनीपत का रहने वाला है। फिलहाल वह अपने परिवार के साथ पानीपत पुलिस लाइन में रहता है। वह दो बेटों का पिता है। बड़ा बेटा रूपेश और छोटा बेटा रितेश है। रितेश 16 साल का है, जो 12वीं कक्षा का छात्र है। वह समालखा स्थित एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने जाता था। शुक्रवार की शाम वह कोचिंग सेंटर से लेट आया था। जिस पर उन्होंने उस पर गुस्सा किया था। शाम करीब साढ़े 7 बजे के बाद बेटा रितेश पुलिस लाइन से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों–श्रमिकों को दिया सम्मान : मुख्यमंत्री सैनी

## कांग्रेस पर साधा निशाना, बोले- कांग्रेस ने दी परिवार को प्राथमिकता

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस देश की असली ताकत हमारे गरीब, श्रमिक और वंचित वर्ग के लोग हैं। यही लोग अपने पसीने और मेहनत से भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सबसे बड़ा योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 11 वर्षों में इन मेहनतकश वर्गों को जो सम्मान और अधिकार दिए हैं, वह कांग्रेस कभी नहीं दे पाई। कांग्रेस ने हमेशा अपने परिवार के हितों को प्राथमिकता दी और आम जनता, समाज और देश की चिंता नहीं की। कांग्रेस ने दशकों तक सत्ता में रहते हुए आम जनता की अपेक्षाओं की अनदेखी की और अब जनता ने उन्हें शून्य पर लाकर खड़ा कर दिया है।

मुख्यमंत्री शनिवार को यहां संत कबीर कुटीर पर प्रदेशभर से आए डीएससी समाज के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर डीएससी समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया और डीएससी समाज के आरक्षण में वर्गीकरण को लागू करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को 11 जून को सिरसा में मनाई जाने वाली संत कबीर जयंती के लिए भी निमंत्रण भी दिया।

मुख्यमंत्री ने समाज के लोगों को योद्धा बताते हुए कहा कि समाज ने जो यह सम्मान की पगड़ी मेरे सिर पर रखी है, यह सम्मान समाज का है और मैं इस सम्मान को कभी कम नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा कि आज डीएससी को उसका अधिकार और सम्मान मिल रहा है। हाल ही में जो लगभग 3,500 भर्तियों की घोषणा हुई है, उसमें 605 पद डीएससी समाज के लिए और 604 पद अन्य अनुसूचित जातियों के लिए हैं। यह सामाजिक न्याय की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि डीएससी समाज ने काफी संघर्ष किया और आज उस संघर्ष के सुखद परिणाम सामने आए हैं। इससे हमारी आने वाली पीढ़ियां सशक्त और मजबूत होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का संविधान, जिसे बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने राष्ट्र को प्रदान किया, आज हमारे लोकतंत्र की मूल आत्मा है। इस पवित्र संविधान के कारण ही देश को एक लोकतांत्रिक व्यवस्था मिली, जिसमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद और न्यायपालिका मजबूती से कार्य कर रहे हैं।

# नगर निगम ने अवैध रेहड़ी वालों के खिलाफ की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



शहर की विभिन्न बाजारों में हो रहे अतिक्रमण की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने संयुक्त आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि वे व्यक्तिगत रूप से औचक निरीक्षण करें और अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाएं।

इन्हीं निर्देशों के तहत संयुक्त आयुक्त सुमीत सिहाग ने शनिवार शाम सेक्टर 22 मार्केट और किरण सिनेमा के पास सेक्टर 19 सदर बाजार में औचक दौरा किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कई अवैध रेहड़ी–फड़ी वाले सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करके खरीदारों और दुकानदारों को असुविधा पहुंचा रहे हैं।

कार्रवाई के तहत सेक्टर 22 और सेक्टर 19 सदर बाजार से कुल 23 अवैध रेहड़ी वालों को हटाया गया। इसके साथ ही मौके पर ही 37 चालान जारी किए गए, जिनमें से 14 चालान केवल सदर बाजार में किए गए। संयुक्त आयुक्त ने प्रवर्तन टीम और संबंधित क्षेत्र निरीक्षकों को निर्देश दिए कि वे सतर्क रहें और दोबारा उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

नगर निगम चंडीगढ़ ने दोहराया कि वह सार्वजनिक बाजारों में स्वच्छता, अनुशासन और पैदल चलने वालों के सुचारु आवागमन को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। नियमित जांच जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी सजा दी जाएगी।

# जिंदल राइस मिल्स ने लॉन्च किया फोर्टिफाइड न्यूट्रिशन ब्रांड 'नॉरिफायम'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




भारत का पोषण-संबंधी कायापलट करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, जिंदल राइस मिल्स ने शनिवार को 'नॉरिफायम' ताज चंडीगढ़ में आयोजित इंडस्ट्री की एक हाई-प्रोफाइल ईवेंट के दौरान लॉन्च किया है, जो फोर्टिफाइड राइस, फोर्टिफाइड बासमती राइस और फोर्टिफाइड गेहूं के आटे की श्रृंखला पेश करने वाला एक नया उपभोक्ता ब्रांड है। इस समारोह का टाइटल था 'अनलॉकिंग मार्केट पोटेंशियल: एडवांसिंग फोर्टिफाइड राइस इन पंजाब।'

इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में पंजाब सरकार के मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद उपस्थित रहे। उन्होंने अपने भाषण में राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में खाद्य फोर्टिफिकेशन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की दिशा में यह दूरदर्शी कदम उठाने के लिए, मैं जिंदल राइस मिल्स की सराहना करता हूं। जिंदल राइस मिल्स के को-फाउंडर विशाल गुप्ता ने कहा कि राइस मिलिंग की हमारी विरासत को विज्ञान समर्थित फोर्टिफिकेशन के साथ मिलाकर, 'नॉरिफायम' ने गुणवत्ता, स्वाद और स्वास्थ्य को एक ही प्लेट में परोस दिया है। मिल्स के को-फाउंडर अंकित जिंदल ने कहा कि 'नॉरिफायम' के साथ, हम महज एक प्रोडक्ट लाइन ही लॉन्च नहीं कर रहे, बल्कि हम हर भारतीय रसोई में बेहतर पोषण लाने का एक मिशन शुरू कर रहे हैं।

## गाड़ी का टायर बदल रहे दो युवकों को कैंटर ने कुचला, मौत

अनंत ज्ञान, रोहतक। गांव खरकड़ा के पास बाईपास पर गाड़ी का टायर बदल रहे दो युवकों को कैंटर चालक ने कुचल दिया। जिससे दोनों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और इस बारे में पता किया। पुलिस के अनुसार गांव मकडौली कलां निवासी ऋषिपाल ने बताया कि वह पिकअप गाड़ी को किराए पर चलाता है।

शनिवार सुबह उसका बेटा नवीन व भतीजा दीपांशु पिकअप गाड़ी लेकर दिल्ली के लिए चले थे और जब वह गांव खरकडा के नजदीक बाईपास पर पहुंचे तभी पिकअप गाड़ी के टायर में पेंचर हो गया।

नवीन व दिपांशु गाड़ी को सड़क के किनारे खड़ी कर टायर बदल रहे थे, तभी मदीना की तरफ से एक कैंटर चालक तेज रफ्तार से चलाते हुए आया और नवीन व दिंपाशु को कुचल दिया।

घटना के बाद काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। घायलों को उपचार के लिए पीजीआई ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने नवीन व दिपांशु को मृत घोषित कर दिया।

# मनीष तिवारी और एचएस लक्की ने दी ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी और चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की ने चंडीगढ़ के नागरिकों को हार्दिक और आत्मीय शुभकामनाएं दीं। एकता, शांति और भाईचारे की भावना के साथ, दोनों नेताओं ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों सेक्टर 30, 41 और 45 में आयोजित सामुदायिक कार्यक्रमों में भाग लिया और वहां उपस्थित लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मनीष तिवारी ने कहा, ईद ऐसा त्योहार है जो करुणा, बलिदान और एकता के मूल्यों को सुदृढ़ करता है। यह हमें कमजोर और जरूरतमंद लोगों की देखभाल करने और आपसी सौहार्द्र के साथ जीवन व्यतीत करने की प्रेरणा देता है। मैं सभी को इस पावन अवसर की ढेरों शुभकामनाएं देता हूं।

एचएस लक्की ने समुदाय के लोगों से मिलते हुए कहा, चंडीगढ़ अपनी विविधता और सांप्रदायिक सौहार्द्र के लिए जाना जाता है। ईद जैसे पर्व हमारे समाज की धर्मनिरपेक्ष भावना को मजबूत करते हैं। मेरी कामना है कि यह ईद सभी के जीवन में खुशहाली, शांति और समृद्धि लेकर आए।

## देश-विदेश

### मेक्सिको में विमान हादसे में तीन की मौत

**एजेंसी, मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में एक विमान हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में ग्वाटेमाला के दो पायलट और एक मेक्सिकन कृषि विज्ञानी इंजीनियर की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब ये लोग मवेशियों में स्क्रूवर्म के प्रसार को रोकने के लिए मक्खियों को मुक्त कर रहे थे। मेक्सिको के कृषि मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ग्वाटेमाला का विमान दक्षिणी मैक्सिको में तापचुला के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन इसका कारण नहीं बताया। मेक्सिको ने पिछले महीने अमेरिकी सरकार के दबाव में कीट के प्रसार को नियंत्रित करने के प्रयासों को आगे बढ़ाया था, जिसने स्क्रूवर्म के डर से मैक्सिको से मवेशियों के आयात को निलंबित कर दिया था। (अनंत ज्ञान)

### ओवैसी की डीपफेक वीडियो बनाकर ठगी

**एजेंसी, हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम)



अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी का डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया गया है। इस वीडियो के माध्यम से लोगों से ऑनलाइन निवेश योजना में निवेश कराने के नाम पर ठगी की जा रही थी। वीडियो सामने आने के बाद एआईएमआईएम प्रमुख औवैसी ने हैदराबाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। हैदराबाद पुलिस ने शनिवार को बताया कि ओवैसी का डीपफेक वीडियो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) द्वारा तैयार किया गया है। वीडियो में ओवैसी की छवि और नाम के साथ-साथ अन्य प्रसिद्ध हस्तियों का भी इस्तेमाल किया गया है, ताकि लोगों को विश्वास दिलाया जा सके कि वह एक निवेश घोटाले को बढ़ावा दे रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका में दर्जनों अवैध अप्रवासी गिरफ्तार

**एजेंसी, लॉस एंजेलिस।** अमेरिका में संघीय अप्रवासन प्राधिकरण ने शुक्रवार को लॉस एंजेलिस में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया और अवैध अप्रवास के आरोप में 44 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ और पुलिसकर्मियों और सामाजिक संगठनों के लोगों के बीच भिड़ंत हो गई। पुलिसकर्मियों को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। होमलैंड सिक्योरिटी की प्रवक्ता ने बताया कि अप्रवासन और कस्टम विभाग और पुलिसकर्मियों ने संयुक्त अभियान चलाकर तीन स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। (अनंत ज्ञान)

### शिंदे का प्लेन उड़ाने से पायलट ने किया इनकार

**एजेंसी, जलगांव।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे शुक्रवार को जलगांव के मुक्ताईनगर में संत मुक्ताई की पालकी यात्रा में शामिल होने गए थे। यहां से लौटते वक्त जलगांव एयरपोर्ट पर पायलट ने उनका चार्टर्ड प्लेन उड़ाने से इनकार कर दिया। पायलट ने कहा कि उसकी ड्यूटी के घंटे खत्म हो चुके हैं। ऐसे में वह उड़ान नहीं भर सकता है। शिंदे के साथ गए मंत्री गिरीश महाजन और गुलाबराव पाटिल ने एयरलाइन कंपनी से बात की और पायलट को स्थिति समझाई। करीब एक घंटे बाद एयरलाइन कंपनी के समझाने पर पायलट उड़ान भरने के लिए तैयार हुआ। (अनंत ज्ञान)

# निराधार आरोप कानून के शासन का अपमान

## महाराष्ट्र चुनाव को लेकर राहुल के दावों पर निर्वाचन आयोग का जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

महाराष्ट्र चुनाव को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरोपों के बाद चुनाव आयोग ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। निर्वाचन आयोग ने राहुल के दावों को निराधार करार दिया और इसे कानून के शासन का अपमान बताया। उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और मतदाता सूची को लेकर लगाए गए निराधार आरोप कानून के शासन का अपमान हैं।

चुनाव आयोग ने 24 दिसंबर 2024 को ही कांग्रेस को भेजे अपने जवाब में ये सभी तथ्य सामने रखे थे, जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऐसा लगता है कि बार-बार ऐसे मुद्दे उठाते हुए इन सभी तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है।'

### राहुल ने बीजेपी पर महाराष्ट्र में चोरी से चुनाव जीतने का लगाया है आरोप

**दरअसल,** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नवंबर 2024 में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा पर सीधा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में मैच फिक्सिंग की गई थी, जिसमें पहले से भाजपा की जीत तय करने की पूरी कोशिश की गई। राहुल गांधी ने शनिवार को अखबार ञमें लिखे एक लेख में कहा, 'भाजपा और उसके सहयोगियों ने चुनाव जीतने के लिए 5 स्टेप की प्लानिंग की थी।' उन्होंने ये भी कहा कि महाराष्ट्र की तरह की मैच फिक्सिंग अगली बार बिहार में होगी, फिर किसी भी राज्य में जहां भाजपा हारती दिख रही हो।'

चुनाव आयोग ने कहा कि किसी की ओर से फैलाई जा रही कोई भी गलत सूचना न केवल कानून के प्रति अनादर का संकेत है, बल्कि अपने ही राजनीतिक दल की ओर से नियुक्त हजारों प्रतिनिधियों की छवि भी धूमिल करती है। यह लाखों चुनाव कर्मचारियों का मनोबल गिराती है, जो चुनाव के दौरान अथक और पारदर्शी तरीके से काम करते हैं।

मतदाताओं की ओर से किसी भी प्रतिकूल फैसले के बाद यह कहकर चुनाव आयोग को बदनाम करने की कोशिश करना पूरी तरह से बेतुका है। (अनंत ज्ञान)

### कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव कोषाध्यक्ष का इस्तीफा

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ई एस जयराम ने इस्तीफा दे दिया है। दोनों ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान मची भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी ली है। शंकर और जयराम ने संयुक्त बयान में कहा,'पिछले दो दिनों में हुई अप्रत्याशित और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की वजह से हम यह बताना चाहते हैं कि हमने कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, हमारी भूमिका बहुत सीमित थी।' 3 दिन पहले 4 जून को बेंगलुरु में ,ष्टक्क के विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।

# बिलावल से बोले अमेरिकी सांसद जैश-ए-मोहम्मद को करो खत्म

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



ब्रैड शेरमन ने बिलावल भुट्टो से आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद को पूरी तरह से खत्म करने को कहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार को हर संभव प्रयास चाहिए।

इसके साथ ही शेरमन ने पाकिस्तान से ओसामा बिन लादेन का पता लगाने में अमेरिका की मदद करने वाले डॉ. शकील आफरीदी को रिहा करने को कहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की कॉपी करते हुए पाकिस्तान ने भी 5 देशों में अपना डेलिगेशन भेजा है। इसमें एक डेलिगेशन का नेतृत्व बिलावल भुट्टो कर रहे हैं। शेरमैन ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद को 'घिनौना' बताते हुए कहा कि ये

### डॉ. शकील आफरीदी को भी रिहा करने को कहा

आतंकी संगठन 2002 में हुए वॉल स्ट्रीट जर्नल के पत्रकार डैनियल पर्ल की हत्या समेत कई अपराधों के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, ' मैंने पाकिस्तानी डेलीगेशन को आतंकवाद से लड़ने के महत्व पर जोर दिया। खास तौर पर जैश-ए-मोहम्मद समूह से जिसने 2002 में मेरे निर्वाचन क्षेत्र के निवासी डेनियल पर्ल की हत्या की थी।' (अनंत ज्ञान)

## भारत और श्रीलंका में समुद्री सुरक्षा पर जोर

**एजेंसी, कोलंबो।** भारत और श्रीलंका ने अपने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श के दौरान खासतौर से समुद्री सुरक्षा पर चर्चा की। श्रीलंका के रक्षा मंत्रालय ने कहा, कोलंबो में भारत-श्रीलंका रक्षा संवाद में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग मजबूत करने, समुद्री सुरक्षा बढ़ाने तथा प्रशिक्षण-रणनीतिक भागीदारी में सहयोग के नए रास्ते तलाशने पर विचार किया गया। (अनंत ज्ञान)

# टेस्ला ने एक दिन में गंवाए 13 लाख करोड़

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**




मार्केट कैप में 13 लाख करोड़ रुपए गंवाकर एलन मस्क की कंपनी टेस्ला अमेरिकी बाजार में एक दिन में सबसे ज्यादा नुकसान वाली टॉप पांच कंपनियों में शामिल हो गई है। कंपनी ने 2025 में अपने बाजार मूल्य का करीब 29 फीसदी से अधिक गंवा दिया है। भारतीय रुपए में इसकी गणना करें, तो यह राशि करीब 32 लाख करोड़ रुपए के आसपास होगी। राष्ट्रपति ट्रंप और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के बीच बढ़ते विवाद के बाद गुरुवार को टेस्ला के मार्केट कैप में करीब 152.4 बिलियन डॉलर (12,92,000 करोड़ रुपए) की गिरावट आई।

डॉव जोन्स के मार्केट डेटा के अनुसार रिकॉर्ड पर यह एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। टेस्ला ने पिछले पांच सत्रों में बाजार मूल्य में लगभग 237.2 अरब डॉलर गंवा दिए हैं। 2 जनवरी के बाद से कंपनी के शेयरों में यह पांच दिनों की सबसे खराब गिरावट है। (अनंत ज्ञान)

## मस्क ने ट्रंप के खिलाफ यौन शोषण वाली पोस्ट डिलीट की

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण में शामिल होने वाली पोस्ट सोशल मीडिया से हटा दी है। इससे पहले मस्क ने दावा किया था कि ट्रंप का नाम एप्स्टीन फाइलों में है। एप्स्टीन केस एक हाई-प्रोफाइल क्रिमिनल मामला है, जिसमें अमेरिकी अरबपति जेफरी एप्स्टीन पर नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और तस्करी के आरोप लगे थे। इस केस में दुनियाभर के कई हाईप्रोफाइल लोगों के नाम सामने आए थे। (अनंत ज्ञान)

# 24 घंटे में कोरोना के 391 नए मामले

## 5755 एक्टिव केस, केरल और गुजरात में सबसे ज्यादा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



देश में कोरोना वायरस के मामले लगातार तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले 21 दिन में एक्टिव केसों की संख्या में 62 गुना की बढ़ोतरी हुई है। 16 मई को देशभर में कोविड के 93 एक्टिव केस थे, जिनकी संख्या अब 5755 पहुंच गई है। केंद्र सरकार के मुताबिक बीते 24 घंटे में 391 नए मामले सामने आए हैं। इनमें से 229 केस केरल और गुजरात में हैं। वहीं, मौत का आंकड़ा बढ़कर 59 पहुंच गया है। गत दिवस 6 जून को 4 और मरीजों की जान चली गई।

### मौत का आंकड़ा बढ़कर 59 पहुंचा

कोरोना के नए वैरिएंट्स से जनवरी से 6 जून तक 59 मौतें हो चुकी हैं। इनमें 53 मौतें पिछले 16 दिन में हुई हैं। दिल्ली में 5 जून को पांच महीने के एक बच्चे की कोरोना से मौत हो गई। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 18 मरीजों ने जान गंवाई है। इस तरह जनवरी से 6 जून तक देश में कोरोना के कुल 11,298 मामले आए हैं। इनमें से 48.54 प्रतिशत मरीज रिकवर हो चुके हैं, बाकी का इलाज जारी है। सिर्फ 0.52 प्रतिशत मामलों में मरीज की मौत हुई।

ओडिशा में गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल कोविड गाइडलाइन के तहत खोले गए हैं। शिक्षा मंत्री नित्यानंद गोंड ने बताया कि जिन बच्चों को सर्दी, खांसी या बुखार जैसे हल्के लक्षण हैं, उन्हें स्कूल में मास्क पहनना अनिवार्य है। गंभीर लक्षण वाले बच्चों को घर पर आइसोलेट होने की सलाह दी गई है। (अनंत ज्ञान)

## मुकेश अंबानी ने आईसीटी को दान किए 151 करोड़

**एजेंसी, मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी मुंबई को 151 करोड़ रुपए का अनुदान दिया है। यहीं से उन्होंने 1970 के दशक में स्नातक की पढ़ाई की थी। आईसीटी के वरिष्ठ और सम्मानित प्रोफेसर एमएम शर्मा की जीवनी 'डिवाइन साइंटिस्ट' के विमोचन समारोह में मुकेश अंबानी ने कहा कि प्रो. शर्मा और जेबी जोशी मेरे प्रोफेसर थे। अन्य संस्कृतियों में गुरु केवल शिक्षक होता है, लेकिन भारतीय संस्कृति में 'गुरु ही ब्रह्मा हैं, गुरु ही विष्णु हैं, गुरु ही महेश्वर हैं।' मुकेश ने कहा, '70 के दशक के मध्य में जब मैं एक छात्र के रूप में यहां आया था, तब यह इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी नहीं था, यह यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी था। (अनंत ज्ञान)



## आलोचना | भारत को आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस का मिला समर्थन

# ब्रिक्स देशों ने की पहलगाम हमले की निंदा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ब्रासीलिया में 4-5 जून को आयोजित 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारत सहित 10 देशों के सांसदों ने हिस्सा लिया। भारत का नेतृत्व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया, जिनके साथ एक उच्चस्तरीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल था।

सम्मेलन में भारत, ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, मिस्र और इंडोनेशिया के सांसद शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान कई दौर की गहन चर्चा और विचार-विमर्श के बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था, अंतर-संसदीय सहयोग, वैश्विक शांति और सुरक्षा जैसे प्रमुख विषयों पर व्यापक सहमति बनी। सम्मेलन में भारत में हाल के आतंकी हमले की सभी देशों ने कड़े शब्दों में निंदा की और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर सहमति जताई। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ मजबूत रुख अपनाते हुए आतंकी संगठनों की वित्तीय मदद रोकने, खुफिया जानकारी साझा करने पर जोर दिया।

अगला 12वां ब्रिक्स संसदीय मंच भारत में आयोजित होगा, और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भारत अब ब्रिक्स संसदों के बीच सहयोग को मजबूत करने और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएगा। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### जोकोविच को यकीन नहीं कि वह फ्रेंच ओपन में फिर खेल पाएंगे या नहीं



**एजेंसी, पेरिस।** रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले नोवाक जोकोविच सेमीफाइनल में शीर्ष रैंकिंग वाले यानिक सिनर से हारने के बाद इस बात को लेकर अनिश्चित हैं कि वह दोबारा फ्रेंच ओपन में खेल पाएंगे या नहीं। जोकोविच ने सिनर से सीधे सेटों में हारने के बाद अपना बैग नीचे रखा और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। जोकोविच अगले साल फ्रेंच ओपन तक 39 वर्ष के हो जाएंगे। इस स्टार खिलाड़ी ने कहा, ''मेरा मतलब है कि यह मेरा यहां खेला गया आखिरी मैच हो सकता था, इसलिए मुझे नहीं पता। इसलिए मैं आखिर में थोड़ा अधिक भावुक था। अगर यह फ्रेंच ओपन में मेरे करियर का आखिरी मैच था तो दर्शकों ने जिस तरह से मेरा समर्थन किया उसे देखते हुए यह अद्भुत था।'' जोकोविच ने मैच हारने के बाद अपना हाथ चूमा, फिर उसे मिट्टी पर रख दिया, मानो फ्रेंच ओपन को अलविदा कह रहे हों, जहां वह तीन बार चैंपियन रहे थे। उन्होंने अपना बैग ऊपर खींचा, स्टैंड की तरफ देखा और फिर बाहर चले गए। उन्होंने कहा, ''क्या मैं आगे खेलना चाहता हूं, हां, मैं चाहता हूं। लेकिन क्या मैं 12 महीने बाद यहां खेल पाऊंगा, मुझे नहीं पता। मैंने कहा था कि यह यहां मेरा आखिरी मैच हो सकता है। मैंने ऐसा नहीं कहा था कि यह मेरा यहां आखिरी मैच होगा।'' (अनंत ज्ञान)

### कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव-कोषाध्यक्ष का इस्तीफा

**एजेंसी, बेंगलुरु।** ए शंकर और ईएस जयराम ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के सचिव और कोषाध्यक्ष के अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। इन दोनों ने आईपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विजय समारोह के दौरान मची भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी ली है, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी। शंकर और जयराम ने एक संयुक्त बयान में कहा कि उन्होंने गुरुवार रात केएससीए अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। बयान में कहा गया है, ''पिछले दो दिनों में घटित अप्रत्याशित और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के कारण हम यह बताना चाहते हैं कि हमने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। भले ही इसमें हमारी भूमिका बहुत सीमित थी।'' केएससीए अध्यक्ष रघुराम भट, सचिव शंकर और कोषाध्यक्ष जयराम ने कर्नाटक उच्च न्यायालय में कहा था कि गेट प्रबंधन और भीड़ प्रबंधन एसोसिएशन की जिम्मेदारी नहीं है और उन्होंने विधान सौध में समारोह आयोजित करने की अनुमति मांगी थी। विधान सौध में सम्मान समारोह बिना किसी बड़ी गड़बड़ी के संपन्न हो गया, लेकिन एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी। (अनंत ज्ञान)

### अफशा नोरीन का ग्लैमरस अंदाज

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान की अनुभवी महिला हॉकी प्लेयर अफशा नोरीन काफी खूबसूरत और ग्लैमरस है। अफशा ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में लीग खेलने वाली पहली पाकिस्तानी महिला हॉकी खिलाड़ी हैं।



# पहला टी20 : इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 21 रन से हराया

## जोश बटलर ने 59 गेंद में बनाए 96 रन, डॉसन ने लिए 4 विकेट

**एजेंसी, चेस्टर ली स्ट्रीट (इंग्लैंड)**

पूर्व कप्तान जोस बटलर केवल चार रन से शतक से चूक गए लेकिन उनकी धमाकेदार पारी और लंबे समय बाद वापसी करने वाले बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन की शानदार गेंदबाजी की मदद से इंग्लैंड ने टी20 सीरीज के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 21 रन से हराया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 188 रन बनाए। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम नौ विकेट पर 167 रन ही बना सकी।


आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले बटलर ने अपनी अच्छी फॉर्म बरकरार रखी तथा 59 गेंद पर 96 रन बनाए, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने 38 और जैकब बैथेल ने नाबाद 23 रन का योगदान दिया।

इसके बाद डॉसन का जादू चला जिन्हें इंग्लैंड ने 35 साल की उम्र में लगभग तीन साल बाहर रहने के बाद टीम में शामिल किया था। उन्होंने 2016 से 2022 तक 11 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में छह विकेट लिए थे, लेकिन इस मैच में चार ओवर में 20 रन देकर चार विकेट लिए और अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।



विकेट लेने के बाद खुशी जाहिर करते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

डॉसन ने शीर्ष छह बल्लेबाजों में से चार जॉनसन चार्ल्स, शेरफेन रदरफोर्ड, रोस्टन चेस और रोवमैन पॉवेल को आउट किया। वेस्टइंडीज की तरफ से सलामी बल्लेबाज इविन लुइस ने सर्वाधिक 39 रन बनाए। इंग्लैंड ने इस तरह से वेस्टइंडीज पर अपना दबदबा बनाए रखा। इससे पहले उसने तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। तीन टी20 मैचों की सीरीज का दूसरा मैच रविवार को ब्रिस्टल में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)


शॉट खेलता जोश बटलर।

## पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए ब्रिटेन पहुंची भारतीय टीम

**एजेंसी, लंदन**



भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ इस महीने के आखिर में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ब्रिटेन पहुंच गई है। यह सीरीज 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है। भारतीय टीम शुक्रवार की रात को मुंबई से ब्रिटेन के लिए रवाना हुई थी।

नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे, जो रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के हाल ही में संन्यास लेने के बाद एक नए युग की शुरुआत होगी। कई भारतीय खिलाड़ी भारत-ए टीम के हिस्से के रूप में पहले ही इंग्लैंड पहुंच चुके हैं।

भारत-ए अभी इंग्लैंड लायंस के खिलाफ तीन मैचों की अनधिकृत टेस्ट सीरीज में भाग ले रही है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किए गए साई सुदर्शन ने कहा, ''भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा बनकर अच्छा लग रहा है विशेषकर टेस्ट सीरीज के लिए। ब्रिटेन में आपका स्वागत है।'' पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। इसके बाद बर्मिंघम (2-6 जुलाई), लॉर्ड्स (10-14 जुलाई), मैनचेस्टर (23-27 जुलाई) और ओवल (4-8 अगस्त) में मैच खेले जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## डब्ल्यूटीसी फाइनल विदेशी सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया के लिए नई चुनौती : लियोन

**एजेंसी, लंदन**



ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि सभी प्रारूपों में आईसीसी ट्रॉफी जीतने का अनुभव होने के बावजूद उनकी टीम के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ना एक अलग चुनौती होगी, क्योंकि यह मुकाबला ड्यूक गेंद के साथ विदेशी परिस्थितियों में खेला जायेगा।

ऑस्ट्रेलिया 11 जून से लॉर्ड्स में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में गत विजेता के रूप में उतरेगा। उनकी टीम में पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल के अलावा 2015 वनडे विश्व कप, 2021 टी20 विश्व कप और 2023 वनडे विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ी भी शामिल हैं। आईसीसी ने लियोन के हवाले से कहा, ''हमारी टीम में तीन (50 ओवर) विश्व कप और टी20 विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ियों के साथ दो साल पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतने वाले खिलाड़ियों का अनुभव है। यह अनुभव और बड़े मैचों के दबाव झेलने की क्षमता हमारे पक्ष में है, लेकिन जब आप मैदान में उतर जाते है तो अतीत के परिणाम का कोई मतलब नहीं रह जाता है।''

इस अनुभवी ऑफ स्पिनर ने कहा, ''दक्षिण अफ्रीका के पास कुछ विश्व स्तरीय बल्लेबाज हैं और जाहिर है कि उनके पास कुछ अविश्वसनीय गेंदबाज भी हैं। ऐसे में यह एक अच्छी चुनौती होगी।'' इंग्लैंड की परिस्थितियों गेंदबाजों को अच्छी स्विंग मिलती है। ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजों को अधिक उछाल मिलता है। ऑस्ट्रेलिया घरेलू मैचों के लिए कूकाबुरा गेंदों का उपयोग करता है। यह गेंद थोड़ी पुरानी होने के बाद स्पिनरों के लिए मददगार होती है।

लियोन ने कहा, ''यह मुकाबला ड्यूक गेंद से विदेशी परिस्थितियों में होगा। दुनिया के दो सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण एक दूसरे के सामने होंगे। यह इस मुकाबले को और रोचक बनाएगा। ऐसे में यह बल्लेबाजों को कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।'' (अनंत ज्ञान)

## केएलएम ओपन में कट से चूके शुभंकर




**एजेंसी, एम्सटर्डम**

भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा यहां केएलएम ओपन के दूसरे दिन एक ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने में असफल रहे। शर्मा ने पहले राउंड में 78 का स्कोर बनाया था। अंधेरा होने के कारण दूसरे दिन का खेल पूरा नहीं हो पाया था। हालांकि, अनुमानित कट चार ओवर पर निर्धारित है, लेकिन शर्मा का स्कोर आठ ओवर पर है और उनका कट से चूकना निश्चित है। उन्होंने अपने दूसरे राउंड में दो बर्डी बनाई और एक बोगी की।

**वीर अहलावत हुए रिटायर**

इस बीच वीर अहलावत पहले दिन के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद रिटायर हो गए। उन्होंने पहले दौर में 78 का कार्ड खेला था। (अनंत ज्ञान)

### तलवार स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में 25वें स्थान पर

**एजेंसी, ल्यूसर्न (स्विट्जरलैंड)।** भारत के सप्तक तलवार ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार दूसरे राउंड में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया और वह यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 25वें स्थान पर हैं। तलवार ने अपने राउंड की शुरुआत फ्रंट नाइन से की, लेकिन उनकी दोनों बर्डी बैक नाइन में आईं। उन्होंने 14वें और 17वें होल में बर्डी बनाई। पहले दो राउंड के बाद उनका कुल स्कोर चार अंडर पार है। स्पेन के सैंटियागो टारियो (65-68), इंग्लैंड के क्रिस पैस्ले (70-63), स्वीडन के टोबियास जोनसन (65-68) और अमेरिका के मैट ओशरीन (65-68) दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद नौ अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त बढ़त पर थे। (अनंत ज्ञान)



### दीक्षा स्पेन में संयुक्त तीसरे स्थान पर

**एजेंसी, टेनेरिफ (स्पेन)।** भारत की दीक्षा डागर ने पहले दौर की तरह दूसरे दौर में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए तीन अंडर 69 का कार्ड खेला और वह लेडीज यूरोपीय टूर के टेनेरिफ महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने 70 और 69 का स्कोर बनाया है और दो राउंड के बाद पांच अंडर पर हैं। वह दो दिन के बाद एकल बढ़त हासिल करने वाली लॉरेन वॉल्श (67-68) से चार शॉट पीछे हैं। अवनि प्रशांत ने दूसरे दिन तीन ओवर पार 75 का स्कोर बनाया और 43वें स्थान पर खिसक गईं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में त्वेसा मलिक (73-75), हिताशी बख्शी (72-76) और स्नेहा सिंह (77-79) कट में जगह बनाने में असफल रहीं। कट तीन ओवर पार पर निर्धारित किया गया था। (अनंत ज्ञान)



## विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने 7वीं बार जीता नॉर्वे शतरंज का खिताब

**एजेंसी, स्टावेंजर (नॉर्वे)**




विश्व चैंपियन डी गुकेश अंतिम दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना से हारने के कारण नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहे, जबकि पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने यहां रिकॉर्ड सातवां खिताब जीता। गुकेश ने 2018 के नॉर्वे शतरंज चैंपियन कारूआना के खिलाफ समय समाप्त होने के कारण एक बड़ी गलती की इसके बाद उन्हें एहसास हुआ कि मौका उनके हाथ से निकल गया है।

गत विजेता कार्लसन ने शुक्रवार को 10वें राउंड में भारत के अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ मुख्य बाजी ड्रॉ कराकर अपने अंकों की संख्या 16 पर पहुंचाई और इस तरह से खिताब अपने नाम पक्का किया। कारूआना 15.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। गुकेश 14.5 अंकों के साथ तीसरे जबकि एरिगैसी 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। एरिगैसी ने स्थानीय खिलाड़ी कार्लसन के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक जीता, लेकिन अंत में इसका कोई महत्व नहीं रहा।

**डी गुकेश तीसरे स्थान पर रहे**

महिला वर्ग मे दो बार की विश्व ब्लिट्ज चैंपियन, यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक ने अंतिम राउंड में भारत की आर वैशाली से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारने के बावजूद 16.5 अंकों के साथ खिताब जीता। भारतीय खिलाड़ियों में कोनेरू हम्पी 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही, जबकि वैशाली टूर्नामेंट में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सकी। उन्होंने 11 अंकों के साथ टूर्नामेंट का समापन किया। (अनंत ज्ञान)

## सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा बना चैंपियन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

### अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट में सैनिक स्कूल कपूरथला को हराया



सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा ने अखिल भारतीय सैनिक स्कूल हॉकी टूर्नामेंट-2025 (ग्रुप-ए) में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो ट्रॉफियां अपने नाम की हैं। ऐतिहासिक चौगान मैदान में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मेजबान स्कूल ने अंडर-17 और अंडर-15 लड़कों की श्रेणियों में क्रमश: सैनिक स्कूल कपूरथला को 1-0 और 5-4 से हराकर दोहरी जीत दर्ज की। इन दमदार जीतों के बलबूते सुजानपुर टिहरा को टूर्नामेंट का समग्र चैंपियन घोषित किया गया, जबकि सैनिक स्कूल कपूरथला को उपविजेता का स्थान मिला।

वहीं, अंडर-17 लड़कियों की श्रेणी में, सैनिक स्कूल कपूरथला की टीम ने सैनिक स्कूल कुंजपुरा को 1-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। अंडर-15 वर्ग में सुजानपुर टिहरा के कैडेट श्याम कुमार को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और कैडेट मोक्षित को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर घोषित किया गया। अंडर-17 लड़कों की श्रेणियों में कपूरथला के कैडेट कुनाल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और सुजानपुर टिहरा के कैडेट अंकुर ढडवाल को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का सम्मान प्राप्त हुआ।

अंडर-17 लड़कियों की श्रेणी में कपूरथला की कैडेट युविका को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और कुंजपुरा की कैडेट अनुष्का को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर घोषित किया गया। समापन समारोह के मुख्यातिथि विधायक कैप्टन राजिंद्र सिंह राणा ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफियां, पदक और प्रमाण-पत्र भेंट किए। उन्होंने सैनिक स्कूलों की अनुशासित शिक्षा प्रणाली और समग्र व्यक्तित्व निर्माण के योगदान को सराहते हुए कहा कि ये संस्थान देश के भविष्य के सशक्त रक्षक तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कैडेट्स को खेलों में उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ भाग लेने की प्रेरणा दी। सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा की प्राचार्या ग्रुप कैप्टन रचना जोशी ने टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी विद्यालयों का आभार व्यक्त किया और उनके खेल कौशल व उत्साहपूर्ण सहभागिता से इस आयोजन को रोमांचकारी एवं यादगार बनाने के लिए धन्यवाद दिया। (अनंत ज्ञान)

## यूरोप में खेलेगी भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम इस साल चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप की तैयारियों के सिलसिले में आठ से 17 जून तक बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ पांच मैच खेलेगी। भारतीय टीम ने हाल ही में अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया, जहां से वह सीधे बेल्जियम के लिए रवाना हो गई थी। भारत यूरोप के अपने दौरे की शुरुआत एंटवर्प के हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिज प्लीन में बेल्जियम के खिलाफ तीन मैचों के साथ करेगा। इसके बाद भारतीय टीम कोंटिच में बीयरशॉट टेनिस हॉकी पैडल क्लब में आस्ट्रेलिया से भिड़ेगी।

इस दौरे का समापन उट्रेच में हॉकी क्लब कम्पोंग में नीदरलैंड के खिलाफ मैच के साथ होगा। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''यह दौरा हमारे लिए बहुत अच्छा अवसर है। अर्जेंटीना में हमें बहुत कुछ सीखने को मिला और अब बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ मैच खेलने से हमें अपनी लय को बनाए रखने में मदद मिलेगी।'' उन्होंने कहा, ''यह दौरा इस साल के आखिर में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 की हमारी तैयारियों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है।'' (अनंत ज्ञान)

**फैसला** दिल्ली अखाड़ों के प्रशिक्षकों और पहलवानों की शिकायतों पर बड़ी कार्रवाई

## डब्ल्यूएफआई ने उम्र के मामले में धोखाधड़ी करने वाले 30 पहलवान किए निलंबित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने जूनियर स्तर पर अधिक उम्र के पहलवानों पर शिकंजा कसते हुए पिछले महीने 400 से अधिक ऐसे मामलों की जांच के बाद 30 पहलवानों को अस्थायी तौर पर निलंबित कर दिया है।

डब्ल्यूएफआई ने मुख्य रूप से दिल्ली के अखाड़ों के प्रशिक्षकों और पहलवानों की शिकायतों पर कार्रवाई की, जिसमें कहा गया था कि हरियाणा के कई पहलवानों ने फर्जी प्रमाण पत्र हासिल करके यह दिखाया है कि वे राष्ट्रीय राजधानी में पैदा हुए हैं और जूनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के पात्र हैं। इनमें दो पहलवान ऐसे हैं जिन्होंने हाल में बिहार में आयोजित खेलो इंडिया खेल में पदक जीते थे। डब्ल्यूएफआई के एक सीनियर अधिकारी ने बताया, ''हम पहलवानों का करियर खराब नहीं करना चाहते, इसलिए हमने उन्हें जूनियर स्तर की प्रतियोगिताओं जैसे अंडर-18 और कैडेट स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया है। अगर वे 18 वर्ष से अधिक उम्र के हैं तो उन्हें सीनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। उन्हें अपने मूल राज्य का प्रतिनिधित्व करना चाहिए।''



उन्होंने कहा, ''उन्हें डब्ल्यूएफआई से अपने कृत्य और धोखाधड़ी के लिए माफी मांगनी चाहिए। हम उनके मामलों पर विचार करेंगे। यह कुछ समय से चल रहा है। पिछले 30-40 दिनों में हमने एक-एक करके लगभग 30 ऐसे पहलवानों को निलंबित किया है।'' डब्ल्यूएफआई अधिकारी ने बताया कि इनमें से अधिकतर पहलवानों ने हरियाणा में अपने प्रशिक्षकों के बहकावे में आकर दिल्ली के नरेला और रोहिणी क्षेत्र से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए रिश्वत दी।

अधिकारी ने कहा, ''वे सभी दिल्ली का प्रतिनिधित्व करना चाहते थे, क्योंकि हरियाणा की टीम में चयन होना आसान नहीं है। हमने शिकायतें मिलने के बाद एमसीडी और दिल्ली छावनी बोर्ड से संपर्क किया तथा जांच और सत्यापन के बाद यह साबित हो गया कि उनके प्रमाण पत्र फर्जी थे।'' (अनंत ज्ञान)